



▸ वर्ष : 2 ▸ अंक : 179 ▸ मूल्य : 4 रू.

▸ RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

शनिवार, 20 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## आतंकियों की दिनदहाड़े फायरिंग में दो पुलिसवाले शहीद

### आतंकी संगठन TRF ने हमले की जिम्मेदारी ली



श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बारजुल्ला इलाके में आज आतंकियों ने पुलिसवालों पर दिनदहाड़े फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में पुलिस के दो जवान शहीद हो गए। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की शाखा TRF ने ली है। टेलिग्राम पर एक पोस्ट में टीआरएफ ने धमकी दी है कि आगे होने वाले हमले इससे भी बड़े और नए तरीके से होंगे।

एक न्यूज एजेंसी ने इस हमले का सीसीटीवी फुटेज जारी किया है। वीडियो में साफ-साफ देखा जा सकता है किस तरह आतंकी ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी और फिर भाग गया। घायल पुलिसकर्मी मोहम्मद यूसुफ और सुहैल अहमद को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

ये आतंकी हमला 24-सदस्यीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल द्वारा केंद्र शासित प्रदेश की दो दिवसीय यात्रा के समापन के एक दिन बाद हुआ। इससे पहले, दो अलग-अलग मुठभेड़ में, कश्मीर के शोपियां और बडगाम जिलों में तीन आतंकवादी मारे गए और एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया जबकि एक अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गया।


**मुठभेड़ में 3 आतंकवादी ढेर**

दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में आज एक मुठभेड़ में तीन अज्ञात आतंकवादी मारे गए, जबकि एक अन्य मुठभेड़ में बडगाम जिले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गए और एक अन्य घायल हो गया। आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच शोपियां के बडीगाम में गुरुवार रात मुठभेड़ शुरू हुई। आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने इस क्षेत्र की घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया।

जैसे ही सुरक्षाबल उस स्थान पर पहुंचे, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे, उन पर फायरिंग होने लगी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। फायरिंग अब बंद है। सुरक्षा बल इलाके की तलाशी ले रहे हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस ने कहा कि बडगाम जिले के बीरवाह में एक दूसरी मुठभेड़ में 'विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) मोहम्मद अल्ताफ शहीद हो गए और मंजूर अहमद घायल हो गए।'

## किसान नेता राकेश टिकैत ने दी 'हल क्रांति' की चेतावनी

### केंद्र सरकार पर लगाया किसानों के बीच फूट डालने का आरोप



**गाजियाबाद।** केंद्र सरकार के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन निरंतर चल रहा है। भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार पर किसानों के बीच में फूट डालने का आरोप लगाया। टिकैत ने कहा कि उनकी यूनियनें एकजुट रहेंगी। किसान नेता ने नए कृषि कानूनों पर गतिरोध बढ़ने पर दिल्ली में 'हल क्रांति' की चेतावनी भी दी। कृषि कानून निरस्त नहीं होने तक वापस घर नहीं जाने की बात दोहराते हुए टिकैत ने कहा कि किसानों को इसके लिये अपनी खड़ी फसल के बलिदान के लिये तैयार रहना चाहिए। टिकैत ने कहा कि सरकार को इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि कानूनों के खिलाफ आंदोलन खत्म हो जाएगा क्योंकि किसान अपनी फसल की कटाई के लिये घर चले जाएंगे। हिसार के खड़क पूनिया गांव में एक 'महापंचायत' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'आपको अपनी खड़ी फसल को आग ही क्यों न लगानी पड़े, आपको इसके लिये तैयार रहना चाहिए। सरकार को यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि किसान घर लौट जाएंगे। हम अपनी फसल की कटाई भी करेंगे और उसके साथ ही अपना प्रदर्शन भी जारी रखेंगे।' उन्होंने कहा, तब तक कोई 'घर वापसी' नहीं होगी।

टिकैत ने कहा कि हरियाणा के बाद वे पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात समेत देश के अन्य हिस्सों में भी पंचायत करेंगे। टिकैत ने कहा कि पहले जहां दिल्ली में 'ट्रैक्टर रैली' के लिये आह्वान किया गया था वहीं अगली बार वे अपने कृषि उपकरणों के साथ राष्ट्रीय राजधानी जाएंगे। दिल्ली बॉर्डर पर कंटीले तार लगवाने को लेकर टिकैत ने तंज कसते हुए कहा कि ये लोग रोटी तिजोरी में बंद कर देंगे। टिकैत ने कहा है कि किसानों का यह आंदोलन आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल तक फैलेगा। टिकैत ने कहा, 'क्या पश्चिम बंगाल कोई बाहरी राज्य है? तो फिर हम पश्चिम बंगाल क्यों नहीं जा सकते? वहां के किसानों को अपनी फसलों पर उचित कीमत नहीं मिल पा रही है।' उन्होंने कहा कि वह पश्चिम बंगाल जाने की योजना इसलिए नहीं बना रहे हैं कि वहां चुनाव होने वाले हैं, बल्कि किसानों के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए जा रहे हैं। टिकैत ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल में भी महापंचायत आयोजित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्कुलर इकोनॉमी हमारे ग्रह पर पड़ने वाले पारिस्थितिकीय प्रभावों को दूर करने का अहम कदम साबित होगा: पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमें अपने खपत के तरीकों और इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि हम इसके पारिस्थितिकी पर पड़ने वाले प्रभाव को किस तरह कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चक्रीय अर्थव्यवस्था यानी सर्कुलर इकोनॉकी, हमारे सामने मौजूद बहुत सी चुनौतियों का समाधान जुटाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। प्रधानमंत्री ने आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इंडिया-ऑस्ट्रेलिया सर्कुलर इकोनॉमी हैकथॉन को संबोधित किया।

### कोयला घोटाला मामले में सीबीआई की बंगाल के चार जिलों में तलाशी

नई दिल्ली। सीबीआई ने कोयला घोटाला मामले की जांच के सिलसिले में बंगाल के चार जिलों में 13 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने कहा कि पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम बर्धमान और कोलकाता में परिसरों की तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि कोलकाता और बांकुड़ा में अमिया स्टील प्रा लि के परिसर और गिरोह के संदिग्ध सरगना अनूप मांझी के कथित सहयोगी जयदीप मंडल के परिसर पर भी छापेमारी की गई। सीबीआई ने मांझी उर्फ लाला, ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (ईसीएल) के महाप्रबंधक अमित कुमार धर और जयेश चंद्र राय, ईसीएल के सुरक्षा प्रमुख तन्मय दास, कुनुस्तोरिया के क्षेत्र सुरक्षा निरीक्षक धनंजय राय एवं काजोर इलाके के सुरक्षा प्रभारी एवं एसएसआई देबाशीष मुखर्जी के खिलाफ पिछले वर्ष नवंबर में प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोप है कि काजोर एवं कुनुस्तोरिया इलाकों में ईसीएल की लीज पर ली गई खदानों से अवैध खनन तथा कोयले की चोरी में मांझी लिप्त है।

### पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम को लेकर राहुल गांधी का सरकार पर हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने फिर पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। राहुल ने ट्वीट कर कहा है कि मोदी सरकार सिर्फ ह्यजुमले का शोर मचाती है। वो जुमलों का शोर मचाते हैं, हम सच का आईना दिखाते हैं। राहुल ने कहा कि 'जून 2014 में मोदी सरकार सत्ता में पहली बार आई तब कच्चे तेल की कीमत ग्लोबल मार्केट में 93 डॉलर प्रति बैरल थी। तब देश में पेट्रोल की कीमत 71 रुपए और डीजल 57 रुपए के करीब था। लेकिन करीब 7 साल बाद कच्चे तेल का दाम 30 डॉलर कम होकर 63 रुपये प्रति बैरल पर हैं, फिर भी पेट्रोल सेंचुरी बना रहा है डीजल उसे ही चेज कर रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि 'साल 2021 में अब तक तेल की कीमतें 19 बार बढ़ी हैं। मतलब 45 दिन में 19 बार कीमतों में इजाफा इस दौरान पेट्रोल 5.28 रुपये प्रति लीटर महंगा हो चुका है। 15 फरवरी 2020 से 15 फरवरी 2021 के बीच पेट्रोल 17.05 रुपये प्रति लीटर और डीजल 14.58 रुपये प्रति लीटर महंगा हुआ है।

## बाबा रामदेव ने लॉन्च की कोरोना की आयुर्वेदिक दवा



**नई दिल्ली।** योग गुरु बाबा रामदेव ने कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए एक नई दवा लॉन्च की है। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक कार्यक्रम के दौरान रामदेव ने यह ऐलान किया। उनके इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन और केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद थे। बाबा रामदेव ने जानकारी दी कि पतंजलि के कोरोनिल टैबलेट से अब कोविड का इलाज होगा।

उन्होंने दावा किया कि आयुष मंत्रालय ने करोनिल टैबलेट को सहायक दवाई के तौर पर स्वीकार किया। प्रेस वार्ता के दौरान पतंजिल ने कोरोनिल से जुड़े रिसर्च बुक भी जारी की। उल्लेखनीय है कि इससे पहले करोनील टैबलेट को सिर्फ इम्यूनिटी बूस्टर कहा गया था। पतंजलि का दावा है कि 70 फीसदी मरीज तीन दिन में दवा के इस्तेमाल से ठीक हो गए। रामदेव ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है। एविडेंस मेडिसिन के तौर पर एविडेंस बेस्ड रिसर्च है। रामदेव ने कहा कि यह दवा डब्ल्यूएचओ-जीएमपी सर्टिफाइड है। योग गुरु ने कहा कि चिकित्सा की दुनिया में भारत पूरी दुनिया में लीड करेगा।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मुझे खुशी है कि आयुर्वेद में शोध करने के लिए बाबा रामदेव ने अनुसंधान संस्था बनाई है। आयुर्वेद पर पहले भी भरोसा था, लेकिन अब रिसर्च किया गया है। लैब से प्रमाणिकता मिल गई है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आधुनिक और वैज्ञानिक तरीके से आयुर्वेद को स्थापित करने में जितनी आहूति डाली जाएगी, उतना ही बेहतर होगा। स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा कि कोरोना काल में आयुष मंत्रालय ने 140 स्थानों पर अध्ययन किया है। मैंने सबके रिजल्ट्स देखें हैं और परिणाम संतोषजनक हैं।

लोगों को स्वस्थ्य रखने में आयुर्वेद का जो योगदान है, उसे किसी प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की इकॉनमी बढ़ना इस बात का संकेत है कि भारत और दुनिया के अन्य देशों ने इसे स्वीकार किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत में आयुर्वेद की 30,000 करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार कोविड से पहले15-20 फीसदी की वृद्धि होती थी। कोविड-19 के बाद, यह वृद्धि दर बढ़कर 50-90 फीसदी हो गई है। यह एक संकेत है कि लोगों ने इसे स्वीकार कर लिया है।

## परीक्षा पर चर्चा-2021 के चौथे संस्करण के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आज शुरू हुई: शिक्षामंत्री 'निशंक'



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये प्रधानमंत्री द्वारा स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ संवाद कार्यक्रम, परीक्षा पर चर्चा-2021 के चौथे संस्करण की शुरूआत की घोषणा की। परीक्षा पर चर्चा एक बहुप्रतीक्षित वार्षिक कार्यक्रम है, जहां प्रधानमंत्री अपनी विशिष्ट शैली के जरिये लाइव कार्यक्रम में छात्रों को परीक्षा के तनाव से निपटने और संबंधित क्षेत्रों से संबंधित सवालों के जवाब देते हैं।

मंत्री पोखरियाल ने बताया कि इस बार कार्यक्रम वर्चुअल आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कक्षा 9 से 12 तक के स्कूली छात्रों से परीक्षा के तनाव से निपटने से संबंधित प्रश्न माईगॉव प्लेटफॉर्म के माध्यम से आमंत्रित किए जाएंगे और चयनित प्रश्नों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशभर के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों का चयन एक ऑनलाइन रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से किया जाना है। इसके लिए विशेष रूप से माईगॉव पर प्लेटफॉर्म तैयार किया है।

प्रतियोगिता में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए अलग-अलग विषय निर्धारित किए गए हैं। आवेदक इस प्लेटफॉर्म पर अपना प्रश्न भी पूछ सकते हैं। चयनित प्रतिभागी अपने संबंधित राज्य और संघ राज्य क्षेत्र मुख्यालय से ऑनलाइन कार्यक्रम में भाग लेंगे और एक स्पेलशल पीपीसी किट (परीक्षा पर चर्चा किट) के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता के लिए पोर्टल 14 मार्च 2021 तक खुला रहेगा।

## दिल्ली में सभी परिवारों को करीब 2500 रुपये की बचत: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के एक सर्वे से पता चला है कि मुफ्त बिजली और पानी की आपूर्ति सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा रहे सभी परिवारों को हर महीने औसतन 2,464 रुपये तक की बचत हो रही है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि योजना विभाग द्वारा किए गए सर्वे से पता चला है कि एक घर में जीरो या सब्सिडी वाले बिजली बिल के कारण 715 रुपये की बचत हो रही है। वहीं, सरकारी अस्पतालों में इलाज पर 693 रुपये, मुफ्त सार्वजनिक शिक्षा पर 554 रुपये और एक महीने में पानी के बिल पर औसतन 255 रुपये की बचत हो रही है।

उन्होंने कहा कि राजधानी के घरों में महिला यात्रियों के लिए मुफ्त सार्वजनिक बसों की वजह से 247 रुपये की बचत हो रही है। सर्वे में दिल्ली सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत 3,450 परिवारों को सब्सिडी का लाभ दिया गया।

राजधानी के सभी 11 जिलों में से अनधिकृत कॉलोनियों, जेजे क्लस्टर, पुनर्वास कॉलोनियों, नियोजित कॉलोनियों और नियोजित आवास समितियों के लगभग 300 निवासी इस सर्वे में शामिल थे। यह सैंपल सर्वे पिछले साल मार्च में किया गया था और निष्कर्ष हाल ही में सार्वजनिक किए गए थे।



इंडोनेशिया में माउंट मारपेई ज्वालामुखी से उठता हुआ लावा।

## मोदी ने पड़ोसी देशों के डॉक्टरों के लिए स्पेशल वीजा स्कीम का प्रस्ताव किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पड़ोसी देशों से डॉक्टर और नर्सों के लिए आपात स्थिति में एक दूसरे के देश मे जाने के लिए स्पेशल वीजा स्कीम बनाने पर विचार करने को कहा है। कोरोना पर पड़ोसी देशों की वर्कशॉप का एजेंडा तय करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस स्कीम के तहत आपातकालीन स्थिति में वीजा की मदद से डॉक्टर-नर्स पड़ोसी देश में जाकर सेवा दे सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने सभी देशों के नागर विमानन मंत्रालयों से एयर एम्बुलेंस समझौते पर भी विचार करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने आपसी सहयोग को कोविड के खात्मे के साथ भावी सहयोग के लिए महत्वपूर्ण बताया है। पड़ोसी देशों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोविड-19 मैनेजमेंट की वर्कशॉप को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने अहम प्रस्ताव विचार के लिए सामने रखे। इस दौरान उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ कोविड-19 से लड़ने की तैयारी को लेकर चर्चा की। पीएम मोदी ने कोविड-19, कोरोना वैक्सीन और जनसंख्या आदि से जुड़े डेटा को लेकर एक रीजनल प्लेटफॉर्म बनाने की भी बात कही है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए सभी देश अपना डाटा जमा करेंगे और इसके प्रभाव को लेकर अध्ययन किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने भविष्य में इस तरह की किसी भी आपदा से निपटने के लिए तकनीक को बढ़ावा देने को कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी से निपटने में तकनीक का इस्तेमाल अहम है। उन्होंने भविष्य में कोविड जैसी महामारी को रोकने में तकनीकी सहयोग को बहुत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत और जन आरोग्य योजना जैसी सफल स्वास्थ्य नीति और योजना को भी इस रीजनल प्लेटफॉर्म के जरिए साझा किया जा सकेगा। पीएम ने कहा कि भारत में अन्य देशों की तुलना में कोरोना से मृत्यु दर सबसे कम है। इस वर्कशॉप में भारत के 10 पड़ोसी देशों के अधिकारी मौजूद थे। कार्यशाला में भारत के साथ-साथ बंग्लादेश, भूटान, अफगानिस्तान, नेपाल, पाकिस्तान, मालदीव, मॉरिशस, सेशेल्स और श्रीलंका शामिल थे। बैठक में स्वास्थ्य सचिव स्तर के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री द्वारा तय रूपरेखा पर भावी रणनीति और सहयोग पर मंथन किया।

## शाह के दौरे से फिर बढ़ी ममता की चिंता

### टीएमसी के दो सांसद-तीन विधायक कह सकते हैं टीएमसी को अलविदा



**कोलकाता।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करने की कोशिश में लगी है। इस दौरान राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के बड़े नेताओं के इस्तीफे के बाद दो सांसदों और तीन विधायकों ने बनर्जी की चिंता बढ़ा दी है। दक्षिण 24 परगना के ये नेता पैलन में हुई सीएम ममता बैनर्जी की बैठक से गायब रहे। कयास लगाए जा रहे हैं कि ये सांसद-विधायक भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं।

सांसद मिमी चक्रवर्ती और प्रतिमा मंडल समेत विधायक जीवन मुखर्जी, देवश्री रॉय और मंटूराम पखीरा पार्टी बैठक से गायब रहे। खास बात यह है कि बीते गुरुवार को गृहमंत्री अमित शाह और सीएम ममता बैनर्जी ने एक साथ रैलियां की थीं। भाजपा ने राज्य में चुनाव से महीनों पहले ही अपनी सक्रियता बढ़ानी शुरू कर दी है। शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा लगातार राज्य का दौरा कर रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने टीएमसी नेताओं के भाजपा में शामिल होने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की बात कही है। उन्होंने कहा हम भाजपा को तृणमूल की बी-टीम में नहीं बदलना चाहते। हम उन तृणमूल नेताओं को भाजपा में नहीं चाहते, जिनकी छवि खराब है या गैर-कानूनी गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। इसलिए हम बड़े स्तर पर पार्टी में सदस्यता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अब पार्टी में नेता जांच के बाद ही शामिल किए जाएंगे।

हाल ही में, डायमंड हार्बर विधायक दीपक हलदर, पूर्व मंत्री शुभेंदु अधिकारी और राजीव बनर्जी, अभिनेता यश दासगुप्ता, हीरन चटर्जी के अलावा करीब आधा दर्जन अभिनेता भाजपा में शामिल हो गए हैं। दो बार के टीएमसी विधायक चिरनजीत चक्रवर्ती ने भी सीएम बैनर्जी को पत्र के जरिए पार्टी छोड़ने की धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि अगर पार्टी उन्हें चुनाव में नहीं उतारेगी, तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

## सिंघु बॉर्डर पर धरना दे रहे बुजुर्ग किसान की मौत, अस्पताल में चूहों ने कुतरा शव

**सोनीपत।** दिल्ली की सीमा पर किसान पिछले 85 दिन से डटे हुए हैं और लगातार तीन कृषि कानूनों को रद्द करने और एमएसपी का कानून को बनाने की मांग कर रहे हैं। सोनीपत के सिंघु बॉर्डर पर अब तक 19 किसान दम तोड़ चुके हैं। बीती देर रात बेयापुर निवासी राजेंद्र की मौत हो गई। इस दौरान सोनीपत के सिविल अस्पताल की लापरवाही भी उजागर हुई। शवगृह के फ्रीजर में रखे शव को रात में चूहों ने कुतर डाला। राजेंद्र के शव को जब देर रात सोनीपत कुंडली थाना पुलिस शव गृह में रखवा कर गई थी। सुबह जब राजेंद्र के परिजन अस्पताल के शवगृह पहुंचे तो उनका शव को देखकर भौचक्के रह गए। राजेंद्र के शव को रात में चूहों ने कुतर डाला था। सोनीपत सिविल अस्पताल के प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर जय भगवान ने कहा कि यह गंभीर मामला है। हम इस मामले की जांच करेंगे कि आखिर फ्रीजर में चूहे कैसे पहुंचे। उन्होंने कहा कि फोर्थ क्लास कर्मचारियों ने जब शव को फ्रीजर में रखा तो चूहे फ्रीजर के अंदर कैसे पहुंच गए। इस मामले में हम कार्रवाई कर रहे हैं, जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बौद्ध धर्म, बॉलीवुड और बिजनेस तीनों देशों के संबंधों को मजबूत करेंगे: पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय रेल और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने भारत-सिंगापुर सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए मुख्य भाषण दिया। इस मौके पर उन्होंने भारत और सिंगापुर की साझेदारी को पहले से ज्यादा मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारी आपस में मजबूत और बेहतर परिणाम देने वाली साझेदारी है, जिसे नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा यह साझेदारी हमें आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगी और इसके जरिए हम वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान को मजबूत कर सकेंगे। गोयल ने कारोबारियों से आह्वान किया है कि वे उन तरीकों पर ज्यादाध्यान दें कि जिससे दोनों देशों के युवा ज्यादा से ज्यादा नई तकनीकका इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित हो और आपसी सहयोग भी बढ़ाए। उन्होंने कहा कि भारत और सिंगापुर साइबर सुरक्षा, आपदा राहत, शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। यह ऐसे प्रमुख स्तंभ हैं जहां हम साथमिलकर काम कर सिंगापुर के अनुभव से काफी कुछ सीख सकते हैं। भारत ई-कॉमर्स, फिनटेक, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, स्वास्थ्य सेवाओंके क्षेत्र में एक बड़ा बाजार है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में दोनों देशों का एक साथ काम करना वास्तव में भारत के लोगों को सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने में मदद करेगा।

गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा कहते हैं 'सिंगापुर हमारे लिए आसियान क्षेत्र में स्प्रिंग बोर्ड है'। जो नए क्षेत्रीय समीकरण आगे बनेंगे, वह निश्चित तौर सिंगापुर और भारत के मजबूत कंधों पर टिके होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, बजट 2021-22 में उठाए गए विभिन्न कदमों और अन्य उपायों के जरिए, अगले दशक में देश को मजबूती के साथ दुनिया के साथ जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसी तरहसिंगापुर का बजट भी इस साल परिवर्तनकारी और इन्नोवेशन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि गिफ्ट शहर, जो हमारी पहली परिचालन स्मार्ट सिटी है, ने भारत में अंतर्राष्ट्रीय निवेश को बढ़ावा देने के लिए सिंगापुर एक्सचेंज के साथ समझौता किया है।





# महिलाएं एवं वरिष्ठ नागरिक अपने मन में असुरक्षा का भाव नहीं रखें: एसीपी पुंज

» मदरलैंड संवाददाता





नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस वरिष्ठ नागरिकों एवं महिलाओं में अपनी सुरक्षा के प्रति आत्मविश्वास पैदा करने के लिए 16 से 22 फरवरी तक दिल्ली पुलिस सप्ताह मना रही है। इसी के तहत लक्ष्मी नगर रमेश पार्क कम्युनिटी सेंटर के पास पुलिस की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसीपी विरेंद्र पुंज, एसीपी पुखराजजी, लक्ष्मी नगर के एसएचओ डीपी सिंह, एटीओं नरेंद्र सिंह, एएसआई यतवीर सिंह, हेड कांस्टेबल सत्येंद्र कुमार, महिला एसआई सोनिया, एसआई निधि के अलावा भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। शालिनी फाउंडेशन एवं अन्य कलाकारों द्वारा सुरक्षा विषय पर नाटक का भी आयोजन किया गया।

वरिष्ठ नागरिक सुखदेव शर्मा को उनके जन्मदिन पर पुलिस की ओर से केक काटकर बधाई दी गई।एसीपीसी पुंज ने आम जनता का आह्वान किया कि वह सजग और जागरूक रहें। अपराधियों से निपटने में दिल्ली पुलिस पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों एवं महिलाओं को किसी भी तरह के अपराध से डरने की जरूरत नहीं है। सिर्फ पुलिस को इसकी जानकारी दें। पुलिस उनकी हर तरह से मदद करने के लिए हमेशा तत्पर है। वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क रखने के लिए पुलिस ने जनसंपर्क वाहन का भी शुभारंभ किया है।

# दिल्ली सरकार जल्द शुरू करेगी राशन की डोर स्टेप डिलीवरी, खाद्य आपूर्ति मंत्री ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार जल्द ही राशन की डोर स्टेप डिलीवरी शुरू करने जा रही है। राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जन वितरण प्रणाली के अंतर्गत लोगों को घर-घर राशन पहुंचाने के लिए पूरे तरीके से प्रतिबद्ध है। सरकार इस योजना के शुरू होने के बाद एनएफएस अधिनियम के तहत लाभार्थियों को राशन प्राप्त करने में अपना कीमती समय और प्रयास बचाने में मदद मिलेगी।

इमरान हुसैन ने पूर्वी दिल्ली के विश्वास नगर इंस्टीट्यूशनल एरिया में माप तौल विभाग के नए बनने वाले कार्यालय भवन का शिलान्यास किया। इस भवन का निर्माण करीब 5.92 करोड़ की लागत से पीडब्लूडी



द्वारा किया जा रहा है। नए भवन में कंट्रोलर ऑफिस, 3 जोनल कार्यालय, 6 वर्किंग स्टैंडर्ड लैब, एक सेकेंडरी लैब एवं टैक्सी मीटर यूनिट की स्थापना की जा रही है। नवंबर 2021 में इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर खाद्य आपूर्ति मंत्री ने कहा कि दिल्ली के पूर्वी एवं उत्तरी पूर्वी दिल्ली में रहने वाले लोगों को एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को माप तौल विभाग से संबंधित वेरीफिकेशन, स्टांपिंग, कैलिब्रेशन का कार्य करवाने में सुविधा होगी और समय की भी बचत होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि नए माप तौल कार्यालय भवन की शुरूआत होने पर यह कहा कि ऑटो एवं टैक्सी ड्राइवरों को टैक्सी मीटर यूनिट की जांच के लिए वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कार्यालय नहीं जाना पड़ेगा और नए कार्यालय में ही टैक्सी मीटर यूनिट से संबंधित सभी जांच एवं स्टंपिंग का कार्य किया जाएगा। इससे लगभग 1 लाख ऑटो-टैक्सी चालकों को इसका लाभ मिलेगा, जिससे समय के साथ-साथ पैसों की भी बचत होगी।

विभाग सचिव पद्मिनी सिंघला और माप और तौल विभाग के कंट्रोलर अजीमुल हक ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान आवश्यक वस्तुओ जैसे हैण्ड सैनीटीजर और फेस मास्क की कीमतों को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत उनकी कीमतों को नियंत्रित रखा गया।

कोविड महामारी के दौरान विभाग के फील्ड कर्मचारियों ने 2650 स्थानो का निरीक्षण किया और 1673 उल्लंघनकताओं के विरुद्ध अभियोग की कार्रवाई की गई तथा 133 प्राथमिकी दर्ज की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में दहेज की मांग पूरी न होने पर पहली पत्नी के बाद अब दूसरी को दिया तलाक

नई दिल्ली। दिल्ली के सीमापुरी इलाके में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक शख्स ने अपनी पत्नी को 3 तलाक दे दिया। तलाक देने के बाद चुन्नी से पत्नी का गला घोंटने की कोशिश की। पीड़िता की बहन के विरोध करने पर आरोपित अपने परिवार को लेकर फरार हो गया। पीड़िता हीना ने थाने पहुंचकर तीन तलाक का मुकदमा दर्ज करवाया। कुछ ही देर में पुलिस ने आरोपित पति इरशाद को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने पुलिस को कहा कि उनकी शादी नोएडा सेक्टर-11 में रहने वाले इरशाद नाम के व्यक्ति से 11 नवंबर 2020 को हुई थी। यह इरशाद की दूसरी शादी थी। पहली पत्नी को भी उसने तलाक दिया था। शादी के कुछ वक्त बाद ही इरशाद ने दूसरी पत्नी को भी दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू किया गया था। पीड़िता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे पीटा जाता था। पति उसे ताने देता कि पहली शादी में उसे बीएमडब्ल्यू कार मिली थी, जबकि उसके पिता ने उसे कम कीमत वाली कार पकड़ा दी। पति की प्रताड़ना से परेशान होकर पीड़िता 17 जनवरी को पति का घर छोड़कर दिलशाद कालोनी स्थित अपने मायके आ गई। 17 फरवरी को दोपहर में उसका पति अपने माता-पिता को लेकर पीड़िता के घर पहुंचा।

### गड़करी का अपनी ही सरकार को सुझाव एलपीजी गैस की जगह, इंडक्शन कुकिंग पर सरकार सब्सिडी दे

नई दिल्ली। पेट्रोल और डीजल पर देश की निर्भरता को कम करने के लिए सड़क और परिहवन मंत्री नितिन गडकरी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर जोर दे रहे है। लोग इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का इस्तेमाल शुरू करें इसके पहले उन्होंने सरकार के विभागों में ही ई-व्हीकल्स के इस्तेमाल पर जोर दिया। हो सकता है आने वाले वक्त में एलपीजी गैस सिलेंडर की जगह आपको इंडक्शन कुकिंग पर सरकार सब्सिडी दे। उन्होंने इसके लिए सरकार से विचार करने के लिए कहा है। गडकरी ने प्रस्ताव दिया है कि सभी मंत्रालयों और विभागों के सरकारी अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सिर्फ इलेक्ट्रिक गाड़ियों का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इतना ही नहीं गडकरी ने सरकार को भी सुझाव दिया है कि घरों में इस्तेमाल के लिए कुकिंग गैस के लिए जो मदद दी जाती है, उसकी जगह इलेक्ट्रिक कुकिंग अप्लायंसेज खरीदने पर सब्सिडी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम इलेक्ट्रिक कुकिंग अप्लायंसेज को खरीदने के लिए सब्सिडी क्यों नहीं देते। हम कुकिंग गैस पर सब्सिडी दे रहे हैं। गडकरी के सुझाव के पीछे मकसद है कि देश की गैस इंपोर्ट पर निर्भरता कम हो, साथ इलेक्ट्रिक कुकिंग से प्रदूषण का भी खतरा कम होगा। देश में लगातार महंगे होते पेट्रोल-डीजल से आम जनता परेशान है, सरकार पर भी इसका बोझ जरूर पड़ रहा है। इसकारण गडकरी ने सभी मंत्रालयों, विभागों के अधिकारियों को इलेक्ट्रिक गाड़ियों का इस्तेमाल अनिवार्य करने का सुझाव दिया है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री आर के सिंह से अपील की कि वहां अपने विभाग में इलेक्ट्रिक गाड़ियों का इस्तेमाल जरूरी करें, इसके बाद दूसरे विभागों में इसे अनिवार्य किया जाएगा।

### छत्रपति शिवाजी की जयंती पर पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। मराठा साम्राज्य के शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका साहस, शौर्य और बुद्धिमत्ता देशवासियों को प्रेरित करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, ह्यमां भारती के अमर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। उनके अदम्य साहस, अद्भुत शौर्य और असाधारण बुद्धिमत्ता की गाथा देशवासियों को युगों-युगों तक प्रेरित करती रहेगी। जय शिवाजी !ह्र उल्लेखनीय है कि मराठा सामाज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1630 को पुणे के निकट स्थित शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। उनकी गिनती देश के महान शासकों में होती है।

### कांग्रेस ने कहा, देश की जनता की जेब लूट रही हैं मोदी सरकार

नई दिल्ली। कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ रही कीमतों को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधाकर कहा कि लगातार देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं। 1 मई 2019 के बाद आज तक पेट्रोल की कीमतें 15.21 रुपए प्रति लीटर व डीजल की कीमतें 15.33 रुपए प्रति लीटर बढ़ चुकी है। मोदी सरकार दोनों हाथों से देश की जनता की जेब लूटकर उनकी गाढ़ी कमाई पर डाका डाल रही है। एक तरफ चौतरफा महंगाई की मार है, तथा दूसरी तरफ डीजल-पेट्रोल-गैस के दामों की भरमार है। देश के कई हिस्सों में पेट्रोल 100 रुपए पार औरअ डीजल 90 रुपए पार हो गया है। दिल्ली में भी पेट्रोल की कीमत 90 रुपए पार और डीजल की कीमत 80 रुपए पार हो गई है। कांग्रेस ने कहा कि शर्मनाक बात यह है कि पेट्रोल-डीजल पर टैक्स लगा खुली लूट करने के बावजूद भाजपा सरकार इसका दोष भी कांग्रेस पर मंढ कर अपना पीछा छुड़ाना चाहती है। सच्चाई यह है कि कच्चे तेल का घरेलू उत्पादन करने वाली सरकारी कंपनी ओएनसीजी का बजट ही मोदी सरकार ने काट दिया। साल 2020-21 में ओएनसीजी का बजट 32,501 करोड़ रुपए था, इस साल कम करके 29,800 करोड़ रुपए कर दिया है।

# गौतमबुद्धनगर में वैक्सीनेशन का दूसरा चरण फ्रंट लाइन अधिकारियों ने लिया वैक्सीन

» अजय प्रताप सिंह



नोएडा। भारत सरकार के कोरोना के समूल नाश लिए चलाए जा रहे वैक्सीनेशन के दूसरे चरण में आज नोएडा प्रशासन के समस्त अधिकारियों ने राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में आकर वैक्सीन लिया। केंद्र सरकार के योजना बद्ध तरीके से चलाये जा रहे इस अभियान के पहले चरण में मैडिकल के अलावा अस्पतालों के सफाई कर्मियों और यातायात सेवाओं से जुडे कार्मिकों का सफल वैक्सीनेशन पहले ही पूरा हो चुका है। कहीं कहीं 60 वर्ष से ऊपर के सीनियर सिटिजन को भी पहले ही चरण में यह टीका दिया जा चुका है। इसी कडी में दूसरे चरण में फ्रंट लाइन यानी पुलिस और प्रशासन के समस्त विभागों का वैक्सीनेशन किया जाना प्रस्तावित है। यही कारण है कि दूसरे चरण की शुरूआत जिला प्रशासन के आला अधिकारियों से की गयी। जिससे लोगों में भ्रम की स्थिति को समाप्त करने के अलावा फ्रंट लाइन को होने वाले संभावित कोरोना के खतरे से बाहर किया जा सके। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान नोएडा में जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह, नोएडा के तीनों प्राधिकरण के ईओ, तथा समस्त अधिकारियों ने संस्थान में आकर वैक्सीन लगवाई। अधिकारियों ने इस अवसर पर वैक्सीन को पूर्णतया सफल और सुरक्षित बताया।

# हमारा पड़ोसी देश सूचनाओं के सहारे युद्ध लड़ने की कोशिश में जुटा : ध्रुव कटोच

**नई दिल्ली।** हमारा पड़ोसी देश अब सूचनाओं के सहारे युद्ध लड़ने की कोशिश में जुटा है। लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि इस तरह के ह्यहाइब्रिड वॉरफेयर से निपटने में सेना पूरी तरह से सक्षम है। यह बात मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) ध्रुव कटोच ने भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) द्वारा सैन्य अधिकारियों के लिए आयोजित मीडिया संचार पाठ्यक्रम के समापन समारोह में कही।

इस अवसर पर आईआईएमसी के महानिदेशक प्रो संजय द्विवेदी, अपर महानिदेशक (प्रशासन) के. सतीश नंबूदिरीपाड, अपर महानिदेशक (प्रशिक्षण) ममता वर्मा, डीन (अकादमिक) प्रो. गोविंद सिंह एवं प्रो. प्रमोद कुमार भी उपस्थित थे।

# रेल यात्रियों के लिए आई राहत की खबर, मुंबई और इंदौर के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आगामी 22 फरवरी से लोकल ट्रेनें दौड़ने लगेंगी। इसका एलान उत्तर रेलवे कर चुका है। इस बीच भारतीय रेलवे ने देशभर में ट्रेनों का संचालन सामान्य करने की तैयारी तेज कर दी है। इसी कड़ी में लगातार विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की जा रही है। इसी कड़ी में रेलवे ने मुंबई और इंदौर के लिए भी विशेष ट्रेनों के संचालन का फैसला लिया है। इससे हजारों लोगों को लाभ होगा, जो दिल्ली-मुंबई के साथ दिल्ली-इंदौर के बीच यात्रा करने के इच्छुक हैं। इसके साथ उन लोगों को भी विशेष ट्रेनों का लाभ होगा, जहां पर इनका ठहराव होगा। दिल्ली से मुंबई और इंदौर आने-जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इनमें मुंबई के लिए गरीब रथ व दूरंतों शामिल हैं। वहीं, इससे पहले बृहस्पतिवार को किसानों के रेल रोको आंदोलन के दौरान दिल्ली में तो कहीं भी रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शनकारियों ने धरना नहीं दिया, लेकिन हरियाणा, उत्तर प्रदेश व पंजाब में कई स्थानों पर प्रदर्शनकारी ट्रैक पर जमे रहे। इस वजह दिल्ली से 6 ट्रेनें देरी से रवाना हुईं। पुरानी दिल्ली-बठिंडा त्योहार विशेष पांच घंटे, पुरानी दिल्ली-फाजिल्का इंटरसिटी एक्सप्रेस व पुरानी दिल्ली-श्री गंगानगर त्योहार विशेष तीन घंटे, हजरत निजामुद्दीन-केवड़िया संपर्क क्रांति लगभग 2 घंटे और हजरत निजामुद्दीन-कोटा जनशताब्दी एक्सप्रेस व हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर त्योहार विशेष लगभग डेढ़ घंटे की देरी से रवाना हुईं।

# डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फरीदाबाद में मोदी की जय-जयकार



» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। हरियाणा के फरीदाबाद शहर में डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आशाएं नामक कार्यक्रम का आयोजन कालेज परिसर में किया गया। जिसमें युवा लड़के व लड़कियों ने उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विजय जौली ने प्रेरणादायक भाषण दिया। इस प्रतिस्पर्धा के युग में कुशल नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर डॉ. जौली ने युवाओं को प्रेरित किया। डॉ. जौली जो अब भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं, ने इस अवसर पर अपने संबोधन में युवाओं को सरल, स्मार्ट, मृदुभाषी, गंभीर व मुखर रहने का आहवान किया। कॉलेज में शिक्षकों का सम्मान। दैनिक जीवन में घर व आस-पड़ोस की महिलाओं का सम्मान करने के लिए डॉ. जौली ने बल दिया।प्रतिदिन डिक्शनरी पढ़कर, मातृभाषा हिंदी व अंग्रेजी के अच्छे शब्दों के उपयोग से इस प्रतिस्पर्धी दुनिया में सफल होने का पाठ डॉ. जौली ने युवाओं को पढ़ाया। प्रत्येक छात्र के मन में व जुबान पर अधिकाधिक शब्द-कोष बैंक बनाने का आग्रह किया।



# लॉकडाउन में पुलिस ने 3 करोड़ लोगों की मदद की, हर चुनौती का सामना किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस-दिल की पुलिस। दिल्ली पुलिस अपने कर्तव्य में इस वाक्य का पूरा-पूरा पालन कर रही है। मौका है दिल्ली पुलिस के वार्षिक प्रेसवार्ता का। यह जानकारी यहां पर कमिश्नर एस.एन. श्रीवास्तव दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली में दंगे हुए बाद में फिर कोरोना के कारण लॉकडाउन लग गया। इस लॉकडाउन में पुलिस ने 3 करोड़ लोगों की मदद की गई। इस दौरान हर चुनौती का डट कर सामना किया।

पुलिस आयुक्त का कहना है कि साल 2020 में दिल्ली पुलिस ने विभिन्न चुनौती का सामना किया है। कोरोना के कारण जब लॉकडाउन लगा तब कई प्रकार की परेशानी लोगों को हो रही थी मगर हमने आगे बढ़ कर उनकी मदद की। बुजुर्ग और बीमार लोगों को दवाईयां दीं। डेढ़ लाख कोरोना से बचाव के लिए दवा के पैकेट बांटे गए थे। इस दौरान अधिकतर चीजें ऑनलाइन हुईं। इस कारण साइबर क्राइम भी बढ़ा। साइबर ठग और क्रिमिनल एक्टिव ज्यादा हो गए थे। हमने इसके रोकने के लिए पुरजोर कोशिश कर सफलता भी पाई। इतिहास के पन्नों में दिल्ली पुलिस की दरियादिली दर्ज हो गई है।

कोरोना से जंग जीतने वाले पुलिसकर्मियों ने प्लाज्मा दान करके संक्रमितों की जान बचाई। इसकी सभी लोगों ने तारीफ भी की थी। कोरोना के दौरान पुलिस ने दवा के पैकेट बाटे थे। दिल्ली पुलिस ने क्राइम रोकने के लिए पांच प्रमुख बिंदुओं पर काम किया जिससे 60 फीसद अपराध में कमी आई।

# आनंद विहार रेलवे स्टेशन शुरू करने जा रहा विशेष सुविधा

**नई दिल्ली।** दृष्टिहीन यात्रियों को आनंद विहार रेलवे टर्मिनल पर जरा भी परेशानी नहीं होगी। ब्रेल लिपि में बना नक्शा उनको टिकट काउंटर, प्लेटफार्म, शौचालय के अलावा टर्मिनल के हर कोने में जाने की राह दिखाएगा। किसी से मदद लिए बगैर वह अपनी ट्रेन में सवार हो सकेंगे। भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम (आइआरएसडीसी) ने इस रेलवे टर्मिनल को दृष्टिहीन यात्रियों के अनुकूल बनाने की दिशा में कदम आगे बढ़ाया है। यह दिल्ली का पहला स्टेशन होगा, जहां दृष्टिहीन यात्रियों के लिए इस तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। आनंद विहार रेलवे टर्मिनल 11 साल पहले ही बना है। यह दिल्ली के बड़े स्टेशनों में शामिल है। यहां से रोजाना बड़ी संख्या में यात्री अपने सफर पर निकलते हैं। साथ ही बहुत से यात्रियों का सफर यहां पर खत्म होता है। उन यात्रियों को यहां परेशानी हो रही थी, जिन्हें दिखाई नहीं देता। उन्हें यह पता नहीं चल पाता कि प्लेटफार्म पर कहां और कैसे जाना है। वह टिकट लेने से लेकर प्लेटफार्म पर पहुंचने तक किसी की मदद लेते हैं। शौचालय जाना पड़ जाए तो उनको बहुत परेशानी होती है। दृष्टिहीनों की इन्हीं दिक्कतों को देखते हुए आनंद विहार रेलवे टर्मिनल को उनके अनुकूल बनाने का काम शुरू किया है।

# मासूम बच्चे को रस्सी से बांधकर पीटती रही सौतेली मां

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के हरीनगर इलाके में एक आठ साल के बच्चे को उसकी सौतेली मां के द्वारा महीनों से बुरी तरह से पीटने का मामला सामने आया है। इस हिंसात्मक घटना की सूचना पड़ोस के लोगों ने दिल्ली महिला आयोग की 181 हेल्पलाइन पर कॉल कर दी। इसके बाद मौके पर पहुंची आयोग की टीम ने बच्चे को रेस्क्यू कराया। जानकारी के मुताबिक हेल्पलाइन पर आई शिकायत के बाद दिल्ली महिला आयोग की टीम उस घर में पहुंची तब भी बच्चे के रोने और चीखने की आवाजें सुनाई दे रही थीं। इसके बाद आयोग की टीम ने पुलिसकर्मी बुलाकर बच्चे को सौतेली मां से मुक्त कराया साथ ही महिला को पुलिस स्टेशन ले गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने कई बार इसकी शिकायत पुलिस को भी की लेकिन पुलिस ने इसे घर का मामला बता कोई कार्यवाही नहीं की थी। इसके बाद पुलिस स्टेशन पहुंचकर बच्चे की काउंसलिंग कराई गई, जिसमें बेहद डरे हुए बच्चे ने अपनी आपबीती बताई। उसने बताया कि उसके साथ रोज उसकी सौतेली माँ बुरी तरह मारपीट करती थी। कई बार खाना नहीं दिया जाता था और न ही उसे घर से बाहर जाने दिया जाता था। जब जब मां बाहर जाती उसे रस्सी से बांधकर जाती थी और फिर पीटती थी।

पीड़ित के बयान के आधार पर हरीनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कर बच्चे को मेडिकल जांच के लिए लिए ले जाया गया।

# नये कोरोना वैरियंट के खिलाफ असरदार होगी भारतीय वैक्सीन

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना टीकाकरण काफी तेज रफ्तार से चल रहा है। देश में अब तक 1 करोड़ से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। इस बीच, भारत की कोरोना वैक्सीन को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। स्वदेशी कोरोना वैक्सीन (कोवैक्सीन) के क्लीनिकल ट्रायल में इस बात के संकेत मिले हैं कि ये वैक्सीन, कोरोना के नए वैरियंट के खिलाफ प्रभावी रहेगी। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) का कहना है कि आखिरी क्लीनिकल ट्रायल के नतीजो ने ये संकेत दिया है कि यूनाइटेड किंगडम, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील से रिपोर्ट किए नए कोरोना वैरियंट के खिलाफ स्वदेशी कोविड़-19 टीके प्रभावी होंगे।

# मेट्रो मैन श्रीधरन बोले-बनना चाहता हूं केरल का सीएम



**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह भाजपा में शामिल होकर राजनीति में कदम रखने जा रहे ई श्रीधरन ने शुक्रवार को कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य केरल में पार्टी को सत्ता में लाना है और वह मुख्यमंत्री पद संभालने के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा को इस साल अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत मिलती है तो उनका ध्यान बड़े स्तर पर आधारभूत संरचना का विकास करना और राज्य को कर्ज के जाल से निकालना होगा। ह्यमेट्रो मैन के नाम से मशहूर और आधारभूत ढांचे से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं के विकास में अपनी कुशलता दिखा चुके श्रीधरन ने कहा कि अगर पार्टी चाहेगी तो वह विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और पार्टी कहेगी तो मुख्यमंत्री का पद भी संभाल सकते हैं। श्रीधरन (88) ने स्पष्ट कर दिया कि राज्यपाल पद संभालने में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह संवैधानिक पद है और कोई शक्ति नहीं है और वह ऐसे पद पर रहकर राज्य के लिए कोई सकारात्मक योगदान नहीं दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरा मुख्य मकसद भाजपा को केरल में सत्ता में लाना है। अगर भाजपा केरल में चुनाव जीतती है तो तीन-चार ऐसे क्षेत्र होंगे जिसपर हम ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। इसमें बड़े स्तर पर आधारभूत संरचना का विकास और राज्य में उद्योगों को लाना शामिल है। केरल के पोन्नाली में रह रहे श्रीधरन ने फोन पर कहा कि कर्ज के जाल में फंसे राज्य की वित्तीय दशा सुधारने के लिए वित्त आयोग का भी गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्यह्लआज राज्य कर्ज के जाल में फंसा है। बहुत सारा उधार है। प्रत्येक मलयाली पर आज 1.2 लाख रुपये का कर्ज है। इसका मतलब है कि हम दिवालिया होने की तरफ बढ़ रहे हैं और सरकार अब भी उधार ले रही है। राज्य की वित्तीय हालत सुधारने की जरूरत है और हम इसका समाधान निकालेंगे।

# नौ दिवसीय संगीतमय रामकथा आरंभ

» मदरलैंड संवाददाता



भ्रम और भक्ति में संदेह दूर करने का सर्वोत्तम उपाय दीर्घकाल तक रामकथा श्रवण करना है। रामकथा जीवन मुक्त विषयी साधक और सिद्ध सभी को इच्छित फल प्रदान करती है। रामकथा यमदूतों के मुख पर कालिख पोतने वाली जीवन मुक्ति देने वाली काशी के समान है। महाराज ने रामकथा की तुलना पुण्य सलिला गंगा, यमुना, सरस्वती, नर्मदा और मंदाकनी से की गई है।शास्त्री ने रामकथा की महिमा बताते हुए कहा कि रामकथा कामधेनु है। रामकथा सुनने के अधिकारी श्रद्धालु मनुष्य ही है। रामकथा सठ, हठी, कामी, क्रोधी एवं ब्राम्हणद्रोही को नहीं सुनाना चाहिए। जब जन्म जन्मांतर के पुण्यों का उदय होता है तब रामकथा सुनाने और सुनने का संयोग बनता है। रामचरित मानस सरोबर के समान है। वेद पुराण अल्प ज्ञानियों के लिये खारे जल के समान है। साधु महात्मा इसे मीठे जल के रूप में सर्व ग्राही बना देते है। रामकथा याज्ञबल्लभ ने महर्षि भारद्वाज को सुनाया शंकरजी ने सती के साथ अगस्त मुनि राम कथा सुनी रामकथा रसिक शंकर कागभुसुंड से हंस बनकर सुनी। लक्ष्मीमणी शास्त्री ने सती प्रसंग सुनाते हुए दक्ष प्रजापति यज्ञ विध्वंश तथा सती के शरीर के इक्कावन खंडो के भारतवर्ष जगह-जगह गिरने पर शक्तिपीठो की स्थापना की जानकारी दी।मानस प्रभा नीलमणी शास्त्री ने भी मंत्रमुग्ध शैली में रामकथा महिमा का वर्णन किया। इस अवसर पर कथा श्रोत्राओं में निर्वतमान सांसद दद्दन मिश्र, भाजपा नेता विनय प्रकाश त्रिपाठी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, डा.भानू तिवारी संध्या सिंह रामनरेश त्रिपाठी अद्मा सिंह रेशम सिंह मंटू सिंह विनोद गिरी मंगल प्रसाद ललिता तिवारी अमर शुक्ला झूमा सिंह पिंकी सिंह सुभ्रा शुक्ला गौरव अजीत शुक्ला सभासद विनोद गिरी मंटू सिंह आदि उपस्थित थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# विद्युत विभाग द्वारा चैकिंग के नाम की जा रहीं जमकर उगाही

» अफाक खान

रामपुर। रामपुर में विद्युत विभाग द्वारा चैकिंग के नाम की जा रहीं जमकर उगाही से जनता त्रस्त हैं। इसके अलावा अब विद्युत विभाग के मीटर रीडर द्वारा रीडिंग कम करने के नाम पर ली जा रहीं रिश्वत का वीडियो वायरल होने के बाद एक्सईन ने मीटर रीडर को टर्मिनेट करा दिया हैं। इसके अलावा कोर्ट के आदेश पर डूंगरपुर के अवर अभियंता राहुल रंजन के खिलाफ भी रिपोर्ट थाना गंज में दर्ज हो गई हैं। जिससे विद्युत विभाग की जमकर बदनामी हो रहीं हैं।पिछले दिनो मीटर रीडर रविन्द्र कुमार द्वारा मीटर उपभोक्ता से मीटर रीडिंग कम करने के नाम पर पैसे लेने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसपर एक्ईसन भीष्म कुमार तोमर ने मीटर रीडर को कंपनी द्वारा टर्मिनेट करा दिया हैं वहीं डूंगरपुर के अवर अभियंता राहुल रंजन के खिलाफ भी कोर्ट के आदेश पर महिला के साथ छेड़खानी व मारपीट करने की रिपोर्ट थाना गंज में दर्ज की गई हैं। लोगों का कहना हैं। कि डूंगरपुर के अवर अभियंता राहुल रंजन द्वारा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिजली उपभोक्ताओं को प्रताड़ित कर उनसे मोटी रकम वसूल रहे हैं जिसपर कार-वाई करने वाला कोई नहीं हैं। राहुल रंजन अपने मातहत एसडीओ को भी खातिर में नहीं लाते हैं। उधर पिछले दिनों पनवड़िया बिजली के जेई अलोक तिवारी द्वारा भी थाना टीन में अपने बाथरूम में नहा रहीं एक महिला के घर में घुसने का मामला काफी चर्चा में रहा लेकिन विद्युत विभाग के आला अफसरों ने अपने शौकीन मिजाज अवर अभियंता को बचाते हुए महिला पर ही विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत थाना गंज में कर दी थी लेकिन आज तक उसे इंसाफ नहीं मिला हैं जबकि महिला का कहना हैं कि जेई अलोक तिवारी द्वारा उसके बाथरूम में घुसने का प्रयास किया गया था जिसपर उसने शोर मचाना शुरू कर दिया और शोर शराबे की आवाज सुनकर जेई वहां से भाग गये। पीड़ित महिला ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, महिला आयोग से इंसाफ की गुहार लगाई हैं। वहीं महिला का कहना हैं कि यदि उसे इंसाफ नहीं मिला तो वह आत्मदाह कर लेगी। विद्युत विभाग के ऐसे अवर अभियंताओं द्वारा विभाग का नाम तो बदनाम हो ही रहा हैं साथ ही प्रदेश की योगी सरकार भी जनता के सामने कटघरे में खड़ी नजर आ रहीं हैं। पीड़ितों को विद्युत विभाग के खिलाफ कोर्ट की शरण लेनी पड़ रहीं हैं जिससे साफ जाहिर होता हैं कि विद्युत विभाग में कितने बड़े पैमाने पर हठधर्मी चल रहीं हैं।

## व्यापारी से हुई लूट में वांछित लूटेरा रवि दौराला गिरफ्तार



» सरतज अहमद

मुजफ्फरनगर। थाना क्षेत्र नई मंडी में जानसठ रोड से गुड़ व्यापारी से हुई लूट के अभियोग में वांछित 1 शातिर लूटेरा की रात्रि को दौराने चेकिंग में जानसठ पुल हाईवे से गिरफ्तार किया गया हैक गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रवि पुत्र सुरेश निवासी भगवानपुरी कस्बा थाना दौराला जनपद मेरठ है। गिरफ्तार अभियुक्त रवि दौराला पर लूट, पुलिस मुठ-भेड़, गैंगेस्टर, चोरी, रंगदारी आदि संगीन धाराओं के एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है, अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी ली जा रही है।

## कौशल विकास युवा शिविर का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता



रामपुर। राजकीय महिला डिग्री कालेज की ओर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कौशल विकास युवा शिविर का आयोजन घाटमपुर में किया गया।शिविर के पांचवे दिन स्वयं सेविकाओं को एनएसएस की प्रतिज्ञा के साथ लक्ष्य गीत गुनगुनाते हुए शपथ दिलाई गई।इस मौके पर मुख्य अतिथि जगत भूषण श्रीवास्तव ने छात्राओं को जीवन में मार्शल आर्ट और शिक्षा के महत्व को बताया। अपनी दैनिक दिनचर्या को व्यवस्थित और अनुशासित करने पर जोर दिया। सुबह उठने और जल्दी सोने व अध्ययन करते रहने के लिए किताबों से दोस्ती बहुत जरूरी हैं अगर हमें आगे बढ़ना हैं तो अपनी दिनचर्या को अनुशासित बनाना होगा। देश और समाज के कार्यो में बढ़चढ़ कर अपनी हिस्सेदारी सक्रिय रूप से निभानी होगी। साथ ही ईमानदारी से कार्य करने और सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियानों का हिस्सा बनने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर प्राचार्य डा. अतुल शर्मा ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया।इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. रजिया परवीन व डा. शत्रुजीत सिंह के अलावा गुंजन, शाजिया, ज्योति, शालू, सोनम, खुशबू, समरा जफर, बुशरा शौकत, सोनाली, तैयबा, शबीना, निदा शौकत, फायजा, मनलिका, सोनल, आरती, सुरभी, कंचन, पूजा आदि छात्राएं मौजूद थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार की माता के देहांत से रामपुर के पत्रकारों में शोक की लहर

मदरलैंड संवाददाता, रामपुर। मीडिया वेलफेयर एसो. के अध्यक्ष विशाल सक्सैना की माता का शुक्रवार को सुबह 11 बजे स्वर्गवास हो गया। पत्रकार की माता के निधन की सूचना मिलते ही जिलेभर के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। जिसको भी सूचना मिली वह विशाल सक्सैना के आवास पर दुख जताने पहुंच गया। शहर कोतवाली के पीछे हिन्दी दैनिक विधान केसरी कार्यालय पर पत्रकारों ने शोक सभा का आयोजन कर मृतक आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर बोलते हुए पत्रकारों ने विशाल सक्सैना की माता के निधन पर अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे दुखद समय में सभी पत्रकार साथी विशाल सक्सैना के साथ हैं। ईश्वर उनकी माता की आत्मा को शांति प्रदान करें। मान्यता प्राप्त पत्रकार विशाल सक्सैना ने बताया कि उनकी माता का निधन शुक्रवार की सुबह 11 बजे हो गया था शनिवार को सुबह 11 बजे कोसी मंदिर स्थित स्वर्गधाम में अंतिम संस्कार किया जायेगा। इस दुखद घड़ी में विधान केसरी का पूरा परिवार उनके साथ हैं और ईश्वर से प्रार्थना करता हैं इस दुख को सहन करने की उन्हे क्षमता प्रदान करें।

### अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

मदरलैंड संवाददाता, रामपुर। शहर कोतवाली पुलिस ने जिला बदर चल रहा अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। कोतवाली प्रभारी रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि क्षेत्र के मौहल्ला घेर मर्दान खां निवासी जैनुल आबैदीन पुत्र तकरीम जिला बदर चल रहा था। उक्त अभियुक्त की सूचना क्षेत्र में घूमने की पुलिस को मिली तो पुलिस ने दोमहल रोड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। बताते चले कि पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम द्वारा जिलेभर में जिला बदर बदमाशों की धर पकड़ अभियान चलवाया जा रहा हैं इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने जिला बदर जैनुल आबेदीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। वहीं थाना गंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया हैं। थाना प्रभारी रामवीर सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अफजाल उर्फ मुन्ना पुत्र आजम निवासी बगीचा एमना को पहाड़ी गेट से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। अफजाल के ऊपर थाना गंज में धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत हैं।

### 1 मार्च से से 31 तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का आयोजन

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ए.के. पाण्डेय ने बताया कि 1 से 31 मार्च तक द्वितीय 'प्रथम संचारी रोग नियत्रंण एवं दस्तक अभियान' का अयोजन तथा संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण कार्यवाही हेतु विभिन्न विभागों के सहयोग से गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक आयोजन के क्रम में दि. 20 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में सायं 05.30 बजे जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित होगी। उन्होने सम्बन्धितों से बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

### फुफेरी बहन को भगा ले गया ममेरा भाई, रिपोर्ट दर्ज

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। क्षेत्र के एक गांव से एक युवक अपने माता-पिता के सहयोग से फुफेरी बहन को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। घटना की रिपोर्ट युवती के परिजनों ने थाना में दर्ज कराई। क्षेत्र के एक ग्राम मैं निवास कर रही युवती को 15 फरवरी को रिश्तेदारी में आए युवक रेशु पुत्र शिव नारायण निवासी ग्राम दोदापुर बेवर अपने माता-पिता के सहयोग से बहला फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों द्वारा युवती की हर संभव स्थान पर खोजबीन की गई। युवती के न मिलने पर परिजनों द्वारा थाना में आरोपी युवक व उसके माता-पिता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती - युवक की फुफेरी बहन है।

## सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

» अजय सक्सेना

मैनपुरी। सड़क सुरक्षा माह के समापन पर कस्बा करहल में रैली निकालकर लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया एवं छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली करहल के जैन इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर किशनी चौराह पहुंची रैली को हरी झंडी हरी झंडी आरटीओ अनिल कुमार ने दिखाई।

रैली में जैन इंटर कॉलेज, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, नरसिंह यादव इंटर कॉलेज, एस के साइंटिफिक, मदन मोहन स्कूल, सेंट जीडी इंटरनेशनल स्कूल, मदन मोहन इंटर कॉलेज, बाबूराम महाविद्यालय, संत विवेकानंद स्कूल, रामा महिला महाविद्यालय, नत्थूसिंह डिग्री कॉलेज,प्रयाग पब्लिक स्कूल, सीआरएस स्कूल समेत अन्य स्कूलों के 11,000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने बैंड के साथ प्रतिभाग किया।सन्त विवेकानंद स्कूल एवं राजकीय कन्या कॉलेज के बच्चों ने रास्ते मे रंगोलियां भी सजाई। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने बाले 5 लोगों को 1100 रुपये एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रैली का संचालन एवं आयोजन प्रवर्तन अधिकारी डॉ० कौशलेंद्र के द्वारा किया गया। रैली में एडीएम बी राम, अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह, एआरटीओ प्रणव झा, उपजिलाधिकारी रतन वर्मा क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार, थाना प्रभारी शिवकुमार चौहान, टीआई लाखन सिंह, समेत सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबंधक स्टाफ एवं बस यूनियन के सदस्य, एनसीसी, एनएसएस के स्वयं सेवी, अधिवक्ता एवं नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी जनता की समस्याएं

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जनता दर्शन के दौरान जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के सम्मुख जब ग्राम तरगवां नि. गजेन्द्र सिंह चौहान पूर्व प्रधान ने बताया कि उसके पुत्र उपेन्द्र सिंह चौहान के नाम ग्राम पंचायत अहरिवा में झूठे, गलत तरीके से कृषि भूमि के पट्टे में किए गए, जिनकी जानकारी प्रार्थी के पुत्र, पुत्रवधु को नहीं है, उक्ट पट्टे वाली भूमि की बिक्री भी कर दी गयी, प्रार्थी के पुत्र की बैनामा में जाति शाक्य दशार्यी गयी है जबकि प्रार्थी ठाकुर जाति का है, प्रार्थी का पुत्र कभी भी मोहल्ला सौतियाना में नही रहा और न उसकी जानकारी में कोई भी तथ्य है, प्रार्थी के पुत्र ने कोई बैनामा नहीं किया, और नाहीं बैनामे पर उसका फोटो, आधार कार्ड है, बैनामें पर उसके हस्ताक्षर, अंगूठा निशानी भी नहीं है। ग्राम पंचायत अहिरवा पर प्रार्थी के पुत्र उपेन्द्र चौहान का सगा साला प्रदीपेन्द्र सिंह राठौर लेखपाल था यह कृत्य लेखपाल प्रदीपेन्द्र सिंह राठौर या उसके साथियों के द्वारा किया गया, उक्त आपराधिक कृत्य की एफआईआर थाना भोगांव में धारा-419, 420, 467, 468, 471, 120 आईपीसी के अन्तर्गत दर्ज की गयी है। धारा-2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना भोगांव में प्रार्थी के पुत्र के विरूद्ध पंजीकृत करा दिया गया है, प्रार्थी सम्भ्रान्त परिवार का व्यक्ति है, तथा विगत 25 वर्षों तक ग्राम पंचायत प्रधान लगातार रहा है। इस पर उन्होने उप जिलाधिकारी भोगांव, पुलिस अधीक्षक को तथ्यों की जांच कराकर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये।


## भावी उम्मीदवार हाजी यामीन ने किया जन-संपर्क

» मदरलैंड संवाददाता

ग्राम पंचायत शाहबुद्दीनपुर माजरा व नियाजीपुरा से प्रधान पद के भावी उम्मीदवार हाजी यामीन फर्नीचर वालों ने आज अपने ग्राम में जन-संपर्क किया। जिसमें ग्राम वासियों से वोट की अपील की देखने को मिल रहा है की ग्रामवासी भी हाजी यामीन फर्नीचर वालों को समर्थन कर रहे हैं। ग्राम वासियों का कहना है की हाजी यामीन में वह सब खूबियां हैं जो एक प्रधान में होनी चाहिए क्योंकि हाजी यामीन फर्नीचर वालों ने अपने ग्राम वासियों का हमेशा साथ दिया है। हर समस्या में खड़े रहते हैं। हाजी यामीन फर्नीचर वालों का कहना है कि एक बार मुझे सेवा का मौका दें भविष्य में इंशाल्लाह शिकायत का मौका नहीं दूंगा। ग्राम वासियों का यह भी कहना है की हाजी यामीन फर्नीचर वालों ने गोपनीय तरीके से अपने ग्राम में गरीबों की सहायता करते आ रहे हैं। आज देखने को मिल रहा है कि सैकड़ों की तादाद में लोग हाजी यामीन फर्नीचर वालों के साथ कंधे से कंधा मिलकार पूरे ग्राम वासियों से वोट की अपील करते हुए नजर आ रहे हैं और हाजी यामीन फर्नीचर वालों का यह कहना है कि अगर मैं प्रधान हुआ तो मेरे पूरा ग्रामवासी प्रधान होंगे। जिस में मौजूद रहे सरताज प्रधान गुलजार पूर्व प्रधान आशीफ हवारी क्षेत्र सदस्य मेंबर नईम होटल वाले।

## गौशालाओं में हो रही गायों की दुर्दशा

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। सूबे के मुखिया द्वारा गायों की सुरक्षा को लेकर तमाम उपाय किए जा रहे है। गायों के संरक्षण के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया गया। जब गायों के आश्रय स्थल में ही गायों की ये दशा है। तो आखिर ऐसी कहां जगह है जहां गाय अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें। सरकार द्वारा बनाए गए इन गायों की सुरक्षा को उनके ही जिम्मेदार पलीता लगाते नजर आ रहे है। बात करते हैं क्षेत्र के ग्राम सोनई स्थिति गौशाला की। जिसके नोडल खुद उपजिलाधिकारी कुरावली मानसिंह पुंडीर है। गौशालाओं की स्थिति का जायजा लेने पहुंची मदरलैंड वॉइस समाचार पत्र की टीम तो वहां पर गायों की स्थिति बद से बदतर थी। जहां पर साफ सफाई के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही थी। गौशाला में 83 गायों का स्टॉक है लेकिन वहां पर मौजूद सिर्फ 63 गाय ही थी। जब इस संबंध में वहां पर मौजूद कर्मी से पूंछा तो उसने कहा कि इतनी गायों की देखरेख सिर्फ एक व्यक्ति के जिम्मे है। पिछले दिसंबर माह से अभी तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस गौशाला को देखने नहीं आया है। गौशाला में गायों के चारे साफ - सफाई की व्यवस्था कुछ नहीं है। क्षेत्र के कुछ जागरूक व्यक्तियों द्वारा गौशाला में मौजूद गायों के चारा पानी की व्यवस्था की जाती है। मौजूद कर्मी ने बताया कि पिछले 18 माह से वेतन नहीं मिला है। हमारे बच्चे भुखमरी की कगार पर है। यहां जिम्मेदार अधिकारी शासन से जो रुपया आता है। उस गौशाला में गायों की व्यवस्था पर खर्च नहीं किया जा रहा है।

## बरौली विधायक के शीघ्र स्वास्थ और दीघार्यु होने की कामना

» मदरलैंड संवाददाता



अलीगढ़। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने पूर्व मंत्री एवं बरौली विधायक ठाकुर दलवीर सिंह के शीघ्र स्वास्थ्य एवं दीघार्यु के लिए आवास विकास प्राधिकरण मंदिर पर मंत्र जप एवं मां दुर्गा का हवन कराया जिसमें भगवान शिव प्रार्थना की गई कि कि विधायक जी जल्दी स्वस्थ हो एवं अलीगढ़ की जनता की सेवा में पुनः उसी ऊर्जा के साथ कार्य कर सकें।

जिलाध्यक्ष डॉक्टर शैलेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि 14 फरवरी को मंत्री को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था और उनका इलाज वैशाली के मैक्स में चल रहा है इसलिए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा अलीगढ़ भगवान से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करती है

डॉक्टर नरसिंह पाल सिंह ने कहा के अलीगढ़ में ठाकुर दलवीर सिंह जैसा जनप्रतिनिधि हुआ है और ना ही भविष्य में होगा। वह सर्व समाज के लिए 24 घंटे तैयार रहते हैं, जिला अलीगढ़ ही नहीं अन्य जिलों की लोग भी परेशान होने पर उनके यहां फरियाद लेकर के आते हैं और वह उनकी मदद के लिए तैयार रहते हैं। ऐसे आदमी का स्वस्थ होना और लंबे समय तक जीवित रहना बहुत आवश्यक है। करनी सेना के मण्डल लोकेश जादौन ने कहा मंत्री हम सभी के मार्गदर्शक एवं संरक्षक हैं मां दुर्गा से प्रार्थना करते हैं कि उनका आशीर्वाद हमारे ऊपर हमेशा बना रहे।

हवन में अर्जुन सिंह फकीरा, विवेक चैहान, राजेश प्रताप सिंह डेनी ठाकुर, विजय तोमर, गोविंद प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, सौरव ठाकुर, हेमंत सिंहः, विवेक कुमार सिंह, पीयूष शर्मा, रजत कुमार सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, सूर्यान्श ठाकुर, सौरभ सिंह, विवेक गौर, अभिनेन्द्र प्रताप सिंह, चिक्की ठाकुर, चेतन शर्मा राज शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## किशोरी ने एक युवक पर छेडछाड का आरोप लगाया

» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी ने एक युवक पर आये दिन छेडछाड करने ओर पैसे का लालच देकर जंगल ले जाने के लिए दबाब बनाने का आरोप लगाते हुऐ थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की है। पुलिस शिकायत की जांच करने ओर आरोपी की तलाश करने की बात कह रही है। थाना सिंभावली क्षेत्र के एक 14 वर्षीय नाबालिग लडकी अपने परिजनो व ग्रामीणो को साथ लेकर थाने पर पहुंची ओर बताया कि एक युवक पर आये दिन उसके साथ छेडछाड करता है ओर उसे पैसे का लालच देकर जंगल ले जाने के लिए दबाब बनाता है। पीडित पक्ष नें पुलिस से आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की हैं। इस संबंध में सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी का कहना है कि शिकायत की जांच करते हुऐ आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

## विजलेंस टीम के साथ विद्युत विभाग की छापा मार कार्यवाही

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। अधीक्षक अभियंता के निर्देशन में जनपद के कोने - कोने में विद्युत चोरों पर अंकुश लगाए जाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज विद्युत विभाग की टीम ने अभियान के दौरान छः लोगों को विद्युत चोरी करते पाया। सभी विद्युत चोरों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। अधीक्षण अभियंता जी के निर्देशन मे विजलेंस के साथ लगातार छापेमारी से विद्युत चोरो में हड़कम्प मचा रहा। विद्युत चोरी रोको अभियान के तहत उपखण्ड अधिकारी मुन्नी लाल गुप्ताजी के नेत्रत्व में अवर अभियंता प्रमेन्द्र व विजलेंस स्पेक्टर- लाल सिंह, सिपाही- सुरेन्द्र, अरविन्द के साथ उपकेन्द्र उसनिधा के अंतर्गत ग्राम नगला भख्ती में छापेमारी की गई। जिसमें गांव के ही गंगासिंह पुत्र किताबसिंह, यशवीर पुत्र राजेन्द्र, रामौतार पुत्र भोगी सिंह, राहुल पुत्र जगदीश, दिनेश पुत्र राजवीर, जयचंद पुत्र गीतम को विद्युत चोरी करते हुए पाया। इन सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत कार्यवाही की गई।

## गढ़ बृजघाट टोल प्लाजा समाप्ति पर रोष

» मदरलैंड संवाददाता



गढ़मुक्तेश्वर। गढ़ के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा मांग पत्र गढ़ नगर पालिका परिषद के अंतर्गत बृजघाट गढ़ के मध्य लगे टोल प्लाजा को लेकर दिनोंदिन विरोध बढ़ता जा रहा है गढ़ नगर पालिका के एक वार्ड से दूसरे वार्ड में जाने यह हेतु स्थानीय निवासियों को टोल टैक्स देने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है जिससे एक बार से दूसरे वार्ड में जाने पर आए दिन लड़ाई झगड़े होते हुए देखे जा रहे हैं जिससे स्थानीय निवासियों सहित आसपास के क्षेत्र में भी भारी रोष व्याप्त है गढ़ नगरपालिका परिषद के अंतर्गत टोल प्लाजा को हटाने को लेकर समाजसेवी पंकज लोधी ने विभिन्न बिंदुओं को लेकर विभिन्न विभागों में सूचनाएं मंगाई जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय से प्राप्त सूचनाओं में नगर पालिका परिषद के अंतर्गत टोल प्लाजा नहीं लगाया जा सकता एवं एक टोल प्लाजा से दूसरे टोल प्लाजा के बीच 60 किलोमीटर का अंतर होना चाहिए इसके अतिरिक्त आने को खामियों को लेकर टोल प्लाजा की समाप्ति हेतु पंकज लोधी ने हाई कोर्ट में जाने की प्रक्रिया के प्रक्रिया शुरू की हुई है समर्थ शिक्षा सेवा समिति के सचिव उमेश कुमार लोधी की अगुवाई में समर्थ शिक्षा सेवा समिति के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने टोल हटाने को लेकर एसडीएम गढ़ को प्रधानमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा जिसमें अवगत कराया गया की संबंधित विभागों से मिली जानकारी के अनुसार हापुड़ जिले में छिजारसी टोल प्लाजा वर्तमान में संचालित है जोकि गाजियाबाद इकाई के अंतर्गत एवं गढ़ बृजघाट के मध्य स्थापित संचालित टोल प्लाजा के संचालन होने की कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई एवं नगरपालिका के अंतर्गत टोल प्लाजा संचालित होने पर स्थानीय निवासियों से टोल वसूलने पर भी समर्थ शिक्षा सेवा समिति के कार्यकताओं ने विरोध जताया एवं मांग करते हुए अति शीघ्र गढ़ बृजघाट के मध्य टोल प्लाजा को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने की मांग की गई इस मौके पर उमेश कुमार लोधी राजकुमार कर्दम राजेंद्र सिंह औलख कपिल लोधी रिंकू ठाकुर रविंदर गौरव त्यागी राकेश गौरव पावटी आकाश ठाकुर पीयूष दुष्यंत देवेश लोकेश ललित विशु नीरज सुमित मनोज सचिन मनीष आदि मौके पर मौजूद रहे।

# ट्यूशन पढने जा रही दो बच्चियों का अपहरण

## बच्ची दूसरे जनपद के जंगल बदहवास हालत में मिली

» कांति प्रसाद








गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के एक गांव से पांच वर्षीय बच्ची को एक बाईक सवार युवक द्वारा अपहरण करके ले जाने ओर बच्ची के जनपद मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र के गांव महलवाला के पास जंगल में बदहवास हालत में मिलने के बाद ग्रामीणो ने थाने पहुंचकर घटना के विरोध में नारजगी प्रकट करते हुऐ आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। बच्ची के अपहत होने के समय अपहत बच्ची की सात वर्षीय बडी बहन उसके साथ थी जिसने परिजनो को घटना के बारे में जानकारी दी। थाना सिंभावली क्षेत्र के एक गांव में एक पांच वर्षीय बच्ची जब अपनी बडी सात वर्षीय बहन के साथ घर के पास ही सांय करीब साढे तीन बजे एक घर में ट्यूशन पढने जा रही थी तब रास्ते में एक बाईक सवार युवक पांच वर्षीय बच्ची को उठाकर ले गया। जिसकी सूचना उसकी बडी बहन ने घर आकर दी तो परिजनो के होश उड गये ओर बच्ची की तलाश में भागे साथ ही गांव से कुछ दूरी पर स्थित गांव में मेले की डयूटी पर लगे पुलिस कमीर्यो को भी इसकी सूचना दी। बच्ची के परिजन व पुलिसकर्मी जब बच्ची की तलाश में लगे थे तो उन्हें सिंभावली थाना क्षेत्र से लगी सीमा जनपद मेरठ के थाना किठौर क्षेत्र के गांव महलवाला के पास जंगल में बच्ची के बदहवास हालत में मिलने की सूचना मिली। एसपी सहित पुलिस के अधिकारीयों ने घटना की गंभीरता को देखते हुऐ घटना स्थल का दौरा किया ओर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें बनाकर लगाई गई। घटना के संबंध में रिपोर्ट लिखाने के लिए बच्ची के परिजन व ग्रामीण थाना सिंभावली पर पहुंचे ओर थानाध्यक्ष राहुल चैधरी को तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात बाईक सवार आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# एन एच -119 के निर्माण में आ रही समस्याओं का पूरी गंभीरता से निस्तारण कराये : रमाकांत पाण्डेय

» अवनीश त्यागी



बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकांत पाण्डेय ने अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को निर्देश दिए कि पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ एन एच -119 के निर्माण में आ रही समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करते हुए परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराना सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा भूमि एवं परिसम्पत्तियों के मुआवजे के वितरण की रफतार में तेजी लाएं तथा जिन परिसम्पत्तियों पर मुआवजा वितरित करने के बाद भूमि को कब्जामुक्त नहीं किया जा रहा है, संबंधित उप जिलाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक के साथ अग्रहित भूमि को कब्जामुक्त करने की कार्यवाही अमल में लाएं।

जिलाधिकारी पाण्डेय कलैक्ट्रेट परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एनएच-119 के निर्माण में आ रही समस्याओं के निराकरण सम्बन्धी आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग बहुत महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे क्षेत्र के विकास को नए आयाम उपलब्ध होते हैं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनोद कुमार गौड़, उप जिलाधिकारी सदर विक्रमादित्य सिंह मलिक, नजीबाबाद ब्रिजेश कुमार सिंह, चांदपुर कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, धामपुर धीरज कुमार, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग आयुष कुमार, प्रबंधक वरूण चारी के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# नीम हकीमों की ढाल बनें, नोडल अधिकारी कवेक्स

» मदरलैंड संवाददाता

बिजनौर। गांव से लेकर शहरों तक झोलाछाप चिकित्सकों की संख्या सुर्सा के मुंह की तरह लगातार बढ़ रही है। नीम हकीम, चिकित्सक लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। शिकायत के बावजूद इनके खिलाफ विभागीय नोडल अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे। इसी कारण नीम हकीमों का कारोबार फल फूल रहा है। वहीं जांच के नाम पर वर्ष में एक, दो बार नीम हकीमों को फर्जी नोटिस थमा कर उगाही का खेल खेला जाता है।इस समय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में नीम हकीम छमाही देने वालो की लाइन लगी है। ये नीम,हकीम छमाही देकर अपने कारोबार को सुरक्षित करने में लगे हैं। इसी का नतीजा है कि झोलाछाप चिकित्सकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कई मरीज इन नीम हकीमों के द्वारा मरणासन्न स्थिति में पहुंच जाते हैं। यदि इनकी शिकायत करते हैं तो स्वास्थ्य विभाग ऐसे चिकित्सकों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाता बस में एक दो बार जांच के नाम पर चिकित्सकों को अवैधानिक नोटिस थमा दिया जाता है। जिसका कोई रिकार्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में नहीं रखा जाता है। जब कोई शिकायतकर्ता उच्च स्तर पर शिकायत कर देता है तो नीम हकीम के क्लीनिक को सील करने का नाटक किया जाता है बाद में आसानी से सील खोल दी जाती है।

# रोटरी क्लब मानसी और आईएमए की सराहनीय हैल्थ कैम्प

» मदरलैंड संवाददाता



अलीगढ़। नगर निगम के कर्मचारियों अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों के नियमित हेल्थ चेकअप कराए जाने के उद्देश्य रोटरी क्लब मानती और नगर निगम के संयुक्त प्रयास से लगाए गए हेल्थ शिविर दूसरे दिन भी युद्ध स्तर पर जारी रहा सुबह तक लगाए गए हेल्थ चेक अप कैंप में सुबह से ही भीड़ जुटना शुरू हो गई थी दोपहर होते-होते 87 कर्मचारियों का ब्लड प्रेशर और 90 कर्मचारियों की ब्लड शुगर बढ़ी हुई दिखाई दी। हेल्थ शिविर में शामिल डॉक्टरों ने नगर निगम अधिकारी व कर्मचारियों को नियमित रूप से व्यायाम करने और अपनी दिनचर्या को बदलाव लाने की सलाह दी।

इससे पूर्व सुबह हेल्थ शिविर में पहुंचे नगर आयुक्त ने रोटरी क्लब मानसी और आईआईएम का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में नगर निगम के सहयोग से पुनः हेल्थ कैम्प का महानगर की विभिन्न बस्तियों में आयोजन करने की का अनुरोध किया।

नगर आयुक्त प्रेम रंजन सिंह ने कहा रोटरी क्लब मानसी और आईएमए द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है स्वच्छता के सिपाहियों के हेल्थ चेकअप में आईएमए और रोटरी क्लब मानसी की भूमिका अत्यंत सराहनीय है।

नगर निगम में आयोजित हेल्थ चेकअप की समस्त व्यवस्थाएं राजेश गुप्ता कर अधीक्षक एवं मीडिया कवरेज एहसान रब एवं विशेष सहयोग स्टेनो देश दीपक तरुण मोहन पाठक स्टोर कीपर संजय सक्सेना चक्रवती दत्त शर्मा नीतू आदि द्वारा दिया गया द्वारा की गई। हेल्थ चेकअप में आईएमए अध्यक्ष डॉ विपिन गुप्ता डॉ विपिन गोयल डॉ निति गोयल डॉ विनोद सक्सेना डॉ राकेश अग्रवाल सुनीता गुप्ता शशि पवार निधि गुप्ता नीरज संजय आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अस्पतालो व जनसुविधा केन्द्रो पर लगाये जा रहे विशेष गोल्डन कार्ड कैम्प-सीएमओ

मेरठ, शकील सैफी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अखिलेश मोहन ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 2011 की जनगणना के आधार पर सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत चिन्हित पात्र परिवारों के लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड सरकारी प्राइवेट सूचीबद्ध अस्पतालों एवं जन सुविधा केंद्र में विशेष गोल्डन कार्ड कैंप के द्वारा बनाए जा रहे हैं।उन्होने बताया कि गोल्डन कार्ड बनवाने हेतु लाभार्थी मा0 प्रधानमंत्री जी का पत्र मुख्यमंत्री जी का पत्र, राशन कार्ड एवं आधार कार्ड पहचान पत्र नजदीकी सूचीबद्ध सरकारी प्राइवेट अस्पताल एवं जन सुविधा केंद्र पर अपनी पात्रता पता कर सकते हैं। स्मार्टफोन मोबाइल कंप्यूटर पर वेबसाइट mera.pmjay.gov.in पर जाकर भी अपनी पात्रता स्वयं पता की जा सकती है। उन्होने बताया कि टोल फ्री नंबर 1455 एवं 180018004444 पर कॉल कर अपनी पात्रता जानी जा सकती है।

### ट्राईसाईकिल प्राप्त करने हेतु आनलाईन आवेदन करें दिव्यांगजन

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, मेरठ अनिल कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा पात्र दिव्यांगजन को मोटोराइज्ड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराये जाने हेतु आवेदन विभागीय वेबसाईट "http;//hwd.uphq.in पर ऑन-लाइन करना होगा। उन्होने सभी पात्र दिव्यांगजन से अपेक्षा की है कि वह अपना आवेदन पत्र समस्त अभिलेखों सहित विभागीय वेबसाईट http;//hwd.uphq.in पर आन-लाइन आवेदन अपलोड कराना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें नियमानुसार इस योजना से लाभान्वित कराया जा सके। उन्होने बताया कि मोटोराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त करने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा न्यूनतम 80 प्रतिशत या उससे अधिक का दिव्यांगता प्रमाण पत्र, दिव्यांगजन की आयु 16 वर्ष या उससे अधिक हो, दिव्यांगजन या उसके परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रू0 1.80 लाख से अधिक न हो।

### 4 वर्षीय बच्ची के साथ महलवाला के जंगल में दुष्कर्म की आशंका

मदरलैंड संवाददाता, किठौर। किठौर थाना क्षेत्र के गांव महलवाला के जंगल में 4 वर्षीय बच्ची मिली ग्रामीणों ने उस बच्ची को लेकर तुरंत थाने पर आ गए थाना पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए तुरंत रिपोर्ट दर्ज कर डॉक्टरी परीक्षण के लिए मेरठ भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी अरविंद मोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एक 4 वर्षीय बच्ची देवली ढाना थाना गढ़मुक्तेश्वर हापुर से किडनैप हुई थी वह बच्ची आज कस्बा थाना क्षेत्र के गांव महलवाला से बरामद हुई हैं बच्ची की हालत खराब थी जिसे ग्रामीणों ने बच्चे को जंगल में देख लिया तुरंत उसके शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण इकट्ठे हो गए और वह आनन-फानन थाने पर ले आए थाने पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया थाना प्रभारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्ची को डॉक्टरी परीक्षण के लिए मेरठ भेज दिया है इस घटना से क्षेत्र में इस दरिंदे के खिलाफ घंटा घटना को अंजाम दिया है रोष व्याप्त है उन लोगों का यही कहना है कि इस तरह की घटनाएं क्षेत्र को शर्मसार करने वाली होती हैं इस संबंध में सी ओ गढ़मुक्तेश्वर का कहना है क्या फुटेज चेक किया जा रहा है शीघ्र ही आरोपी सलाखों के पीछे होगा।

### पात्र लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाये : जिलाधिकारी

मदरलैंड संवाददाता, बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकान्त पाण्डेय ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अधिक से अधिक समूहों का गठन कर पात्र लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित एनआरएलएम योजना सहित सभी कार्यक्रमों एवं योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें और बेरोजगारी की दर में कमी लाई जा सके। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य की घोषणा की थी जिसके परिणामस्वरूप भारत सरकार और कई राज्य सरकारों ने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिऐ विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। उन्होने समस्त बैंकर्स से कहा कि शीघ्र कृषि के उपरोक्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अधिकाधिक ऋण प्रवाहित कर चालू वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों की प्राप्ति में अपना योगदान दे, जिससे की भारत सरकार की इस योजना में तय समय-सीमा में किसानों की आय दोगुनी करने में सहयोग किया जा सके। जिलाधिकारी पाण्डेय विकास भवन के सभागार में जिला सलाहकार समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कामता प्रसाद सिंह, परियोजना निदेशक वि पी श्रीवास्तव, जिला अग्रणी बैक प्रबंधक, समस्त बैकर्स, संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का पालन करते हुए स्वयं सुरक्षित रहें दूसरों को सुरक्षित रखें: आर.टी.ओ.

» अंजुम सिद्दीकी

सहारनपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत के कफरउ ङ्गरल्लङ्क५ी के माध्यम से स्कूलों में ऑनलाइन प्रशिक्षण का कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को सडक सुरक्षा के नियमों का पालन करने तथा स्वयं सुरक्षित रहते हुये अन्य की सुरक्षा का ध्यान रखने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोगों को मार्ग पर चलने, चैराहों पर रोड कोर्स करने, लगी लाल, हरी व पीली बत्तीयों के बारे में बताया गया कि किसी प्रकार लाल बत्ती जलने पर हमें रूक जाना है, पीली बत्ती जलने पर अलर्ट हो जाना है तथा हरी बत्ती होने पर रास्ता खुला व सुरक्षित समझते हुये आगे बढ़ना है। सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) श्री राधेश्याम ने माध्यमिक शिक्षा और परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा गुरूनानक गर्लस इण्टर कालेज सहारनपुर में उपस्थित होकर आन लाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यह जानकारी दी। कार्यशाला में, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) आर पी मिश्रा, आर के सिंह समर्पित सोशल वेल्फेयर सोसाइटी, सहारनपुर से अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहें। कार्यक्रम में स्कूल के सभी बच्चे उपस्थित रहें, जिनसे ओपन सेशन चलाते हुये उनके पूछे गये प्रश्नों का समाधान किया गया।

# पूर्ति विभाग ने पकड़ा सरकारी राशन का चावल



» धर्मेन्द्र राघव

अलीगढ़। पूर्ति विभाग की टीम ने सूचना पर राजकीय होम्योपैथिक हॉस्पिटल कासिमपुर रोड के सामने घर में छापा मार कार्यवाही करते हुये भारी मात्रा में राशन बरामद किया है।

डीएम चंद्र भूषण सिंह के निर्देश पर डीएसओ राजेश कुमार सोनी के नेतृत्व में मुखबिर खास की सूचना के आधार पर जिला पूर्ति अधिकारी अलीगढ़ के निर्देशानुसार राजकीय होम्योपैथिक हॉस्पिटल कासिमपुर रोड अलीगढ़ के सामने पुलिस बल सी0एस0जी चैकी के पुलिस बल के साथ राजकुमारी पत्नी स्वर्गीय दामोदर के मकान में स्थित दुकान में छापा मारा गया। जिसमें पाया गया कि ट्रक संख्या यूपी 81 सी0टी0- 0620 में चावल लादा जा रहा है जो लगभग लद चुका है मौके पर दुकान में हर्ष पुत्र बनवारी लाल निवासी नगला केशों दरियापुर सासनी हाथरस (ट्रक चालक) सूरजकांत पुत्र खुन्नीराम ग्राम पोस्ट दरियापुर ग्राम नगला केशों सासनी हाथरस (हेल्पर) बिजेंद्र सिंह पुत्र नानक सिंह ग्राम जसेर मोहल्ला जहांगीराबाद अनूपशहर बुलंदशहर, पवन पुत्र जगन्नाथ ग्राम कुंन्जनपुर अलीगढ़ राजेश पुत्र राजेंद्र कुंन्जनपुर मनीष उर्फ मिठठू पुत्र संतोष शर्मा रामबाग कॉलोनी. तथा मुकेश पुत्र अतर सिंह हाल निवासी रविपुरी मूल निवासी ग्राम मवोता सासनी जनपद हाथरस उक्त ट्रक में चावल लादते पाए गए।

# दिनदहाड़े सर्राफ के घर में लूटपाट कर पत्नी की हत्या से हड़कम्प

» अर्जुनदेव वार्ष्णेय

अलीगढ़। थाना क्वार्सी क्षेत्र के सरोज नगर में शुक्रवार की दोपहर दिनदहाड़े ज्वेलर्स के घर में घुसे बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम देते हुए महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के समय महिला घर पर अकेली थी। किसी पड़ोसी ने बदमाशों को आते-जाते नहीं देखा और न किसी तरह की चीख-पुकार व शोर ही सुनाई पड़ा। एक महिला रिश्तेदार के घर पहुंचने पर वारदात की जानकारी हो सकी। महिला बाथरूम में अचेत पड़ी हुई थी। महिला की गीजर के पाइप से गला दबाकर हत्या की गई है। दिनदहाड़े शहर की घनी आबादी में हुई लूट



व हत्या की इस वारदात से पुलिस के होश उड़ गए।

क्वार्सी थाना क्षेत्र के सरोज नगर गली नंबर पांच निवासी कुलदीप वर्मा की नौरंगाबाद में कुलदीप ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। शुक्रवार को कुलदीप रोजोना की तरह अपनी दुकान पर गए थे। घर में 45 वर्षीय पत्नी कंचन वर्मा अकेली थीं। दोपहर के वक्त घुसे बदमाशों ने घर में लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। विरोध पर कंचन की गीजर के पाइप से गला दबाकर हत्या कर दी और माल समेटकर फरार हो गए। शाम करीब चार बजे कंचन की एक महिला रिश्तेदार घर पहुंची। आवाज लगाने पर कोई जबाव नहीं मिला। दरवाजा खुला हुआ था। अंदर पहुंची तो बाथरूम में कंचन अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी जबकि घर का सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। यह देख महिला की चीख निकल पड़ी।

शोर पर पहुंचे पड़ोसियों ने महिला के पति को जानकारी दी और कंचन वर्मा को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात की पड़ोसियों को कानों- कान खबर तक नहीं मिली। महिला की दो बेटियों व बेटे की शादी हो चुकी है। बेटा माता-पिता से अलग रहता है। उधर वारदात के बाद पुलिस के होश उड़ गए। इलाका पुलिस के अलावा एसएसपी मुनिराज, एसपी सिटी कुलदीप सिंह गुनावत, एसपी क्राइम डा. अरविंद कुमार समेत तमाम अधिकारी फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी।

# भीमगोडा में स्थित आपदा नियंत्रण कक्ष के प्रभारी होंग देवेन्द्र कुमार पाण्डेय

» मदरलैंड संवाददाता

सहारनपुर। उत्तराखण्ड राज्य के चमोली जनपद जोशीमठ क्षेत्र में ग्लेशियर टूट जाने से हुई भारी तबाही में उत्तर प्रदेश के अनेकों लोगों के हताहत, लापता और फंसे होने की सूचनाओं को ध्यान में रखते हुए तथा उनके परिवारों से समन्वय के लिए हरिद्वार में उत्तर प्रदेश राज्य के अधिकारिता क्षेत्रान्तर्गत भीमगोडा बैराज पर स्थित गेस्ट हाऊस में 24ग7 कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के संचालन के लिए जिन अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी थी उनको पुनरीक्षित करते हुए उनके स्थान पर नये अधिकारियों, कर्मचारियों की डयूटी तत्काल प्रभाव से लगाई गई है। आपदा नियन्त्रण कक्ष का ऑवरऑल प्रभारी डिप्टी कलेक्टर मोबाइल नंम्बर 9415759241 होंगे।

# हिंदू युवा वाहिनी ने मांगी राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा



» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। प्रदेश महामंत्री सुशील भारद्वाज के दिशा निर्देश पर प्रदेश मंत्री ललित शर्मा, प्रदेश मंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष नीरेश राजपूत, नगर अध्यक्ष रवि सक्सेना, आदि पदाधिकारियों द्वारा जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में एसडीएम को ज्ञापन दिया गया प्रदेश महामंत्री ललित शर्मा एवं आदि पदाधिकारियों ने कहा कि आतंकी गतिविधियों के चलते हिंदूवादी प्रमुख संगठन हिंदू युवा वाहिनी भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एसडीएम साहब द्वारा प्रधानमंत्री तक पहुंचाने के लिए ज्ञापन दिया गया।

हिंदू युवा वाहिनी भारत देश का एक प्रमुख हिंदूवादी संगठन है जो कि उत्तर प्रदेश सहित लगभग 10 राज्यों में हिंदू समाज के और उद्यान एवं हिंदू धर्म की जागरूकता के लिए लगातार कार्यक्रमों के द्वारा सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। हिंदूवादी संगठनों के नेता हमेशा आतंकवादियों के निगाहों पर रहते हैं। जैसे रामबाबू हत्याकांड, कमलेश तिवारी हत्याकांड और अभी हाल में रिंकू शर्मा हत्याकांड यह दशार्ता है। कुछ हिंदू विरोधी एवं देश विरोधी ताकतें संगठन के पदाधिकारियों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इसका खुलासा उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा पी. एफ.आई. के 2 सदस्यों की गिरफ्तारी के समय हुआ है। जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रमुख नेताओं को नुकसान पहुंचाने की बात स्वीकार की है। इस खबर के पता चलते ही हिंदू युवा वाहिनी भारत के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष की सुरक्षा के प्रति बहुत ही चिंतित और परेशान हैं। पिछले 2 वर्ष लखनऊ में एक हिंदूवादी नेता की निर्मम हत्या कर दी गई थी। भविष्य में किसी भी हिंदूवादी नेता के साथ कोई अनहोनी ना हो इसलिए हिंदू युवा वाहिनी भारत ने ज्ञापन देते हुए सुरक्षा प्रदान हेतु जिला अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री तक पहुंचाने के लिए मांग की है। ज्ञापन देने वालों में नगर प्रभारी मनोज शर्मा,नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, राजकुमार नगर उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी कमल कुमार, जिला संयोजक महेश कुमार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय वर्मा,जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र राजपूत, जिला आईटी सेल प्रभारी सौरभ कुमार, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार, कोल उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, सत्यवीर सिंह, सदस्य पप्पू सिंह, आदि पदाधिकारी जिला अधिकारी ऑफिस पर ज्ञापन में उपस्थित रहे।

# किसान पंचायत को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क



» मदरलैंड संवाददाता

किठौर। ग्राम भैसा (मवाना) में रालोद द्वारा आयोजित किसान महापंचायत को कामयाब बनाने के लिए ग्राम महालवाला, लाललियाना, भगवानपुर बांगर, राधना तथा ग्राम गोविंदपुरी में पंचायत को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क तथा नुक्कड़ सभाएं की। और चौधरी अजित सिंह जी अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल का चलो गाऊं की ओर मेरा गाऊँ मेरा संघठन आपके द्वार किसानों के नाम पत्र का वितरण किया गया जिलाध्यक्ष मतलूब गोड़ ने जनता से किसान पंचायत में भारी संख्या में पोहोंचने की अपील की और जबतक सरकार तीनों काले कानूनों की वापिस नहीं लेगे ताबतक किसानों का आंदोलन जारी रहेगा इनके साथ ऐस.सी -ऐस.टी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र खजूरी जी प्रदेश महासचिव शोहराब गयास, दिनेश त्यागी ,पिंटू त्यागी,परवेज,इरफान आढ़ती, तस्वीर दीवानजी,दाऊद मेहबूब, सरफराज प्रधान,लाला प्रधान भगवानपुर, महेश भगवानपुर,रतन सिंह,रागिब राधना,ठेकेदार हकीकत, नासिर,नफीस प्रधान,फारुख प्रधान, जावेद डेन्टर,शाहिद इल्यास, रिजवान राधना,लालू प्रधान, सरफराज अनीस चुकरा, फर्याद चुकरा,मास्टर शहजाद,कादिर नम्बरदार, ताहिर शब्बीर, आरिफ मुश्तेहासंन,करण सिंह गोविंदपुरी,आमिर गुटया,नाजिम अबरार,वाहिद इंतेजार,इमरान महफूज,शाहिद दुधया,खिजर चौधरी,खालिद पड़िया, परवेज तावा, भूरे हामिद आदि वरिष्ठ नेतागण व भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध कब्जाधारियों से यमुना नदी और तालाब की भूमि मुक्त

**मदरलैंड संवाददाता, सहारनपुर।** ज्वाईंट मजिस्ट्रेट उपजिलाधिकारी नकुड हिमांशु नागपाल ने ग्राम ढिक्का कला एवं ढिक्का टपरी में भू-माफियाओं द्वारा यमुना नदी पर किये गये अवैध कब्जें तथा ग्राम गंगोह मजबता बाहर हदूद द्वितीय में स्थित भूमि खसरा संख्या 1469 रकबा 0.902 हेक्टेयर जो अभिलेखों में तालाब की भूमि पर किये गये अवैध कब्जों को मुक्त कब्जे में ले लिया है। उन्होंने कहा कि स्थलीय निरीक्षण कर यमुना नदी की भूमि को खाली कराते हुए अपने कब्जे में ले लिया गया है। इस भूमि पर तट के बराबर में वृक्षारोपण कराया जायेगा ताकि तटबन्धिय ग्राम बाढ की स्थिति से बचा रहे एवं भू-माफियाओं द्वारा इस पर पुनः कब्जा न किया जा सके। हिमांशु नागपाल ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम गंगोह मजबता बाहर हदूद द्वितीय में स्थित भूमि खसरा संख्या 1469 रकबा 0.902 हेक्टेयर जो अभिलेखों में तालाब की भूमि है। भूमि पर हबीबूर्रहमान पुत्र मौहम्मद ईशा, इकराम पुत्र लियाकत, ईशा पुत्र रफीक निवासीगण गंगोह एवं शाहीद निवासी खानपुर अफगान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया हुआ था। जिसे चिन्हित करते हुए प्रश्नगत भूमि से क्षेत्रीय लेखपाल सुरेन्द्र कुमार एवं कुमार परासर की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटवाते हुए तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया गया है।

# मिशन प्रेरणा एवं ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। बेसिक शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में मिशन प्रेरणा और ऑपरेशन कायाकल्प को गति प्रदान करने के लिए आन लाइन यू ट्यूब शेसन का का ऑनलाइन प्रसारण किया गया।

मिशन प्रेरणा एवं ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में किया गया।बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलीगढ़ श्री डॉ. लक्ष्मीकांत पांडे द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रेरणा पोर्टल के डैश बोर्ड के आंकड़ों का प्रदर्शन किया गया।जिसमें जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय टास्क फोर्स के अधिकारियों द्वारा विद्यालयो के ऑनलाइन निरीक्षण न किए जाने की स्थिति पर परिलक्षित हुई।जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया




कि टास्क फोर्स के प्रत्येक अधिकारी द्वारा प्रत्येक माह निर्धारित लक्ष्य 5 विद्यालयों का निरीक्षण अवश्य किया जाय।इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए।तथा आगामी बैठक में यह स्थिति परिलक्षित होती है, तो प्रकरण को गंभीरता से लिया जाएगा। तदोपरांत मुख्य विकास अधिकारी श द्वारा समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्दिष्ट किया गया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत समस्त विद्यालयों का 14 पैरामीटर्स के संतृप्तिकरण का कार्य प्रत्येक दशा में 10 मार्च 2021 तक पूर्ण कराया जाए।यदि इस कार्य मे शिथिलता पाई गई तो उस दशा में संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित खंड विकास अधिकारी के कार्यों का मूल्यांकन करते हुए उनके विरुद्ध यथोचित कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शारदा पोर्टल पर आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं अन्य विभागीय योजनाओं यथा मध्यान्ह भोजन की विस्तृत समीक्षा करते हुए विभागीय निर्देश निर्गत किए गए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्कूल खुलने पर प्रेरणा ज्ञानोत्सव केम्पेन के सम्बंध में विस्तृत निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम कोल अनिता यादव,एसडीएम गभाना श्री प्रवीण यादव,एसडीएम खैर श्री अंजनी कुमार सिंह,एसडीएम इगलास श्री कुलदेव सिंह,जिला विकास अधिकारी,सीएमओ,डीएसओ, डीपीओ,डीआईओएस, परियोजना निदेशक,समाज कल्याण अधिकारी सहित जनपद स्तरीय व विकास खण्ड स्तरीय टास्क फोर्स के सदस्य मौजूद रहे।

# एमसीएम में सॉफ्टवेयर हैकथॉन प्रतियोगिता



» विनोद कुमार

चंडीगढ़। मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर वीमेन के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस ने सॉफ्टवेयर हैकथॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन में प्रतिभागियों द्वारा डवलप एक सॉफ्टवेयर प्रोग्राम द्वारा उनके प्रोग्रामिंग कौशल का परीक्षण किया गया। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया और सी, सी प्लस प्लस, पायथन तथा जावा प्रोग्रामिंग लेंग्वेज का उपयोग करके सॉफ्टवेयर प्रोग्राम विकसित किया। इस हैकथॉन प्रतियोगिता के विजेताओं को शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2021 में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा। पहले तीन स्थिति धारकों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में बीसीए तृतीय वर्ष की सोनालिका और नगमा ने पहला स्थान प्राप्त किया जबकि बीसीए द्वितीय वर्ष की प्रियंका और मिशिका को दूसरा तथा बीसीए द्वितीय वर्ष की दीपाक्षी और गोपिका को तीसरा स्थान मिला।

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने कंप्यूटर विज्ञान विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं सैद्धांतिक ज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोग को बढ़ावा देकर कक्षा में सीखे कौशल को निखारने के लिए एक मंच प्रदान करती हैं।

# श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी को विश्व हिंदू परिषद के सोशल मीडिया प्रभारी ने किया सम्मानित



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार में समर्पित श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी को विश्व हिंदू परिषद के सोशल मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा ने भारतीय संस्कृतिक योगदान के लिए भारत माता का प्रतीकात्मक चित्र भेंट करके सम्मानित किया।

मनोज शर्मा ने कहा कि श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी को सम्मानित करते हुए उनकी संस्था गौरवान्वित महसूस कर रही है। उन्होंने श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी के उज्जवल भविष्य की भी कामना की।

वहीं चंडीगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं साहित्य एवं कला विकास मंच के महासचिव डॉ. विनोद शर्मा ने श्रीराव को इस मौके पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी भारतीय संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने के महान कार्य में जुटे हैं। श्रीराव विजय प्रकाश सिंहजी ने मनोज शर्मा का धन्यवाद किया।

# अमिताभ और अक्षय को धमकाकर अपंग और खोखला होने का परिचय दे रही कांग्रेसः अनिल विज



**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि विपक्ष की सार्थक भूमिका निभाने में असमर्थ कांग्रेस केंद्र सरकार का विरोध करने को सिने स्टारों का सहयोग लेने के लिए अमिताभ और अक्षय जैसे स्टारों को धमका रही है। यह दोनों हस्तियां देश का सम्मान हैं। इनका विरोध करना कांग्रेस पार्टी के अपंग और खोखला होने का परिचायक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को अमिताभ और अक्षय से माफी मांगकर महाराष्ट्र के कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए। बता दें कि महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बॉलीवुड स्टार अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार की फिल्मों की शूटिंग राज्य में नहीं होने देने का चेतावनी दी है।

महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष पटोले ने इन दोनों अभिनेताओं पर महंगाई के दौर में खामोशी अख्तियार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ये दोनों अभिनेता, केंद्र में मनमोहन की सरकार के समय बहुत ट्वीट करते थे। लेकिन अब, जब नरेंद्र मोदी की सरकार में महंगाई इतनी बढ़ गई है और पेट्रोल-डीजल-रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं इन दोनों ने चुप्पी साध रखी है।

## संक्षिप्त समाचार

# आज योग कॉलेज में महामारी के दौरान शांति, सकारात्मकता और समृद्धि पर वेबिनार



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। लॉकडाउन के पश्चात लगभग सभी शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों व शिक्षाथीर्यों ने आन लाईन माध्यम से कक्षाएं लगानी शुरू कर दी हैं। शिक्षकों व छात्राओं से लेकर कोविड-19 के स्वास्थिक दुष्परभाव से कोई भी व्यक्ति बच नहीं सका। यह उन के लिए थोड़ा तनावभरा रहा। यह व्यक्तिगत, सामाजिक व शैक्षिक स्तर पर एक ठहराव था, वे काफी लंबे समय तक एकांत में रहे, जिसके कारण उनमें तनाव, अवसाद व बेचैनी का कारण बना। श्री मनोज परिदा, आई.ए.एस., प्रशासक के सलाहकार, चंडीगढ़ प्रशासन इस के मुख्य अतिथि होंगे तथा ब्रह्म कुमारी शिवानी दीदी अतिथि-वक्ता रहेंगी कॉलेज इसके लिए यू-टयूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफोर्म के जरिये दुनिया में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

# तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में तेज रफ्तार कार ने एक साइवकिल सवार को टक्कर मार दी। टक्कर से साइकिल सवार उछल कर कार की छत पर आ गिरा। इस हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई। दरअसल, कार चालक साइकिल सवार शख्स के शव को कार की छत पर लिए शहर में 10 किलोमीटर तक कार दौड़ाता रहा। बाद में कार चालक मृतक के शव को सन्नी एन्क्लेव के शोरूम के आगे फेंककर फरार हो गया। इसके बाद किसी राहगीर ने सड़क पर पड़े शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद डीएसपी रुपिंदरदीप कौर सोही मौके पर पहुंचीं और आसपास लगे कैमरे की जांच की तो उन्होंने पाया कि कार चालक ही इसे फेंक कर गया है। डीएसपी ने बताया कि मृतक की पहचान एयरोसिटी ब्लॉक में रहने वाले 35 साल के योगेंद्र मंडल के रूप में हुई है जबकि टक्कर मारने वाले कार चालक की पहचान खमाणो निवासी निर्मल सिंह के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 279, 427, 304ए और 201 के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही गाड़ी को कब्जे में ले लिया है। जानाकरी के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे कार चालक निर्मल सिंह जीरकपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहा था। वहीं, फेज-5 में काम करने वाले योगेंद्र मंडल ड्यूटी के लिए साइकिल से जा रहे थे। एयरोसिटी के पास आरोपी कार चालक ने एक गाड़ी को ओवरटेक करने के चक्कर में योगेंद्र को टक्कर मार दी। फिलहाल पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई कर रही है।

# हरियाणा में अब होने लगा गर्मी का अहसास, 27.6 डिग्री पर पहुंचा पारा



चंडीगढ़। हरियाणा में अब फरवरी के दूसरे पखवाड़े के चलते गर्मी का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने गुरुवार को दिन का तापमान औसतन 23.6 डिग्री किया है। यह इस माह में पिछले चार साल में सबसे ज्यादा है। इससे पहले 2018 में यह औसतन 23.2 डिग्री रहा था। उसके बाद 2019 व 2020 में 21 डिग्री रहा था। गुरुवार को भी यह नारनौल में 27.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वी लहरों के दबाव और मध्य भारत में अलग-अलग तरह के वेदर सिस्टम के चलते शीतलहर उत्तर भारत तक नहीं पहुंच सकी। इसके चलते पारा सामान्य से 4 डिग्री तक बढ़ गया। हालांकि, अभी पहाड़ों में पश्चिमी विक्षोभ असर दिखाएंगे। इनके असर से ही कुछ पारा कम होने की संभावना बन सकती है। अगले 15 दिन तक तापमान इसी तरह से सामान्य से कुछ ज्यादा रह सकता है। कृषि विभाग ने कहा कि अभी मौसम से फसलों को ज्यादा दिक्कत नहीं है। देश में अबकी बार रिकॉर्ड 115 लाख टन गेहूं उत्पादन का अनुमान है। रात में अभी ठंड है। अधिकतम तापमान यदि 25 से 26 डिग्री तक रहता है तो कोई दिक्कत नहीं है। बता दें कि प्रदेश में करीब 32 लाख हेक्टेयर में रबी की फसलें हैं। प्रमुख फसल गेहूं 25.20 लाख हेक्टेयर में है। 6.0 लाख हेक्टेयर में सरसों के अलावा जौ और चना के अलावा अन्य फसलें भी हैं।

# व्यंग्य यात्रा को पुरस्कार एक भिक्षुक और अस्पृश्य का सम्मानः प्रेम जनमेजय

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ। व्यंग्य के शुभचिंतकों की अपनी पत्रिका 'व्यंग्य यात्रा' पुरस्कृत हुई। महाराष्ट्र और गोवा के राज्यपाल ने नया ज्ञानोदय और हंस के साथ इसे भी 'हिंदुस्तानी प्रचार सभा' के साहित्यिक पत्रकारिता पुरस्कार की 75 हजार राशि से पुरस्कृत किया। यह पुरस्कार व्यंग्य यात्रा के सभी शुभचिंतकों के श्रम का प्रतिफल है जिन्होंने अपनी कुदालों से इसकी पगडंडिया तैयार की और व्यंग्य पथ का निर्माण किया।

संजीव निगम के कुशल संचालन में आयोजित इस गरिमापूर्ण आयोजन में हिंदुस्तानी प्रचार सभा के ट्रस्टी एवं मानद सचिव फिरोज पैच तथा ट्रस्टी एवं कोषाध्यक्ष अरविंद डेगवेकर की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन एवं शशि निगम की सरस्वती वंदना से हुआ। राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में व्यंग्य यात्रा में प्रकाशित रचना की चर्चा की।

इस अवसर पर व्यंग्य यात्रा के हरीश पाठक, वागीश सारस्वत, चित्रा देसाई अनंत श्रीमाली, कमलेश पाठक, शशि निगम आदि अनेक शुभचिन्तक उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रेम जनमेजय ने कहा यह एक भिक्षुक का सम्मान है। 2004 में जब से यह पत्रिका आरम्भ हुई है तब से इसने भिक्षाम देहि की पुकार लगाई और कटोरा व्यंग्य शुभचिंतकों के सामने रख दिया। 17 वर्ष बाद भी कटोरा भरने वालों ने इसे खाली नहीं रहने दिया। इसे लबालब भरा रखा।

'व्यंग्य यात्रा 'ने कभी साहित्य के राजमार्ग पर चलने का घमंड नहीं पाला है। इस पत्रिका ने पिछले 17 वर्ष से, अपने सहयात्रियों के बल पर, छोटी -छोटी कुदलों से पगडंडिया तैयार की हैं। सार्थक व्यंग्य विमर्श इसका मिशन है। मिशनरी सोच के कारण ही 17 वर्ष पूर्व इसका मूल्य 20 रुपये था और आज भी वही कीमत है। पर साहित्य में इसका मूल्य बढ़ा है। हिंदुस्तानी प्रचार सभा, स्पंदन, पंडित बृजलाल द्विवेदी आदि साहित्यिक पत्रकारिता सम्मानों ने इसे मूल्यवान किया है। मुंबई ने व्यंग्य यात्रा को विशेष स्नेह दिया है। उनके स्नेह के कारण ही व्यंग्य यात्रा मुम्बईकर हो गयी है।

# नड्डा ने कहा कि 200 से अधिक सीटें जीतकर भाजपा बनाएगीं सोनार बंगाल



**बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा 200 सीटों का आंकड़ा पार करके नया इतिहास रचेगी। इसके अलावा अन्य राज्यों केरल, तमिलनाडु में भी भाजपा परचम लहराएगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में ममता के नीचे से जमीन खिसक चुकी है। नड्डा ने कहा कि बंगाल की जनता ने ममता का सरकार को गिराने का मन बना लिया है। वहीं बंगाल की जनता राज्य में बीजेपी की सरकार बनाने का संकेत दे रही है। नड्डा ने कहा कि बंगाल की जनता भ्रष्टाचार, अराजकतावाद से पाना निजात पाना चाहती है, इसकारण दीदी की सरकार को प्रदेश से हटाना चाहती है।

नड्डा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता के नीचे से जमीन खिसक चुकी है। बंगाल की जनता ममता दीदी की सरकार को बदलना चाहती है और भाजपा की सरकार बनाना चाहती है। लोग भ्रष्टाचार, अराजकतावाद से निजात पाना चाहते हैं। नड्डा ने कहा कि बंगाल में जिस तरह से भ्रष्टाचार, अराजकतावाद से लोग त्रस्त हैं। लोग तुष्टीकरण की राजनीत से छुटकारा पाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। वह अभी बंगाल का दौरा करके लौटे हैं। वहीं दो दिन बाद फिर से बंगाल का दौरा करेगा। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बंगाल दौरा होने वाला है। इस दौरान उनकी बहुत सी जनसभाएं भी होनी है।

नड्डा ने कहा कि पीएम की जनसभाओं में भारी भीड़ उमड़ रही है, इससे साफ है कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। जहां तक बंगाल की संस्कृति की रक्षा का प्रश्न है, तब बंगाल सोनार बंगाल बने हैं। ऐसा भाजपा का प्रयास है।

उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि भाजपा ने केरल में अच्छा काम किया है और तामिलनाडु में भाजपा का एआईडीएमके के साथ गठबंधन है। इसके अलावा पांडिचेरी में भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव को चुनाव की तरह लडती है और पंजाब में भी भाजपा सरकार बनाएगी। इससे पहले भाजपा कार्यकताओं ने उनसे मुलाकात की।

# धर्मशाला-मैक्लोडगंज के बीच वाहनों की आवाजाही हेतू अधिसूचना जारी



**धर्मशाला।** (विजयेन्दर शर्मा) उपायुक्त राकेश कुमार प्रजापति ने धर्मशाला से मैक्लोडगंज में यातायात की सुचारू व्यवस्था एवं लोगों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात प्रबंधन योजना लागू करने के संदर्भ में अधिसूचना जारी की है।

उन्होंने कहा कि धर्मशाला से मैक्लोडगंज जाने वाले वाहन फब्बारा चौक से किरपू मोड़ होते हुए मैक्लोडगंज जा सकते हैं जबकि मैक्लोडगंज से धर्मशाला आने वाले वाहन मैक्लो चौक से सैशन हाऊस/उपायुक्त आवास से होते हुए धर्मशाला आ सकते हैं।

उपायुक्त ने यह अधिसूचना मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 59 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस संदर्भ में जारी की है। उन्होंने कहा कि प्रारम्भिक तौर पर 16 फरवरी से 15 अप्रैल, 2021 तक दो महीनों के लिए यातायात प्रबन्धन योजना लागू की गई है।

# किसान आंदोलन प्रदर्शनकारी बुजुर्ग किसान की मौत, शव को चूहों ने कुतरा

**चंडीगढ़।** किसान आंदोलन में डटे हुए बुजुर्ग राजेंद्र की देर रात संदिग्ध कारणों के चलते मौत होने के बाद सोनीपत के सिविल हॉस्पिटल में शव को चूहों ने कुतर डाला। राजेंद्र के शव को सोनीपत के सिविल हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए रखवाया गया था लेकिन हॉस्पिटल के शवगृह में मृतक की आंख-पैर को चूहों द्वारा कुतर दिया गया। मामले के चलते राजेंद्र के परिजनों ने हॉस्पिटल में जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे सीएमओ और पीएमओ की ओर से कार्रवाई के आश्वासन देने के बाद भी स्थिति शांत हुई। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और 3 सदस्य कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए हैं। ज्ञात रहे कि कुंडली धरना स्थल पर अब तक 19 किसानों की मौत हो चुकी है।

कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग को लेकर कुंडली धरना स्थल पर एक और बुजुर्ग किसान की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। परिजनों ने देर रात उनका शव अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में फ्रीजर के अंदर रखवा दिया, जहां पर शव को चूहों ने कुतर दिया। सुबह ग्रामीण व परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो इसका पता चला। इस पर नाराजगी जताते हुए ग्रामीणों व परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले कर्मी पर कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे सीएमओ व पीएमओ ने जांच का आश्वासन दिया, इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा।

जानकारी के मुताबिक, गांव बैंयापुर के राजेंद्र सरोहा (70) चार दिन से कुंडली धरना स्थल पर मौजूद थे। वह पहले भी धरना स्थल पर आते-जाते थे, लेकिन चार दिन से गांव रसोई के पास डटे हुए थे। बुधवार देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। राजेंद्र को अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

परिजन उनके शव को पोस्टमार्टम करवाने के लिए पोस्टमार्टम हाउस (शव विच्छेदन गृह) में फ्रीजर के अंदर रखकर चले गए। गुरुवार सुबह जब परिजन अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे तो पता लगा कि राजेंद्र के शव के कुछ अंगों को चूहों ने कुतर दिया है।

# वाहन पंजीकरण फजीर्वाड़े मामले में 111 लोगों पर केस दर्ज

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले की पालमपुर पुलिस ने बीएस-4 वाहनों के पंजीकरण फजीर्वाड़े के मामले में बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने इस मामले में एक कर्मचारी समेत 111 लोगों पर एफआईआर दर्ज की। यह आरोपी कर्मचारी आरएलए ब्रांच में तैनात था। एसपी के आदेश के बाद पालमपुर पुलिस ने केस दर्ज किए हैं। इसकी पुष्टि करते हुए डीएसपी पालमपुर अमित शर्मा ने कहा बीएस-4 वाहन पंजीकरण मामले में पुलिस ने अब एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस अब इसकी जांच में जुट गई है। जल्द ही मामले का पूरा पता चल पाएगा।


# सुभाष चावला के घर पर चंडीगढ़ के 22 गांवों के पूर्व सरपंचों ने मुलाकात की



» विनोद कुमार,

चंडीगढ़। चंडीगढ़ कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष सुभाष चावला के घर पर चंडीगढ़ के 22 गांवों के पूर्व सरपंचों, पूर्व पंचों, पूर्व जिला परिषद चेयरमैनो, पूर्व पंचायत समिति सदस्यों ने आकर मुलाकात की। सभी ने सुभाष चावला को पंजाब में कांग्रेस को मिले प्रचंड बहुमत की बधाई दी। सभी पहुंचे हुए कांग्रेस के सदस्यों ने सुभाष चावला को विश्वास दिलाया कि आने वाले चंडीगढ़ के नगर निगम चुनावों में भी कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए भरपूर मेहनत और लगन से साथ देंगे। सुभाष चावला ने गांवों से आए हुए सभी सदस्यों को विश्वास दिलाया कि 21 तारीख को होने वाले पद ग्रहण समारोह के तुरंत बाद गांवों की समस्याओं को लेकर प्रशासन और नगर निगम के खिलाफ अभियान छेड़ा जाएगा। सभी सदस्यों ने आपस में लड्डू बांट कर पंजाब में मिली जीत की खुशी मनाई।

# पार्वती नदी के किनारों पर खतरनाक स्पॉट पर होगी फेसिंग, डीसी ने दिए निर्देश



**कसोल।** कुल्लू जिला की धार्मिक पर्यटक नगरी मणिकर्ण घाटी में लगातार नदी में फिसलने से पर्यटको की मौतें हो रही हैं। ऐसे में डीसी कुल्लू डाक्टर ऋचा वर्मा ने विभागीय अधिकारियों को पार्वती नदी किनारे स्पॉट चिन्हित कर फेसिंग करने के निर्देश दिए है। ऐसे करने से पार्वती नदी में हो रहे हादसों को रोका जा सकेगा। हाल ही में बीते सप्ताह पत्थरों से फिलसने से 20 साल का टूरिस्ट नदी में डूब गया था। इससे पहले, नोएडा का नाबालिग बच्चा मोक्ष भी पार्वती नदी में बह गया था, जिसका अब तक सुराग नहीं लग पाया है। उपायुक्त कुल्लू ऋचा वर्मा ने बताया कि मणिकर्ण घाटी के पार्वती नदी में कुछ स्पॉट में पर्यटकों की नदी में फिसलने से डूबने से हो रही हैं। नदी किनारे सूचना बोर्ड भी लगाए गए हैं और स्थानीय लोगों के द्वारा पर्यटकों को जागरूक भी किया जा रहा है, लेकिन उसके बाबजूद पर्यटक नदी के किनारे उतर रहे हैं। इसे लेकर मणिकर्ण घाटी के सभी स्टेक होल्डर के साथ बैठक भी की गई और स्पॉट को भी विजिट किया गया है। डीसी ने बताया कि पार्वती नदी किनारे स्पॉट चिन्हित कर मणिकर्ण, कसोल छलाल सहित अन्य स्थानों पर फेसिंग के निर्देश दिए गए हैं। पंचायत लेवल की कमेटी महिला मंडल युवक मंडल के साथ मिलकर अभियान चलाए जाएंगे। खतरनाक जगह में रेड फ्लैग लगाए जाएंगे। बता दें कि मणिकर्ण घाटी मे पार्वती नदी में फिसलने से हर साल दर्जनों लोगों की मौत हो रही है। इस बर्ष डेढ माह में आधा दर्जन पर्यटकों की मौत हुई है और दो पर्यटक अभी भी नदी में लापता हैं।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो ई7 पावर

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़ : मोटोरोला ने आज अपनी बेहद लोकप्रिय ई-सीरीज के नए सदस्य फ्रैंचाइज- द मोटो ई7 पावर का भारत में लॉन्च किया है। मोटो ई7 पावर 100 फीसदी भारत में निर्मित डिवाइस है जो असाधारण कीमतों पर अपने वर्ग में अग्रणी फीचर्स के साथ भारतीय उपभोक्ताओं की सभी जरूरतों को पूरा करेगी। नए द मोटो ई7 पावर में 5000 एमएएच की बड़ी बैटरी के साथ आप एक बार चार्ज कर दो दिनों तक अपने फोन पर काम कर सकते हैं। मोटो ई7 पावर शानदार 4जीबी/2जीबी एलपीडीडीआर रैम और मीडिया टैक हेलियो जी25 ऑक्टा-कोर प्रोसेसर के साथ आती है जो हर टच, टैप और स्वाइप के साथ तुरंत रिस्पॉन्ड करता है। मोटो ई7 पावर 64 जीबी/ 32 जीबी बिल्ट-इन स्टोरेज, अपने वर्ग में सर्वश्रेष्ठ और फास्ट ईएमसीपी टेक्नोलॉजी के साथ आता है, इसे माइक्रो एसडी कार्ड के जरिए 1 टीवी तक एक्सपेंड किया जा सकता है। शानदार मोटो ई7 पावर दो शानदार रंगों- ताहिटी ब्लू और कोरल रैड में एक्सक्लुजिव रूप से फ्लिपकार्ट और अग्रणी रीटेल स्टोर्स पर 26 फरवरी दोपहर 12 बजे से उपलब्ध होगा। मोटो ई7 पावर वेरिएन्ट्स में 4जीबी रैम + 64जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत मात्र 8,299 रुपए है और 2जीबी रैम + 32जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत मात्र 7499 रुपए है।

# मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय सुजान सिंह पठानिया के घर पहुंचकर परिजनों से संवेदनाएं व्यक्त कीं



**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने आज पूर्व मंत्री स्वर्गीय सुजान सिंह पठानिया के पैतृक निवास स्थान जिला कांगड़ा के फतेहपुर पहुंचकर उनके शोक संतप्त परिजनों के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सुजान सिंह पठानिया का हाल ही में निधन हो गया था।

मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह, वन मंत्री राकेश पठानिया, पूर्व सांसद कृपाल परमार और अन्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## माता की चिट्ठी दोहों में


माता की चिट्ठी मिली,झंकृत उर के तार।
लगता मुझको मिल गया,यह पूरा संसार।।
माता की चिट्ठी सुखद,जो लगती उपहार।
माता के बस नाम से,खिल जाता उजियार।।
माता की चिट्ठी रचे,पावन इक विश्वास।
माता का तो नाम भर,है नेहिल अहसास।।
चिट्ठी माँ की दे रही,मुझे असीमित प्यार।
लेकर आई संग जो,खिलती हुई बहार।।
चिट्ठी माँ की जब मिली,मुझे मिला आशीष।
माता देती लाड़ नित,रखे हाथ मम शीष।।
माँ की चिट्ठी संग में,लाती है उल्लास।
माँ से ही मिलता हमें,कदम-कदम विश्वास।।
माँ की चिट्ठी नित्य दे,मुझको चोखा ज्ञान।
कहती बेटे हर घड़ी,रहना तू इनसान।।
माँ की चिट्ठी दे खुशी,देती है नित हर्ष।
देती सम्बल है सदा,जीतूँ हर संघर्ष।।
माँ की चिट्ठी कह रही,रखना हरदम ध्यान।
बेटे तू करना सदा,नारी का सम्मान।।
माता की चिट्ठी लगे,हरदम इक वरदान।
जिसका हर इक शब्द नित,देता नव अरमान।।
माँ की चिट्ठी रसभरी,लिए शब्द हर लाड़।
बेटा-बेटी यदि दुखी,माता लेती ताड़।।
माँ की चिट्ठी दे सदा,संतति को उत्साह।
माता लगती है 'शरद',शाहों की नित शाह।।

-प्रो.(डॉ)शरदनारायण खरे

# अटल बिहारी वाजपेयी ने उरई के रसगुल्लों की तारीफें की थीं...!







भारत के सियासत दानों में जवाहरलाल नेहरू सरदार पटेल के बादलोक प्रियता में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष व भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी का भी बड़ा नाम रहा है। ग्वालियर में जन्मे अटलजी भारत के ऐसे सियासत दां रहे हैं जिन को देश दुनिया में अलग ही पहचान मिल सकी है। उनके कविहृदय होने से लेकर हिन्दी प्रेम से लेकर उच्च स्तरीय भाषण कला के मामले में भी उन्हें याद किया जाता रहा है। संसद में उन्हें नेहरू काल में भी लोक प्रियता हासिल थी। उन्हें डॉ. राममनोहर लोहिया के बराबर की लोकप्रियता हासिल रही है। अटलजी लोकप्रिय व मिलनसार राजनेता रहेथे। उनसे मुझे भी दो बार मिलने का मौका रहा था। एक बार उनके भांजे म.प्र. के लोकप्रिय वजीर रहे अनूप मिश्रा ने व एक बार संगीतकार सरोदवादक उस्ताद अमजद अलि खॉन के पिता उस्ताद हाफिज अलि खान साहब के कार्यक्रम में 2002 में उनसे भेंट होने कागौरवमिलाथा। **शेजवलकरसे खासप्रेम** अटल बिहारी वाजपेयी संघ परिवार से थे पर उनमें कट्टरता बिल्कुल न थी। उनमें विद्वानों का आदर करने उन्हें खिलाने पिलाने का भी शौक रहा था। वो एक तरफग्वालियर के दौलतगंज के मंगोड़े खाते रहे थे, यहां के गोलगप्पे भी उन्हें पसन्द थे। वहीं बुन्देलखण्ड जालौन के उरई की जनसभा में यहां के रसगुल्लों का वर्णन तक किया झांसी से कानपुर लाईन पर मायामाहिलका शहर उरई पड़ता उसके पास आते ही रसगुल्ले के स्वाद के चलते मुंह में पानी आ जाता है। ये बात अटलजी खूब चाव सेबताते रहे हैं। रसगुल्लों को कुछ लोग गुलाब जामुन भी कहते हैं। इन्हें उरई शहर में ही नहीं पूरे इलाके में लोकप्रिय मिठाई के तौर पर याद किया जाता है। उरई शहर राजमाता विजयाराजेसिंधिया का भी गृहनगर है। यहां उनके पिता ठाकुर डिप्टीमहेन्द्र सिंह एस.डी.एम. के पद पररहेथे। राजमाता के कई भाई हैं उनमें मामा ध्यानेन्द्र सिंह म.प्र. शासनमेंमंत्री रहे हैं। राजमाता को भा.ज.पा. की आत्मा कहा जाता है। एन.के. शेजवलकर ग्वालियर सांसद , उनके खास लाहकार थे। वो जनसंघ के म.प्र. के अध्यक्ष थे। सुन्दरलाल पटवा उनके मंत्री रहेथे। अटलबिहारी वाजपेयी ग्वालियर आने के दौरान अक्सर राजमाता सिंधिया व शेजवलकरजी के साथ ही घूमते ग्वालियर में देखे जातेथे। आज उनके पुत्र ग्वालियर से लोकसभा के सांसद व पूर्व महापौर हैं विवेक शेजवलकर। बुन्देलखण्ड के उरई के एक प्रख्यात लेखक अयोध्या प्रसादगुप्ता कुमुदजी के अनुसारउरई के रसगुल्ले की चर्चाअटलजी के कारण व इसकीगुणवत्ता के चलते पूरे देशभर में रही है। जैसी महाराष्ट्र के श्रीखण्ड की व कोलकत्ता में बंगाली मिठाई में रसगुल्लों की। इस इलाके में जालौन जिले के कालपी शहरजोउरई से 40 किलोमीटर पर मौजूद है उसका महाभारत के दौर से ही बड़ा नाम है। कालपी में यमुना की एक सहायक नदी पारस नदी रही थी जो वेदव्यासजी के पिताऋषि पारस से जुड़ी है। यहीं वेदव्यास जी का जन्म होना बताया जाता है। इतिहास में भी इसकेप्रमाण हैं। उरई, जालौन से अकबर बादशाह के प्रिय मित्र राजा बीरबल का भी नाम जुड़ा है। उनके दो स्मारक बीरबल का राजमहल व बीरबल की टकसाल भी काल पी में हैं। ये कानपुर झांसी राजमार्ग पर मौजूद है। कालपी रेल्वे स्टेशन भी है। जालौन जिला उत्तरप्रदेश का सबसे पिछड़ा जिला एक दौरमें 80 के दशक में माना जाता रहा है पर अब विकास से अच्छा चल रहा है। यहां की सड़कें उरई से कालपी व उरई से जालौन देखीं जो ग्वालियर व जबलपुर से भी काफी बेहतरहैं। यहां के सांसद भानूप्रसादजी काफी लोकप्रिय व सक्रिय हैं।

**नईम कुरेशी**

## संपादकीय

# इसलिए सबसे छोटा है कलियुग



शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुन ? धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है। सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा। सच्चे संत भिखारी कहलाएंगे और अपमानित होंगे। कथावाचक और झूठे संत ऊंचे आसन पर विराजमान होंगे। तुलसीदास जी ने भी कलियुग के इस रूप का वर्णन किया है। त्रेतायुग में रावण ने सीता का हरण किया लेकिन उनकी मर्जी के बिना उन्हें अपनाना पाप समझा। इस युग में छोटा भाई बड़े भाई के प्रति आज्ञाकारी था। बड़ा भाई अपने स्वार्थ के लिए छोटे भाई के साथ छल नहीं करता था। इसका उदाहरण राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ये चार भाई हैं। त्रेता से जब द्वापर में आते हैं तब पाप बढ़ता दिखता है। द्वापर युग में देवर अपनी भाभी को बीच सभा में नग्न करने की कोशिश करता है जिसका उदाहरण द्रौपदी चीर हरण की घटना है। राजा अपनी शक्ति के मद में अबला स्त्री को हवस का शिकार बनाना चाहता है। इसका उदाहरण जयद्रथ द्वारा द्रौपदी हरण और दुर्योधन द्वारा भीलों की कन्या का हरण करने की घटना है। भाई अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए पूरे परिवार को युद्ध की आग में झोंक देता है इसका उदाहरण महाभारत युद्ध है। लेकिन कलियुग में आये दिन भाई-भाई, बाप-बेटे में स्वार्थ की पूर्ति के लिए लड़ाई होती है। लोगों की काम-वासना इतनी बढ़ गयी है कि आये दिन स्त्रियों का हरण होता है और उन्हें अपमानित किया जाता है। पाप आचरण से भरा हुआ कलियुग अगर अधिक दिनों का होगा तो सृष्टि में हाहाकार मच जाएगा। यही कारण है कि भगवान ने कलियुग को सबसे कम उम्र दिया।

# पूरे विश्व में लग सकता है जयकारा श्री राम का



"विश्व के अलग अलग धर्मों व विश्वासों से संबंध रखने वाले अनेकानेक लेखकों व कवियों ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का गुणगान किया है। विश्व के अनेक देशों में भगवान श्री राम के मंदिर देखे जा सकते हैं। परन्तु दुर्भाग्यवश भारत में ही श्री राम चन्द्र जी के नाम का इस्तेमाल आस्था के लिए कम परन्तु राजनीति के लिए अधिक किया जाने लगा है। अन्य धर्मों के लोगों की भगवान राम के प्रति आस्था व सम्मान की तो बात ही क्या करनी स्वयं हिन्दू धर्म में ही श्री राम पर एकाधिकार जताने की होड़ सी मची हुई। खास तौर पर देश के किसी भी राज्य में जब भी चुनाव करीब होते हैं उस दौरान राम के नाम का इस्तेमाल पूरे जोर शोर से किया जाता है। सर्वविदित है कि जब से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संरक्षण में विश्व हिन्दू परिषद ने चार दशक पूर्व अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का आंदोलन चलाया तब ही से उसके राजनैतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी ने भगवान राम के नाम पर चुनावी राजनीति करनी शुरू कर दी।"

सृष्टि के नायक, सर्वव्यापी भगवान श्री राम चन्द्रको मयार्दा पुरुषोत्तम कहा गया है। पूरा विश्व भगवान श्री राम चन्द्र जी को आस्था व सम्मान की नजरों से देखता है। विश्व के अलग अलग धर्मों व विश्वासों से संबंध रखने वाले अनेकानेक लेखकों व कवियों ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का गुणगान किया है। विश्व के अनेक देशों में भगवान श्री राम के मंदिर देखे जा सकते हैं। परन्तु दुर्भाग्यवश भारत में ही श्री राम चन्द्र जी के नाम का इस्तेमाल आस्था के लिए कम परन्तु राजनीति के लिए अधिक किया जाने लगा है। अन्य धर्मों के लोगों की भगवान राम के प्रति आस्था व सम्मान की तो बात ही क्या करनी स्वयं हिन्दू धर्म में ही श्री राम पर एकाधिकार जताने की होड़ सी मची हुई। खास तौर पर देश के किसी भी राज्य में जब भी चुनाव करीब होते हैं उस दौरान राम के नाम का इस्तेमाल पूरे जोर शोर से किया जाता है। सर्वविदित है कि जब से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संरक्षण में विश्व हिन्दू परिषद ने चार दशक पूर्व अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का आंदोलन चलाया तब ही से उसके राजनैतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी ने भगवान राम के नाम पर चुनावी राजनीति करनी शुरू कर दी। बावजूद इसके कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने मंदिर निर्माण के रास्ते प्रशस्त कर दिए हैं और अब भगवान राम के नाम पर की जाने वाली राजनीति बंद हो जानी चाहिये परन्तु ठीक इसके विपरीत अभी भी राम नाम का सहारा लेकर चुनावों में बढ़त हासिल करने की कोशिश बदस्तूर जारी है। अंतर केवल इतना है कि अब राम के नाम पर राजनीति राम मंदिर निर्माण संबंधी नारों से नहीं बल्कि भगवान राम के नाम के ह्यजय कारों' को लेकर की जाने लगी है। शीघ्र ही आम विधान सभा चुनावों का सामना करने जा रहा राज्य पश्चिम बंगाल आजकल श्री राम के उत्तेजक नारों का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की ऐसी कोई भी रैली या जन सभा नहीं हो रही जहां उत्तेजना फैलाने के अंदाज से ह्यजय श्री राम' के नारे न लगाये जा रहे हों। गत माह कोलकाता में भारत सरकार द्वारानेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 जयंती के मौके पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्य मंत्री ममता बनर्जी दोनों ही मौजूद थे। यहां भी भाजपा समर्थकों द्वारा ह्यजय श्री राम' का नारा लगाया गया। ममता बनर्जी इस से इतना नाराज हो गई कि उन्होंने अपना भाषण ही नहीं दिया और प्रधानमंत्री की मौजूदगी में अपनी आपत्ति व नाराजगी सार्वजनिक रूप से जताई। इस घटना के विषय में जब बी बी सी ने तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्या महुआ मोइत्रा से प्रश्न किया कि -'क्या ममता बनर्जी का ह्यजय श्री राम' के नारे को लेकर इसतरह अपनी नाराजगी जताना ठीक था? इस पर उनका जवाब था कि-ह्व उन्होंने जो किया वो बिल्कुल सही था। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री हैं। और जिस कार्यक्रम में वो शामिल हो रही थीं, वह केंद्र सरकार का कार्यक्रम था। केंद्र सरकार चाहती है तो संविधान में संशोधन करे, उनके पास बहुमत है. ह्यसेक्युलर' शब्द को संविधान से हटा दे। हिंदू राष्ट्र बना दे, फिर कोई दिक़्कत नहीं होगी। जब तक हमारे संविधान में सेक्युलर शब्द है, आप किसी सरकारी कार्यक्रम में धार्मिक नारे नहीं लगा सकते। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इससे 'हमें कोई दिक़्क़त नहीं है। लेकिन हम क्या बोलेंगे और कैसे अपने धर्म का पालन करेंगे, ये हमारा निजी मामला है। जय श्री राम, जय माँ काली, जय माँ दुर्गा बोलने में किसी को कोई दिक़्कत नहीं है। हम माँ दुर्गा की पूजा करते हैं, माँ काली की पूजा करते हैं, सिंह की सवारी करते हैं। कोई हमें ये नहीं बता सकता कि हम कैसे हिंदू धर्म को मानें।

जिनको जय श्री राम बोलना है, उनको बोलने दें। लेकिन आप आज जय श्रीराम क्यों कहते हैं? आप खुद को हिंदू स्थापित करने के लिए नहीं कहते हैं। आप ये इसलिए बोलते हो क्योंकि देश के अल्पसंख्यक घबरा कर, डर कर दुम पीछे करके छिप जाएँगे. हमें दिक़्कत इस बात से है. यदि हम भारतीय समाज में सदियों से चले आ रहे भगवान श्री राम के नाम को समाहित करते हुए संबोधनों पर नजर डालें तो हमें इनके उच्चारण में सद्भाव,विनम्रता,प्रेम व शिष्टाचार साफ तौर पर झलकता है। भारतीय समाज में एक दूसरे को देखकर ह्यराम-राम ह्य बोले जाने की पुरानी परंपरा है। इसके अतिरिक्त ह्यसीता राम' और ह्यजय सिया राम' भी बोला जाता है। और यदि सामूहिक रूप से जयकारा भी लगाया जाता है तो उसमें भी ह्यश्री राम चंद्र की' -'जय' का उद्घोष किया जाता है। उपरोक्त किसी भी संबोधन में किसी तरह के उकसावे या भड़काने अथवा आक्रामकता का नहीं बल्कि विनम्रता का एहसास होता है। परन्तु निश्चित रूप से राम मंदिर आंदोलन के समय से आंदोलनकारियों द्वारा सुनियोजित तरीके से प्रचारित किये गए ह्यजय श्री राम' के नारे तथा इसके बोलने के अंदाज में वही आक्रामकता दिखाई देती है जिसका जिक्र महुआ मोइत्राने अपने साक्षात्कार में किया है। गृह मंत्री अमित शाह ने ममता बनर्जी की इस आपत्ति का भी राजनैतिक लाभ उठाते हुए गत दिनों पश्चिमी बंगाल में एक सभा में आरोप लगाया कि 'बंगाल के अंदर माहौल ऐसा कर दिया गया है कि ह्यजय श्रीराम' बोलना गुनाह है। उन्होंने पुछा कि ममता दीदी, बंगाल में जय श्रीराम नहीं बोला जाएगा, तो क्या पाकिस्तान में बोला जाएगा?ह्व गृह मंत्री का यह बयान बिना सोचे समझे भावनाओं में बह जाने वाले मतदाताओं पर ममता के ह्यराम विरोधी' होने का वह प्रभाव तो डाल सकता है जो अमित शाहचाहते भी हैं परन्तु उनका यह बयान दरअसल भगवान राम की महिमा,उनके सर्व व्यापी व सृष्टि के नायक होने पर ही सवाल खड़े करता है। जब भगवान राम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं,सर्वव्यापी हैं,कण कण में समाये हुए हैं फिर आखिर उस पाकिस्तान में उनका जयकारा क्यों नहीं लग सकता जो कभी भारत का ही हिस्सा था और आज भी वहां भगवान राम सहित अनेक देवी देवताओं के सैकड़ों मंदिर मौजूद हैं जहाँ आरती पूजा के बाद देवी देवताओं के जयकारे लगाये जाते हैं। अपने चुनावी फायदे के लिये भगवान राम को किसी एक राजनैतिक दल की संपत्ति समझना अथवा उन्हें अयोध्या या पश्चिमी बंगाल तक सीमित रखना बिल्कुल ठीक नहीं है। ऐसा करना उनकी महिमा को कम करने तथा असीम को सीमित करने का प्रयास है। भगवान श्री राम के नाम का प्रेम व सद्भावनापूर्ण जयकारा केवल अयोध्या,उत्तर प्रदेश या बंगाल में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में लग सकता है।

**तनवीर जाफरी**

# तेल की बढ़ती कीमतें



सिद्धार्थ शंकर

पेट्रोल और डीजल की कीमतें पिछले 10 दिनों से लगातार बढ़ रही हैं। इसका नतीजा यह है कि देश के ज्यादातर शहरों में इसकी कीमत 90 से सौ रुपए के बीच पहुंच गई है। मध्यप्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र के कुछ जिलों में यह कीमत सौ रुपए से भी अधिक हो गई है। यही हाल घरेलू गैस का है। इस महीने करीब बारह दिनों में ही एक सिलेंडर की कीमत 75 रुपए बढ़ गई। इसे लेकर स्वाभाविक ही आम लोगों में निराशा और नाराजगी है। विपक्ष को सरकार पर हमला करने का एक और मौका मिल गया है। तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका असर रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली उपभोक्ता वस्तुओं पर भी दिखाई देने लगता है। माल ढुलाई और यातायात खर्च बढ़ जाता है। कल-कारखानों में उत्पादन लागत ऊंची हो जाती है। यानी कुल मिला कर आम नागरिकों की जेब पर चौतरफा बोझ पड़ता है। आमतौर पर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढे से घरेलू बाजार में डीजल और पेट्रोल की कीमतें बढ़ती हैं। मगर अनेक मौकों पर देखा गया है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें काफी कम रही हैं, तब भी हमारे यहां तेल की कीमतें बढ़ी हैं। इस वक्त भी कच्चे तेल की कीमतें इतनी अधिक नहीं हैं कि उसका बोझ डीजल, पेट्रोल की कीमतें बढ़ा कर कम किया जाए। जब केंद्र में भाजपा की अगुआई वाली सरकार पहली बार आई थी, तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें काफी कम हो गई थीं। उस वक्त सरकार ने एलान किया था कि वह तेल की कीमतें कम नहीं करेगी, एक विशेष कर के रूप में उसे एकत्र कर एक तेल पूल तैयार करेगी, जो संकट के समय काम आएगा। वह कर लगातार बढ़ता गया है, पर अब तक न तो उस एकत्र पैसे से कोई तेल पूल तैयार किया गया है और न ऐसा कोई उपाय, जिससे जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें कम हों, तो अधिक से अधिक कच्चा तेल खरीद कर रखा और तेल की कीमतें संतुलित रखी जा सकें। गनीमत है कि पिछले साल जब इसी तरह तेल की कीमतें बढी शुरू हुई थीं, तो कुछ राज्य सरकारों ने अपने यहां वैट दरें घटा दी थीं, जिससे कीमतें कुछ राहत देने वाली हो सकी थीं। मगर राज्य सरकारों की भी अपनी सीमा है, वे बार-बार ऐसा नहीं कर सकतीं। मोदी के सत्ता में आने से पहले देश में तेल की कीमत 75 रुपये प्रति लीटर के आसपास थी जबकि कच्चे तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल थी। अभी कच्चे तेल की कीमत 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है जबकि देश में तेल की कीमत 80 या 90 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से बिक रहा है। इसकी साफ वजह है टैक्स। एक लीटर पेट्रोल के लिए आप जो कीमत चुकाते हैं उसमें दो-तिहाई से अधिक टैक्स होता है। यही वजह है कि कच्चे तेल की कीमत में उतारचढ़ाव से भारत में पेट्रोल की खुदरा कीमत एक तिहाई से भी कम प्रभावित होती है। इसका मतलब है कि कच्चे तेल की कीमत में जो भी बदलाव हो, केवल 30 फीसदी भारतीय खुदरा कीमत ही इससे प्रभावित होगी। इससे 70 फीसदी खुदरा कीमतों पर कोई असर नहीं होगा। तेल की कीमतों में आज जो आग लगी है उसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों का एक्साइज टैक्स जिम्मेदार है। पेट्रोल और डीजल पर टैक्स से केंद्र और राज्य सरकारों को पिछले तीन साल में 14 लाख करोड़ रुपए की कमाई हुई है।




इस मामले में कुछ हद तक राज्य सरकारों के हाथ भी बंधे हुए हैं। इस टैक्स को जिस तरह राज्यों के साथ साझा किया जाता है, केंद्र ने उसका तरीका बदल दिया है। यानी इसका बड़ा हिस्सा अब केंद्र को मिलता है। हाल के वर्षों में केंद्र सरकार ने एक्साइज में शायद ही कोई कटौती की है जबकि इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में गिरावट आई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



संक्षिप्त समाचार

## विपक्षी नेता की गिरफ्तारी के खिलाफ जॉर्जिया के राष्ट्रपति ने इस्तीफा दिया

तबिलिसी। जॉर्जिया के प्रधानमंत्री जियोर्गी गखरिया ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह कदम अदालत के आदेश के बाद उठाया जिसमें सोवियत संघ टूटने बाद स्वतंत्र हुए जॉर्जिया के शीर्ष विपक्षी पार्टी के नेता को गिरफ्तार करने को कहा गया। गखारिया ने कहा कि वह पद छोड़ रहे है क्योंकि उनकी टीम में ही विपक्षी पार्टी यूनाइटेड नेशनल मूवमेंट के अध्यक्ष निका मेलिया पर फैसले को लेकर मतभेद है। उल्लेखनीय है कि तबिलिसी की अदालत ने बुधवार को वर्ष 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान “बड़े पैमाने पर हिंसा” प्रायोजित करने के आरोप में सुनवाई से पहले मेलिया को हिरासत में लेने का आदेश दिया था। अदालत ने यह कदम मेलिया द्वारा 12 हजार डॉलर की जमानत राशि जमा करने से इनकार करने के बाद उठाया। अगर मेलिया दोषी साबित होते हैं तब उन्हें नौ साल कैद की सजा हो सकती है, लेकिन उन्होंने आरोपों से इनकार करते हुए इसे राजनीतिक से प्रेरित बताया है।

## निएंडरथॉल से मिले जीन ने कोरोना का खतरा घटाया

लंदन। एक नये अध्ययन में दावा किया गया है कि अफ्रीका के बाहर करीब 50 प्रतिशत लोगों के शरीर में “निएंडरथॉल” का एक ऐसा जीन है, जिसने उनके कोरोना वायरस के संक्रमण में आने पर गहन चिकित्सा की जरूरत को 20 प्रतिशत तक घटा दिया है। अध्ययन के अनुसार, निएंडरथॉल, आदि मानव का वह समूह था, जो धरती पर प्रतिनूतन युग के दौरान कम से कम दो लाख साल पहले अस्तित्व में आया था। बाद में, उनकी जगह आधुनिक मानव (होमो सेपियंस) ने संभवतः 35,000 से 24,000 साल पहले ली थी। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह जीन वायरस के संक्रमण से आने के बाद गहन चिकित्सा की जरूरत को 20 प्रतिशत तक कम कर देता है। अध्ययन के मुताबिक ओएएस नाम का यह जीन शरीर में उस प्रोटीन की गतिविधियों में एक अहम भूमिका निभाता है, जो वायरल जीनोम को तोड़ता है। अध्ययन में कहा गया है कि इस प्रोटीन का निएंडरथॉल स्वरूप इसे कहीं अधिक कारगर तरीके से करता है। अध्ययन के सह लेखक एवं कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट से संबद्ध हुगो जेबर्ग ने कहा, “इससे यह प्रदर्शित होता है कि निएंडरथल से हमें जो विरासत में मिला है, वह सार्स-कोवि-2 के प्रति हमारी प्रतिक्रिया के मामले में एक दो धारी तलवार है। अध्ययन में यह भी प्रदर्शित किया गया है कि निएंडरथॉल से विरासत में मिले रक्षात्मक जीन ने अंतिम हिमयुग से अपना दायरा बढ़ाया और अब यह अफ्रीका के बाहर रहने वाली करीब आधी आबादी में है।

## कोविड-19 के समाप्त होने के बाद भी सिखाने की जरूरत समाप्त नहीं होगी

वाशिंगटन। सर्च इंजन गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने कहा है कि कोविड-19 के समाप्त होने के पश्चात भी कहीं से भी सीखने और सिखाने की जरूरत समाप्त नहीं होगी। गूगल ने दूर दराज के क्षेत्रों में शिक्षा के लिए 50 से अधिक नए सॉफ्टवेयर टूल जारी किए ताकि शिक्षक और छात्र वैश्विक महामारी के दौरान वर्चुअल कक्षाओं में एक दूसरे से रूबरू होते रहें। पिचाई (48) ने कहा, महामारी समाप्त होने के बाद भी सीखने और सिखाने की जरूरत समाप्त नहीं होगी। हमारे पास यह अवसर है, कि हम कल्पना कर सकें की आगे क्या हो सकता है, इसकारण हमने पिछले वर्ष सीखने और शिक्षा के क्षेत्र पर औपचारिक रूप से ध्यान केन्द्रित किया। उन्होंने कहा कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य विश्व भर की सूचनाओं को व्यवस्थित करना और उसे ऐसा बनाना है कि पूरी दुनिया उस तक पहुंच सके और उससे लाभ ले सके। पिचाई ने कहा, दोनों बड़ी गहराई से जुड़े हैं। सीखना वह है जो सूचना को उपयोगी बनाती है और लोगों को अपने लिए, अपने परिवारों और समुदाय की भलाई के लिए ज्ञान का इस्तेमाल करने लायक बनाती है। गूगल के अनुसार, 17 करोड़ छात्र और शिक्षक दुनिया भर में शिक्षा के लिए ‘गूगल वर्कस्पेस’ का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## हॉलीवुड के अभिनेता जॉनसन ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की इच्छा जताई

वॉशिंगटन। द रॉक के नाम से दुनियाभर में मशहूर हॉलीवुड के अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। उन्होंने खुलासा किया है कि अगर लोग उन्हें राजनीति में लाना चाहते हैं तो वह भविष्य में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में जरूर हिस्सा लेंगे। डब्लूडब्लूई रेसलर से एक्टर बने ड्वेन जॉनसन ने 2017 में भी ऐलान किया था कि वह 2020 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। हालांकि पिछले साल उन्होंने चुनाव लड़ने का विचार छोड़ दिया था। एक साक्षात्कार :में उन्होंने कहा कि मैं भविष्य में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने पर विचार करूंगा। अगर जनता यही चाहती है तो। सच में मेरा मतलब ही है और मैं अपने बयान को किसी भी तरह से फि्लप नहीं कर रहा हूं। यह लोगों के ऊपर होगा। इसलिए मैं इंतजार करूंगा और उन्हें सुनूंगा। जॉनसन ने यह बयान अपने शिटकाम टीवी सीरीज यंग रॉक के प्रमोशन के दौरान कही है। अपनी योजनाओं के बारे में बात करते हुए द रॉक के नाम से मशहूर ड्वेन जॉनसन ने खुलासा किया कि वह अपने योजनाओं को लेकर प्रशंसकों पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपनी उंगली नाड़ी पर और अपना कान जमीन पर रखूंगा।

## कश्मीर में विदेशी डिप्लोमैट्स के दौरे से चिढ़ा पाकिस्तान

इस्लामाबाद। जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों के दौरे को लेकर पाकिस्तान ने गुरुवार को टिप्पणी की है। पड़ोसी देश ने अपील की है कि भारत कश्मीर में तटस्थ इंटरनेशनल पर्यवेक्षकों को भेजे। ये लोग कश्मीरी लोगों से बेरोक-टोक बातचीत करके जमीनी आकलन करें। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने यह मांग की है। बता दें कि बीते दिनों यूरोप, लैटिन अमेरिका और अफ्रीकी देशों के राजनयिक दो दिन के कश्मीर दौरे पर आए थे। इन राजनयिकों ने अगस्त-2019 में संविधान के आर्टिकल 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद केंद्रशासित प्रदेश में जमीनी हालात का जायजा लेने की कोशिश की। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता हाफिज चौधरी ने कहा कि भारत को संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षकों, मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय, ओआईसी स्वतंत्र स्थायी मानवाधिकार आयोग के सदस्यों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया को कश्मीर में जाने और कश्मीरी लोगों से बातचीत करके जमीनी हकीकत का आकलन करने की अनुमति देनी चाहिए।

# चीन का खुलासा- गलवान घाटी की हिंसक झड़प में मारे गए थे 4 पीएलए सैनिक

**पेइचिंग।** वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के समीप गलवान घाटी में भारत के निहत्थे सैनिकों पर कटीले रॉड से हमला करने वाली चीनी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने पहली बार इस खूनी हिंसा में मारे गए सैनिकों की संख्या का ऐलान किया है। पीएलए ने दावा किया कि इस संघर्ष में उसके 4 सैनिक मारे गए थे और एक बुरी तरह से घायल हो गया था। चीनी सेना ने मारे गए सैनिकों के नाम भी जारी किए हैं। चीनी सेना ने भारतीय सेना पर पहले हुए समझौते की शर्तो के उल्लंघन का भी आरोप लगाया। चीन की सेना ने गलवान घाटी में भारतीय जवानों के हाथों मारे गए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और एक वीडियो भी जारी किया है। चीन ने मारे गए 4 सैनिकों के नाम भी बताए हैं। ये हैं-चेन होंगजून, चेन शिआंगरोंग, शियाओ सियुआन, वांग झुओरान। चीनी सेना ने कहा कि इन सैनिकों ने राष्ट्रीय संप्रभुता और अपनी जमीन की रक्षा करते हुए जान दे दी। मारे गए चीनी सैनिकों में एक बटैलियन कमांडर और तीन सैनिक थे। संघर्ष के दौरान चीनी सेना का रेजिमेंटल कमांडर गंभीर रूप से घायल हो गया था।



चीन के सेंट्रल मिलिट्री कमिशन ने कि फाबाओ को “हीरो” के अवार्ड से सम्मानित किया है। चीन ने आरोप लगाया कि भारतीय सेना ने अवैध तरीके से गलवान घाटी में वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार किया था। चीनी सेना ने आरोप लगाया कि भारतीय सेना स्टील की ट्यूब, लाठी और पत्थरों से पीएलए के सैनिकों पर हमला किया। चीनी सेना के अखबार ने कहा, “अप्रैल 2020 से विदेशी सेना (भारत) ने पहले हुए समझौतों का उल्लंघन किया। वे सीमा में घुस आए ताकि सड़कें और पुल बनाया जा सके।” चीनी सेना के अखबार ने कहा कि भारतीय सेना ने जानबूझकर उकसाया और सीमा पर यथास्थिति को बदलने की कोशिश की। भारतीय सैनिकों ने बातचीत करने गए चीनी सैनिकों पर हमला भी किया। एक चीनी सैनिक ने अपनी डायरी में लिखा, “हमारे शत्रु (भारतीय सैनिक) संख्या में हमसे बहुत ज्यादा थे लेकिन हम घबराए नहीं। उनके पत्थर से हमले के बीच हमने उन्हें पीछे धकेल दिया।”


पूर्वी लद्दाख के गलवान घाटी में 15 जून की रात खूनी हिंसा हुई थी। इसमें भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे और चीन ने यह नहीं बताया था कि उसके कितने सैनिक मारे गए थे। रूसी समाचार एजेंसी ने पिछले दिनों बड़ा खुलासा किया था। तास ने बताया कि इस हिंसा में कम से कम 45 चीनी सैनिक मारे गए थे। चीन ने केवल 4 सैनिकों के मारे जाने का यह खुलासा ऐसे समय पर किया है जब दोनों देश एक समझौते पर सहमत हुए हैं और अपनी सेना को पैंगोंग झील से हटा रहे हैं। हालांकि अभी भी देपसांग इलाके को लेकर तनाव बना हुआ है। इससे पहले चीन ने भारत के साथ बैठक में बताया था कि गलवान घाटी संघर्ष में उसके 5 सैनिक मारे गए थे।

# लाल ग्रह के जजेरो क्रेटर के पास उतरा अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का रोवर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ‘नासा’ द्वारा भेजे गए रोवर ने मंगल ग्रह की सतह पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर ली है। एजेंसी ने रात करीब 2।30 बजे अपने मार्स पर्सिवरेंस रोवर को जेजेरो क्रेटर के पास लैंड करने में सफलता हासिल की। अमेरिका अब मंगल पर सबसे ज्यादा रोवर भेजने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। कैलिफोर्निया के पासाडेना में अंतरिक्ष एजेंसी की जेट प्रॉपल्जन लेबोरेटरी में ग्राउंड कंट्रोलर अधिकारियों ने रोवर ‘पर्सवियरन्स’ के मंगल ग्रह की सतह पर उतरने की पुष्टि की। उन्होंने इस ऐतिहासिक घटना पर खुशी जताई और राहत की सांस ली।

सफल लैंडिंग के बारे में धरती तक सिग्नल पहुंचने में साढ़े ग्यारह मिनट का समय लगा और यह समाचार मिलते ही इस प्रोजेक्ट में लगे वैज्ञानिकों ने राहत की सांस ली। अब तक की सबसे जोखिम भरी और ऐतिहासिक खोज का उद्देश्य यह पता लगाना है कि मंगल ग्रह पर क्या कभी जीवन था। अभियान के तहत ग्रह से चट्टानों के टुकड़े भी लाने का प्रयास किया जाएगा जो इस सवाल का जवाब खोजने में अहम साबित हो सकते हैं।

यान नियंत्रक स्वाति मोहन ने घोषणा की कि



सतह पर पहुंचने की पुष्टि हुई। “पर्सवियरन्स” मंगल की सतह पर सुरक्षित तरीके से पहुंच चुका है। पिछले एक सप्ताह में मंगल के लिए यह तीसरी यात्रा है। इससे पहले सऊदी अरब अमीरात और चीन के एक-एक यान भी मंगल के पास की कक्षा में प्रवेश कर गए थे। नासा की पासाडेना, कैलिफोर्निया स्थित जेट प्रणोदन प्रयोगशाला में ‘पर्सविरन्स’ को लाल ग्रह की सतह पर उतारने को लेकर काफी हलचल थी। छह पहिए वाला यह उपकरण मंगल ग्रह पर उतरकर जानकारी जुटाएगा और ऐसी चट्टानें लेकर आएगा जिनकी सहायता से इन सवालों का जवाब मिल सकते हैं कि क्या कभी लाल ग्रह पर जीवन था। वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर कभी मंगल ग्रह पर जीवन रहा भी था तो वह तीन से चार अरब साल पहले रहा होगा, जब ग्रह पर पानी बहता था।

## रूस और भारत को रणनीतिक मामलों के विश्लेषकों को व्यापक वैचारिक आदान-प्रदान करना चाहिए

**मॉस्को।** विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने रूस के साथ भारत की घनिष्ठ एवं विश्वास आधारित भागीदारी की विशिष्ट प्रकृति को रेखांकित कर आह्वान किया कि मजबूत समग्र द्विपक्षीय सहयोग के अनुरूप दोनों देशों के विचारकों तथा रणनीतिक मामलों के विश्लेषकों को व्यापक वैचारिक आदान-प्रदान करना चाहिए। साल की अपनी पहली विदेश यात्रा पर मंगलवार को मॉस्को पहुंचे श्रृंगला ने बुधवार को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लैवरोव से मुलाकात की तथा उप विदेश मंत्री इगोर मोगुलोव के साथ विभिन्न मुद्दों पर व्यपाक चर्चा की। श्रृंगला ने बृहस्पतिवार को रूस के अग्रणी शिक्षाविदों तथा तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के मद्देनजर भारत-रूस भागीदारी से संबंधित रणनीतिक विश्लेषकों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। रूस स्थित भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने हमारे मजबूत समग्र द्विपक्षीय सहयोग के अनुरूप भारत और रूस के विचारकों तथा रणनीतिक मामलों के विश्लेषकों के बीच व्यापक वैचारिक आदान-प्रदान का आह्वान किया। दूतावास ने कहा, इस दौरान श्रृंगला ने रूस के अग्रणी शिक्षाविदों तथा तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के मद्देनजर तथा भारत और रूस की भागीदारी से जुड़े रणनीतिक विचारकों के साथ विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश सचिव ने रूस के साथ हमारी घनिष्ठ और विश्वास आधारित भागीदारी की विशेषट प्रकृति को रेखांकित किया।




म्यांमार में लोकतांत्रिक सरकार को अपदस्थ करने के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए लोग।- फोटो

## टाइम” पत्रिका ने 100 उभरते नेताओं की सूची में भीमा आर्मी के चंद्रशेखर आजाद शामिल

**न्यूयॉर्क।** भविष्य को आकार दे रहे उभरते हुए 100 नेताओं की ‘टाइम’ पत्रिका की सूची में भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता और भारतीय मूल के पांच व्यक्तियों ने जगह हासिल की है। इनमें ट्विटर की शीर्ष वकील विजया गड्डे और ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक शामिल हैं। 2021 टाइम 100 नेक्स्ट दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की ‘टाइम 100’ की श्रृंखला का विस्तार है। इसमें 100 उभरते हुए नेताओं को शामिल किया गया है जो भविष्य को आकार दे रहे हैं।

‘टाइम 100 के संपादकीय निदेशक डैन मैकसाई ने कहा, सूची में शामिल हर कोई इतिहास बनाने को तैयार है। असल में, कई पहले ही इतिहास बना चुके हैं। भारतीय मूल की अन्य हस्तियों में ‘इंस्टाकार्ट’ की संस्थापक और सीआईओ अपूर्वा मेहता और गैर लाभकारी ‘गेट अस पीपीआई’ की कार्यकारी निदेशक शिखा गुप्ता और गैर लाभकारी ‘अपसोल्व’ के रोहन पवुलुरी शामिल हैं। भीम आर्मी के प्रमुख चंद्र शेखर आजाद भी सूची में शामिल हैं, जो अपने नाम में “रावण” भी लगाते हैं। पत्रिका में सुनक के बारे में कहा है कि एक साल से कुछ अधिक समय तक 40 वर्षीय सुनक ब्रिटिश सरकार में गुमनाम कनिष्ठ मंत्री रहे लेकिन पिछले साल उन्हें ब्रिटेन का वित्त मंत्री बनाया गया। वह जल्द ही कोविड-19 महामारी के प्रति सरकार की प्रतिक्रिया का उदारवादी चेहरा बन गए और उन लोगों के लिए राहत के उपायों को मंजूरी दी जिनकी नौकरी वायरस के कारण प्रभावित हुई। पत्रिका में कहा गया है यूवगोव के सर्वेक्षण के मुताबिक सुनक देश के सबसे लोकप्रिय राजनीतिज्ञ हैं और वह ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री के तौर ओडस्मेक की पसंद हैं।

## फ्रांस ने मस्जिद-मदरसों पर निगरानी के लिए बनाया कानून

**पेरिस।** फ्रांस ने देश में बढ़ रहे इस्लामिक आतंकवाद को खत्म करने के लिए एक नए कानून को मंजूरी दी है। अब पुलिस को अधिकार होगा कि वह फ्रांस के मस्जिदों और मदरसों को जब चाहे बंद कर सकती है। इसके अलावा मुस्लिमों के एक से ज्यादा विवाह या फिर जबरन विवाह करने को अपराध घोषित किया गया। इस कानून को फ्रांस की संसद के निचले सदन ने धर्मनिरपेक्ष राज्य में धार्मिक कट्टरवाद को खत्म करने के लिए भारी बहुमत से मंजूरी दी है। कानून के मसौदे को लेकर राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पार्टी ने देशभर में कई रैलियां की थी। जिसके बाद फ्रांस के नेशनल असेंबली में हुई वोटिंग के दौरान 347 सदस्यों ने कानून के पक्ष में वोट दिया, जबकि विरोध में वोट देने वाले सांसदों की संख्या 151 रही। अब संसद के ऊपर सदन में पेश करने की प्लानिंग की जा रही है, जहां मैक्रों की पार्टी के पास बहुमत नहीं है। फिर भी, फ्रांस में कट्टरपंथ के खिलाफ बढ़ते माहौल को देखकर कानून को ऊपरी सदन से भी मंजूरी मिलने के आसार हैं।

हाल में ही फ्रांस ने देश में मुसलमानों का प्रतिनिधित्व करने वाले 8 संगठनों से एक चार्टर पर हस्ताक्षर करने को कहा था, जिसमें आतंकवाद की बुराई और धार्मिक कट्टरपंथ को खत्म करने जैसे उपबंध शामिल थे। लेकिन, कानून न होने के कारण 3 संगठनों ने इस चार्टर पर हस्ताक्षर करने से साफ इनकार कर दिया था। जिसके बाद से फ्रांसीसी सरकार ने इस कानून को बनाया है। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा है कि इस कानून के जरिए देश की धर्मनिरपेक्ष ताकत को मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा देश में बढ़ती आतंकवाद और कट्टरपंथ की घटनाओं पर भी रोक लगाई जा सकती है।

## चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों देशों की सेनाओं के पीछे हटने की प्रक्रिया सुगमता से जारी

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख सीमा पर अग्रिम मोर्चे पर तैनात चीन और भारत के सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया सुगमता से जारी है।



साथ ही उम्मीद जाहिर कि दोनों देश लक्ष्य को हासिल करने के लिए साथ मिलकर प्रयास करने वाले है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ कर्नल वु कियान ने 10 फरवरी को संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर घोषणा की थी कि पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के दक्षिणी एवं उत्तरी किनारों पर अग्रिम मोर्चे पर तैनात चीन और भारत के सैनिकों ने साथ-साथ तथा व्यवस्थित तरीके से पीछे हटना शुरू कर दिया है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया में हुई प्रगति के बारे में पूछे जाने पर कहा, “संबद्ध प्रक्रिया संपूर्ण रूप से सुगमता से चल रही है।

हुआ ने कहा, हमारी कई दौर की वाताओं में बनी सहमति के मुताबिक, अग्रिम मोर्चे के सैनिकों ने दोनों ही ओर साथ-साथ और व्यवस्थित तरीके से पीछे हटना शुरू कर दिया है। सैनिकों की वापसी की समय सीमा पर उन्होंने कहा, मैं इसकी कोई निश्चित समय सीमा से अवगत नहीं हूं। आप सेना से पूछ सकते हैं। गौरतलब है कि नौ महीनों तक पूर्वी लद्दाख में सीमा पर गतिरोध के बाद, दोनों देशों की सेनाएं पैंगोंग झील के उत्तरी एवं दक्षिणी किनारों से पीछे हटने के समझौते पर पहुंची हैं। यह समझौता दोनों देशों के अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों के चरणबद्ध, समन्वित और सत्यापित किये जा सकने वाले तरीकों से पीछे हटने का प्रावधान करता है।

भारतीय थल सेना ने कुछ छोटे वीडियो और तस्वीरें जारी की थी। इनमें पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग सो (झील) के आसपास के स्थानों से चीनी सेना द्वारा अपने सैनिकों की संख्या में कम करने और उसके द्वारा अपने बंकर, शिविर और अन्य सुविधाओं को नष्ट करते देखा जा सकता है। वीडियो में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा कुछ संरचनाओं को समतल करने के लिए बुलडोजर का उपयोग करते हुए दिखाया गया है। साथ ही, इसमें चीन के सैनिकों को उपकरण, वाहनों के साथ पीछे हटने की तैयारी करते भी दिखाया गया है।

## संयुक्त राष्ट्र के दूत ने कहा- म्यांमार में तैनात सैनिकों को भेजा जा रहा बड़े शहर

**जेनेवा।** म्यांमार पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत ने कहा कि उत्तरी रखाइन राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में तैनात सैनिकों को बड़े शहरों में भेजा जा रहा है। सैन्य सरकार के इस कदम से देश में हिंसा और जान-माल के नुकसान की आशंका है। विशेष दूत टॉम एंड्रयूज ने एपी से कहा कि सैन्य तख्तापलट के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों के खिलाफ शुरू में संयम बरत रही पुलिस ने बाद में कई मौके पर रबड़ की गोलियों का इस्तेमाल किया, गोलीबारी की और पानी की बौछारें की। उन्होंने कहा कि वह सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर पुष्टि कर सकते हैं कि रखाइन प्रांत से सैनिकों को कुछ घनी आबादी वाले शहरों में भेजा गया है। रखाइन में 2017 में सेना की कार्रवाई के बाद रोहिंग्या समुदाय के सात लाख से ज्यादा लोगों को बांग्लादेश में पनाह लेनी पड़ी थी।

उन्होंने कहा कि म्यांमार में नौकरशाहों का एक बड़ा धड़ा हड़ताल पर है और सभी निजी बैंक बंद हैं। एंड्रयूज ने कहा, “संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा म्यांमा के सैन्य अधिकारियों और हथियारों की खरीद पर रोक लगाने का कदम प्रभावी होगा लेकिन अगर इससे फर्क नहीं पड़ता है तो आर्थिक पाबंदी लगानी होगी।

# न्यूजीलैंड के स्कूलों में निशुल्क मिलेंगे पीरियड्स से जुड़े उत्पाद

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में महिलाओं के पीरियड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए एक विशेष योजना का ऐलान किया गया है। प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने ऐलान किया है कि स्कूलों में अगले तीन साल तक लड़कियों को पीरियड्स से जुड़े उत्पादों को निशुल्क दिया जाएगा। अर्डर्न ने कहा कि पैड या टैम्पोन की कमी शिक्षा ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और रोजगार पर भी नकारात्मक असर डाल रही है। न्यूजीलैंड सरकार ने यह ऐलान छह महीने के पायलट प्रोजक्ट चलाने के बाद किया है। इस अभियान को न्यूजीलैंड के वेटकॉटो क्षेत्र के 15 स्कूलों में टेस्ट किया गया था। इन स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट की कुल तादाद 3200 के आसपास है। प्रधानमंत्री अर्डर्न ने बताया कि देश की प्राइमरी, इंटरमीडिएट और सेकेंडरी स्कूलों में जून से शुरू होने वाले इस अभियान की कुल लागत करीब 17.96 मिलियन डॉलर के आसपास होगी। नवंबर 2020 में स्कॉटलैंड ने सबसे पहले ऐलान किया था कि वह अपने देश के स्कूलों में मुफ्त में पीरियड प्रोडक्ट उपलब्ध कराएगा। जिसे जरूरत हो वह इन उत्पादों को निशुल्क ले सकते हैं। जिसके बाद कई अन्य देशों ने भी ऐसे प्रोग्राम शुरू किए हैं। जनवरी में ब्रिटेन ने कहा कि वह टैम्पोन पर लगने वाले टैक्स को खत्म करने जा रहा है। इसके अलावा सैनिटरी पैड्स पर लगने वाले लग्जरी वस्तुओं के टैक्स को भी खत्म करने के बारे में कहा था

अमेरिका में भी कम से कम 30 राज्यों में सेनेटरी उत्पादों पर लगने वाले टैक्स लगभग समान हैं। हालांकि, जो बाइडन के राष्ट्रपति बनने के बाद वाइट हाउस ने ऐलान किया है कि जेंडर पॉलिसी काउंसिल को महिलाओं के जीवन से संबंधित मुद्दों, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वास्थ्य देखभाल को लेकर नीतियां बनाने के लिए कहा गया है। ऐसे में अमेरिका भी जल्द ही इन उत्पादों पर टैक्स की दर कम करने को लेकर ऐलान कर सकता है।

## ईरान में भूकंप के झटके, 25 लोग घायल

**तेहरान।** ईरान में 5.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से जुड़े हादसों में कम से कम दस लोग घायल हो गए। ईरान की मीडिया में यह जानकारी दी गई। सरकारी टेलीविजन ने बताया कि राजधानी तेहरान से 500 किलोमीटर दक्षिण में सीसख्त काउंटी में भूकंप के झटके महसूस किए गए। क्षेत्र में राहत एवं बचाव दल को तैनात किया गया है। भुकंप का केन्द्र जमीन से दस किलोमीटर की गहराई पर था। सीसख्त की आबादी 6,000 लोगों की हैं। भूकंप से जानमाल के नुकसान का ब्योरा नहीं मिला है।

# 46 देशों के विश्लेषण में खुलासा, कोरोना की दूसरी लहर ज्यादा खतरनाक

**लंदन।** ये एक सबक है जो पूरी दुनिया ने सीखा है कि किसी भी महामारी की दूसरी लहर ज्यादा खतरनाक होती है। स्पैनिश फ्लू और कोरोना महामारी ने इस बात को पुख्ता कर दिया है। इन दोनों ही महामारियों ने 100 साल के अंतर पर दुनिया के करोड़ों लोगों की जान ली है। 1918 से 1920 तक स्पैनिश फ्लू की वजह से दुनिया भर में करीब 50 करोड़ संक्रमित हुए थे। जबकि, 5 करोड़ लोगों की मौत हुई थी। इस महामारी ने अपनी दूसरी लहर में ज्यादा कोहराम मचाया था। ठीक इसी तरह अब कोरोनावायरस महामारी की दूसरी लहर भी दिखाई दे रही है। दुनियाभर के 46 देशों में



कोरोना महामारी की दूसरी लहर का अध्ययन और मौतों के विश्लेषण के बाद ये बात पुख्ता हो गई कि जिन देशों में कोरोनावायरस की दूसरी लहर आई, वहां ज्यादा कोहराम मचा।

इन 46 देशों में मार्च से लेकर मई 2020 तक पहली लहर में 2.20 लाख लोगों की मौत हुई। जबकि, अक्टूबर से दिसंबर के बीच इन्हीं 46 देशों में मरने वालों की संख्या में करीब 4 लाख लोगों का इजाफा हुआ। यानी 6.20 लाख लोगों की मौत कोरोना की दूसरी लहर आने के बाद हुई। कोरोना वायरस की दूसरी लहर से सबसे ज्यादा यूरोपियन देश प्रभावित हुए। ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम, इटली, नीदरलैंड्स, स्पेन और स्वीडन में कोरोना की दूसरी लहर ने ज्यादा तबाही मचाई। इतना ही नहीं अमेरिका में भी अक्टूबर से दिसंबर के बीच आई कोरोना की दूसरी लहर ने लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया। अमेरिका में मार्च से अक्टूबर के बीच कोरोना के कुल 1 करोड़ मामले सामने आए थे। लेकिन अगले तीन महीने में यानी नवंबर, दिसबंर और जनवरी में ये बढ़कर 2 करोड़ हो गए। फ्रांस, इटली और स्पेन को भी दूसरी लहर में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। सबसे भयावह बात तो ये है कि ब्रिटेन, अफ्रीका जैसे देशों में कोरोना वायरस का नया और ज्यादा संक्रामक स्ट्रेन यानी वैरिएंट कोरोना महामारी की दूसरी लहर में ही सामने आया है। इस समय ब्रिटेन और अफ्रीका के ये दोनों नए कोरोना वैरिएंट ज्यादा तबाही मचा रहे हैं। इतना ही नहीं ये वैरिएंट तेजी से दुनियाभर में फैल रहे हैं। इजरायल में भी दूसरी लहर ने तबाही का आलम पैदा किया।

# डॉ जसवन्त झूंठ के जरनेटर है और बाबा उसके चंगुल में फंस गये हैं: बलजीत यादव

» मदरलैंड, सुनील जालेन्द्रा

बहरोड़। बहरोड़ विधायक बलजीत यादव ने डा. जसवन्त यादव की ओर इसारा करते हुए कहा कि जब उसके बेटे को किसी ने दो चांटे मार दिये तो विधवा विलाप कर रहा है। कहा कि जब सोशल मीडिया पर किसी को भद्दे कोमेंट्स करेगा तो जनता पीटेगी ही। साथ डा. जसवन्त यादव को झूंठ का जरनेटर वहीं सांसद महंत बालकनाथ को नाज का धणी और अमलची बताया। पंचायत समिति सभागार में विधायक बलजीत यादव ने आज पत्रकार वार्ता करते हुए अलवर सांसद महंत बालक नाथ और पूर्व मंत्री डॉ जसवंत यादव पर झूठी राजनीति करने के आरोप लगाए। विधायक ने कहा कि पूर्व मंत्री डॉ जसवंत यादव झूठ के जरनैटर हैं उनके चंगुल में बाबा भी फंस गए हैं। विधायक बलजीत यादव ने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में हुए विकास कार्य को गिनाते हुए अलवर सांसद महंत बालक नाथ को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सांसद गांव दुघेड़ा के पास राजस्थान मोटल के सामने स्थित जमीन को राजस्थान सरकार को दान कर देते हैं तो वह वहां एक बड़ा प्रोजेक्ट राजस्थान सरकार के द्वारा लगभग सकते हैं।



मोहित यादव पर हुए हमले का जिक्र करते हुए कहा कि मोहित यादव के द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी और गाली गलौज की गई थी। जिससे उस पर हमला हुआ था। जब अपने बेटे पर हमला हुआ तो पूर्व मंत्री डॉ जसवंत यादव धरना प्रदर्शन कर रहे हैं और अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। इससे पहले बहरोड़ में उनके मंत्री पद पर रहते हुए नगर पालिका के तत्कालीन उपाध्यक्ष राकेश शर्मा की हत्या की गई थी। गांव गोकुलपुर में दूध डेयरी पर आगजनी की घटना हुई थी। त्रिलोक की हत्या हुई थी। तब डॉ जसवंत यादव संभालने क्यों नहीं आए। विधायक ने कहा कि यदि सामूहिक रूप से प्रेस वार्ता की जाए तो वह आने के लिए तैयार हैं। साथ ही बताया कि बहरोड़ और नीमराना क्षेत्र डार्क जोन में है जिसके लिए मुख्यमंत्री से बात हुई है कि अगर वर्षात के समय यमुना का बेकार बहता पानी साबी नदी में बांध बनाकर डाल दिया जाता हैं तो यहॉ का जल स्तर उंचा हो जायेगा। जिसके लिए सांसद को मुख्यमंत्री के पास ले जाने के लिए तैयार हूॅ यहॉ पानी लाने का सम्पूण पैसा राजस्थान सरकार देगी। लेकिन कोई जवाब नहीं दिया। केन्द्रिय विद्यालय के लिए भिटेड़ा गॉव में जमीन देने के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। अभी नीमराना में भी केन्द्रिय विद्यालय खोलने के लिए प्रयासरत हूॅ।

### वर्तमान आरक्षण व्यवस्था बनी है निरंतर अमीरों का पोशाक

# समतुल्य विचारधारा के संगठनों की मीटिंग रविवार को होगी आयोजित

» मदरलैंड, देशबंधु जोशी

जयपुर। राजनीतिक दलों द्वारा वोट बैंक के लिए सरकारी शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार सहित जाति भेद सहित वर्तमान आरक्षण व्यवस्था ज्वलंत मुद्दों के साथ सामान्य वह पूर्व सामान्य ओबीसी वर्ग की उपेक्षा पूर्ण राजनीति और जातिगत आरक्षण के दुष्प्रभाव विषयों को लेकर सर्व संगठनों की मीटिंग में में जातिगत आरक्षण के दुष्प्रभाव एवं सामान्य वर्ग को दिए जाने वाले 10% आरक्षण में विसंगतियां तथा अन्य सवर्ण हितों के मुद्दों पर वार्ता एव विचार विमर्श के लिए अपने समतुल्य विचार और समभावना रखने वाले अन्य संगठनों की सहमति पर रविवार को मीटिंग आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस मीटिंग में आजमाते मंच भारत ए सिविल सोसाइटी ऑफ इंडिया राष्ट्रीय संगठन, राष्ट्रवादी समानता पार्टी, राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी, राष्ट्रीय समता विकास पार्टी, राष्ट्रवादी जनसंघ, आरक्षण विरोधी पार्टी के प्रतिनिधियों द्वारा बैठक में शामिल होने का विश्वास दिलाया गया है। राष्ट्रीय सवर्ण दल के प्रदेश सचिव बेनी प्रसाद शर्मा ने बताया कि जातिगत आरक्षण के दुष्प्रभाव एवं सामान्य वर्ग को दिए जाने वाले 10% आरक्षण में विसंगतियां तथा संसद विधानसभाओं से निरंतर राजनीतिक आरक्षण से मुक्ति, राज्य सरकार से सामान्य वर्ग आयोग का गठन सहित अन्य सवर्ण हितों के मुद्दों पर वार्ता एव विचार विमर्श के लिए अपने समतुल्य विचार और समभावना रखने वाले अन्य संगठनों की सहमति पर रविवार 21 फरवरी को जयपुर प्रदेश कार्यालय 181 हीरा नगर डीसीएम अजमेर रोड पर 11:00 बजे से 2:00 तक रखी जाएगी, को बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा का ऐलान होते ही सियासत की गतिविधियां इस कदर हावी हो जाती है कि अपने वोट बैंक की खातिर अपनी उपलब्धियां गिनाने के अतिरिक्त उन्हें कुछ और नजर आता ही नहीं और वह जनता का ध्यान कहीं और भटकाने की कोशिश में मशगूल होने लगती हैं। इसी तथ्य को मध्य नजर रखते हुए एक विचारधारा के सभी संगठनों को मिलकर एकता शक्ति प्रदर्शन पर रणनीति तैयार की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी ट्यूबवेल लगवाने की मांग

मदरलैंड संवाददाता, खैरथल कस्बे के वार्ड नंबर 18 में सरकारी ट्यूबवेल लगवाने की मांग राजीव गांधी वेलफेयर सोसाइटी खैरथल नेम किशनगढ़ बास विधायक दीपचंद खेरिया एवं मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर कस्बे के वार्ड नंबर 18 में सरकारी ट्यूबवेल लगवाने की मांग की है खैरथल सोसायटी अध्यक्ष अमित शर्मा ने पत्र में बताया कि वार्ड नंबर 18 की पेयजल सप्लाई खैरथल गांव से होती है वह भी नकारा साबित हो रही है इस वार्ड में पेयजल का कोई अन्य स्त्रोत नहीं है वार्ड वासियों को गर्मी के मौसम में पेयजल दूरदराज के क्षेत्रों से लाना पड़ता है।

### नवनिर्मित प्रवेश द्वार और साला भवन नवीनीकरण का लोकार्पण आज

मदरलैंड संवाददाता, बहरोड़। कस्बे के शहीद धर्मेंद्र यादव राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 1 में शनिवार को नवनिर्मित प्रवेश द्वार और शाला भवन के नवीनीकरण का लोकार्पण समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बलजीत यादव, अध्यक्ष सेठ श्रीधर गुप्ता, उपखंड अधिकारी संतोष कुमार मीणा, नगर पालिका चेयरमैन सीताराम यादव, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शशि कपूर उपस्थित रहेंगे इस अवसर पर वैश्य समाज, मेन बाजार व्यापार मंडल, लायंस क्लब, रॉयल लायंस, भारत विकास परिषद, लियो क्लब अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

### भगवान देवनारायण की जयंती बड़ी हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई

मदरलैंड,अशोक भारद्वाज, कठूमर उपखंड क्षेत्र के ग्राम सहाड़ी में शुक्रवार को भगवान देवनारायण की 1109 वी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर 5 गांवों में भगवान देवनारायण की शोभा यात्रा निकाली गई। देवनारायण मित्र मंडल के अध्यक्ष जीतराम सहाड़ी ने बताया कि शोभायात्रा का शुभारंभ सहाड़ी के देवनारायण मंदिर से हुआ। और शोभायात्रा ग्राम रत्ती का वास, गुंड वास होते हुए वापस सहाड़ी स्थित देवनारायण मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों में 5 गांवों के गुर्जर समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर लखन गुंड वास, खुशीराम गुर्जर, वंशराम गुंडवास, रूपी गुर्जर, रामवीर गुर्जर, रवि गुर्जर, उदय गुर्जर, अजीत फौजी, राम अवतार, गुर्जर वीरेंद्र गुर्जर, सुबह राम, चिंटू गुर्जर, हरिओम गुर्जर, शुभम गुर्जर, राजेंद्र गुर्जर, राम भरोसी गुर्जर, उदय गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों को की जाएगी श्रद्धांजलि

मदरलैंड संवाददाता, अलवर। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि केंद्र सरकार के काले कृषि कानूनों के विरोध में तथा देशव्यापी किसान आंदोलन के समर्थन में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 20 फरवरी शनिवार को किसानों के सम्मान में किसान मजदूर स्वाभिमान पदयात्रा शहर के मुख्य बाजार से निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रातः 10 बजे सुभाष चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय से पदयात्रा रवाना होगी। पदयात्रा त्रिपोलिया, होपसर्कस, घंटाघर,पंसारी बाजार, चर्च रोड़ से होती हुई कम्पनी बाग स्थित शहीद स्मारक पहुंचेगी। यहां किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### श्रम मंत्री टीकाराम जूली शनिवार को होंगे कार्यक्रमों में शामिल

मदरलैंड संवाददाता, अलवर। श्रम, कारखाना एवं बॉयलर्स निरीक्षण विभाग (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता एवं इंदिरा गांधी नहर परियोजना विभाग राज्य मंत्री टीकाराम जूली शनिवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सुबह 10.30 बजे किसानों के सम्मान में आयोजित पदयात्रा, दोपहर 12 बजे हल्दीना चौराहे के पास बाईपास रोड़ मालाखेड़ा में आकाश पाईप फैक्ट्री का उद्घाटन, दोपहर 12.35 बजे नया बस स्टैंड तहसील के पास मालाखेड़ा में किसानों के सम्मान में पद यात्रा व शाम को अलवर शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

# ग्राम पंचायत पंचों की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया

» मदरलैंड, नागपाल शर्मा



माचाड़ी कस्बे के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर शुक्रवार को रैणी तहसील की विभिन्न ग्राम पंचायतो जैसे माचाड़ी, भूलेरी, सालोली, डोरोली,छिलोड़ी, पाटन, राजपुर छोटा, बिलेटा, बबेली आदि ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायती राज आमुखीकरण प्रशिक्षण अभियान के तहत ग्रामीण विभाग की योजनाएं एवं पंचायती राज के तहत ग्राम पंचायत ग्राम सभा व वार्ड सभा एवं वार्ड पंच के दायित्व कृत्य एवं शक्तियां तथा सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में सभी वार्ड पंचों को एक किट जिसमें पेंसिल डायरी बैग व ग्राम पंचायत संबंधी जानकारी की एक किताब सभी को वितरित की गई। कार्यशाला में सभी वार्ड पंचों को मास्टर ट्रेनर भूधरमल मीणा सहायक विकास अधिकारी एवं प्रगति प्रसार अधिकारी राम गोविंद साहू ने सभी उपस्थित लोगों को पंचायती राज व्यवस्था पंचायती राज व्यवस्था में वार्ड का महत्व वार्ड पंच के मुख्य कृत्य ग्राम सभा व उनके कार्य ग्राम पंचायतों के मुख्य कार्य और शक्तियां पंचायत व ग्राम सभा की बैठकों में ग्राम स्तरीय विकास कर्मियों के कार्य की समीक्षा का स्थाई एजेंडा पंचायत सदस्य के रूप में वार्ड पंच होने के नाते आप के कर्तव्य सामाजिक आर्थिक पर्यावरणीय शांति एवं भागीदारी को बढ़ावा देना आदि का प्रशिक्षण दिया। इस कार्यशाला में दोजी राम सैनी कमल कांत महिपाल बीरबल मीणा ने सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम में सभी को अल्पाहार व खाने के पैकेट की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी मुकेश मीणा पंचायत सहायक महेंद्र शर्मा लक्ष्मी नारायण शर्मा आनंद सिंह नरूका कृषि पर्यवेक्षक नीरज मीणा सहित अनेक वार्ड पंच महिला पुरुष व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शासन प्रशासन की अनदेखी से दुर्धटना को आमंत्रण देती सड़क



» मदरलैंड, हीरालाल भूरानी

खैरथल- किशनगढ़ मार्ग पर बास कृपाल नगर के पास स्थित पूर्ण फिलिंग स्टेशन के सामने सड़क के बीच बहुत बड़ा गड्ढा हो चुका है जो कि कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारी इस मार्ग से गुजरते हैं परन्तु किसी भी अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं गया है। किसान आंदोलन के चलते भारी वाहनों का इस मार्ग से होकर गुजरना भी इस गड्ढे के आकार को बड़ा कर दिया है। ढाल पर होने के कारण स्पीड से आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को जब अचानक से गड्ढा दिखता है तो उसका संतुलन बिगड़ जाता है।यह सड़क टोल रोड के अधीन है लेकिन ना तो टोल ठेकेदार और ना ही टोल कंपनी इसे सुधारने की जहमत उठाने के लिए तैयार है। जबकि किसान आंदोलन के चलते सैकड़ों भारी वाहन इस टोल से होकर गुजर रहे हैं और टोल की आमद भी बढ़ गई है, लेकिन इस गड्ढे को सही नहीं कराया जा रहा है।शायद प्रशासन किसी दुर्घटना की इंतजार में हैं।

# सांसद से सीएनजी, गैस एजेंसी, एसबीआई बैंक की शाखा खोलने की मांग



» मदरलैंड, अशोक भारद्वाज

कठूमर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील बजाज व सांसद के सहायक सचिव संतोष कोली ने बताया कि भरतपुर सीट से लोकसभा की सांसद रंजीता कोली ने गुरुवार को दिल्ली स्थित शास्त्री भवन पर जाकर केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की और अपने क्षेत्र की समस्या को लेकर भरतपुर लोकसभा क्षेत्र के कठूमर, खेड़ली, बयाना में सीएनजी पेट्रोल पंप व सीएनजी गैस पाइपलाइन को लेकर गैस एजेंसी खोलने की मांग रखी। जिस पर पेट्रोलियम केंद्रीय मंत्री द्वारा शीघ्र ही उनकी मांगों पर कार्य विचार कर कार्य कराए जाने का केंद्रीय मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया।

इधर भरतपुर सांसद रंजीता कोली ने वित्त मंत्री डॉक्टर निर्मला सीतारमन से मुलाकात कर कठूमर क्षेत्र में एसबीआई बैंक की शाखा खोलने व पहाड़ी तहसील में सहसन स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा को यथावत रखने की मांग की है।

# राठ क्षेत्र के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा में प्राण न्यौछावर कर अलवर जिले को गौरांवित किया: मंत्री जूली

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर। श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर के राठ क्षेत्र के वीर जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर जिले को गौरांवित किया है। देश की रक्षा के लिए जवानों ने कारगिल युद्ध, अक्षर धाम पर आतंकी हमला जैसी घटनाओं में शत्रुओं को परास्त करने में सफलता हासिल की है। श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली शुक्रवार को बहरोड़ क्षेत्र के गंडाला में अमर शहीद हवलदार अजीत सिंह की प्रतिमा अनावरण समारोह में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। जूली ने कहा कि जब-जब शत्रुओं ने देश पर हमले किये है तब-तब भारत के वीर जाबांजों ने अपना सीना तानकर दुश्मनों को धूल चटाने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ में 23 वर्षो तक हवलदार अजीत सिंह ने देश के लिए सेवाएं दी है। उन्होंने आतंकग्रस्त तथा नकस्लवाद प्रभावित क्षेत्रों में अपनी साहसिक सेवा व अदम्य साहस का परिचय दिया है। शहीद हवलदार अजीत कोबरा बटालियन में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए करीब एक वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में वीरता पूर्वक लड़ते हुए शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर क्षेत्र का नाम ऊंचा किया है। गांव के मुख्य मार्गो व सार्वजनिक स्थानों पर लगी शहीदों की प्रतिमाएं एवं शहीद स्मारक इसका जीता-जागता उदाहरण है।इस दौरान शहीद की वीरांगना का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर स्टेट मोटर गैराज मंत्री राजेंद्र यादव, विधायक बलजीत यादव, विधायक राव दान सिंह,पूर्व सांसद डॉ करण सिंह यादव, डॉ आरसी यादव, नगर पालिका चेयरमैन सीताराम यादव, सीआरपीएफ आईजी विक्रम सहगल आदि उपस्थित रहे।



# शहीद हवलदार अजीत सिंह यादव की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम आयोजित हुआ

» मदरलैंड संवाददाता

बहरोड़। पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गंडाला में शुक्रवार को सीआरपीएफ के शहीद हवलदार अजीत सिंह यादव की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि स्टेट मोटर गैराज मंत्री राजेन्द्र यादव, अति विशिष्ट अतिथि श्रम एवं राज्यमंत्री टीकाराम जूली, सीआरपीएफ के राजस्थान सेवारत आईजी विक्रम सिंह सहगल, विशिष्ट अतिथि सांसद डॉ करण सिंह यादव, बहरोड़ विधायक बलजीत यादव, हरियाणा के पूर्व मंत्री और महेंद्रगढ़ विधायक राव दानसिंह, कांग्रेस नेता डॉ आरसी यादव, बहरोड़ नगर पालिका चेयरमैन सीताराम यादव, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बेनी प्रसाद जोशी, सदस्य भवन सनिर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड राजस्थान कृष्ण गोपाल कौशिक ने अनावरण किया। मंत्री राजेन्द्र यादव ने कहा कि शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज हमारा देश हमारे जवानों की वजह से सुरक्षित है। श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राठ क्षेत्र शहीदों का क्षेत्र रहा है। यहां के नौजवानों ने देश की भारतीय सेना और पहला मिलिट्री फोर्स में रहते हुए देश के विभिन्न हिस्सों में अपने प्राणों की आहुति देकर हमारे देश को सुरक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई है। विधायक बलजीत यादव ने कहा कि धन्य है ऐसी मां जिसने अपना लाल खोया और धन्य है ऐसी वीरांगना जिसने अपना सुहाग खोया। लेकिन आज वह हमारे बीच अजर-अमर हो गए। आज समाज में शहीद परिवार सम्मानीय है। जिन्होंने अपने परिवार के चिराग को भारत माता की रक्षा करने के साथ-साथ खोया है। आज के नौजवान युवाओं को इन शहीदों से प्रेरणा लेकर देश सेवा में जाने के लिए हमेशा तैयार रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अतिथियों ने शहीद पत्नी अनीत देवी, माता कमला देवी, बेटे आशीष व अभिषेक, शहीद के भाई



जोगेन्द्र सिंह, सन्दीप यादव सहित पूरे परिवार को शाल व फूल-माला से सम्मान किया गया। आपको बता दें कि गांव गंडाला निवासी शहीद हवलदार अजीत सिंह यादव का जन्म 15 जनवरी 1978 को हुआ था। उनके पिता स्वर्गीय महेंद्र सिंह यादव पूर्व सरपंच रह चुके हैं। वर्तमान में उनकी भाभी गण्डाला गॉव की सरपंच है। उन्होंने 2 अगस्त 1997 को सीआरपीएफ जॉइन किया था। 23 वर्षों की सहासिक सेवा और आतंक ग्रस्त व नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए 204 कोबरा बटालियन में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए 10 फरवरी 2020 को छत्तीसगढ़ में माओवादियों के विरुद्ध मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका देहांत 18 फरवरी 2020 को हो गया था। जबकि उनकी पार्थिव देह गांव में पहुंचने पर 19 फरवरी 2020 को अंतिम तिथि की गई थी। मूर्ति अनावरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंच संचालक अशोक शर्मा व स्कूली छात्रों ने कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के पहॅूचने तक कविता व गीतों के माध्यम से शहीदों की गाथाओं को वर्णन करते हुए समा बांधे रखा।

### दो लोगों की जेब कटी और एक बाईक चोरी हो गई

भारी पुलिस जाब्ते के बीच जबकि दो मंत्री और विधायक कार्यक्रम में शामिल थे। जेबकतरों ने कार्यक्रम में पहॅूचे दो लोगों की जेब काटने का प्रयास किया। जिसमें से एक रामबाबू शर्मा की जेब से पैसे निकाल ले गये। वहीं दूसरे व्यक्ति की जेब को तो काट दिया लेकिन पैसे नहीं ले जा सके। लोगों को जमीन पर पैसे बिखरे हुए देखकर मालूम चला कि किसी ने जेब काटने का प्रयास किया था। चान्दीचाना निवासी सत्यवीर यादव ने बताया कि वह स्कूल के बाहर मेन गेट पर बाईक खड़ी कर अन्दर कार्यक्रम देख रहा था। कार्यक्रम समाप्त होने पर बाहर आया तो बाईक गायब मिली।

# महिला मोर्चा ने जताया सीएम का आभार, मिठाई बांटी

» राजकुमार

हरिद्वार। भाजपा जिला कार्यालय पर मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के द्वारा महिलाओं को पति की संपत्ति में सहखातेदार का अधिकार दिए जाने पर महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री अनु कक्कड़ के नेतृत्व व भाजपा जिला अध्यक्ष जयपाल सिंह चैहान के सानिध्य में धन्यवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें महिलाओं ने पटाखे चला एवं मिष्ठान बांटकर मुख्यमंत्री का धन्यवाद प्रकट किया। अनु कक्कड़ ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक कानूनी अधिकार है जो भाजपा ने महिलाओं को दिया है इस कानून के आने से महिला सशक्त हुई है इस कानून के आने से पत्नी को पति की पैतृक संपत्ति में बराबर का अधिकार मिलेगा। जिसके चलते वह अपने रोजगार को आगे बढ़ाने के लिए उस संपत्ति को मॉर्गेज करके



बैंक से लोन ले सकेगी एवं अपने रोजगार को और अधिक आगे बढ़ा पाएगी। यदि किसी महिला का तलाक हो जाता है एवं वह दूसरा विवाह नहीं करती है तब उस महिला को भी इस संपत्ति मेहक मिलेगा एवं वह अपना भरण पोषण कर सकती है। निसंतान महिला को भी पति के देहांत हो जाने के बाद संपत्ति में अधिकार मिलेगा जिसके चलते वह अपना जीवन यापन कर सकती है केंद्र की भाजपा सरकार एवं प्रदेश की सरकार द्वारा निरंतर महिलाओं के हित में निर्णय लिए जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह चैहान ने कहा की भाजपा सरकार ने लगातार मातृशक्ति को सम्मान दिया है एवं उन्हें आर्थिक मजबूती देने के लिए बहुत सी विकास योजनाओं को लागू किया है। इसलिए सभी प्रदेश सरकार, प्रदेश नेतृत्व का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद करते हैं। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर पटाखे चलाकर ढोल नगाड़े बजाकर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ नेत्री मंजू शर्मा, प्रीति गुप्ता, पूनम चैहान ,रंजना चतुवेर्दी, अश्वनी चैहान ,रूबी बेगम, सरिता सिंह, सुषमा चैहान ,स्नेहा, संगीता गिरी, अनिता वर्मा,जिला कार्यालय प्रभारी लव शर्मा, संजय वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# चकबंदी विभाग ने दिलाया नगर पालिका को भूमि पर कब्जा




» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। नगर पालिका की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को शुक्रवार को प्रशासन ने मुक्त करा लिया। चकबंदी विभाग ने पैमाइश कर भूमि नगरपालिका के हवाले कर दी। भविष्य में इस पर आधुनिक बारात घर बनाए जाने का प्रस्ताव है। नगर पालिका ईओ के रूप में कार्य कर रहे प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी नंदन कुमार लगातार क्षेत्र में व्यवस्था बनाए जाने को कार्य कर रहे है। नगर पालिका के पास अभिलेखों में काफी भूमि है लेकिन उस सब भूमि पर अतिक्रमण किया गया है जिसके चलते पालिका को अपने वाहन खड़े करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका के पास कूड़ा निस्तारण के लिए भी कोई स्थान नहीं है जबकि अभिलेखों में कई एकड़ भूमि दर्शाई जा रही है जो कि नगरपालिका की संपत्ति है। पालिका द्वारा पहले भी प्रयास किए गए लेकिन वह सफल नहीं हुए अब प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी नंदन कुमार द्वारा चकबंदी विभाग को निर्देश दिए गए जिसके बाद कार्य में तेजी आई तथा लगातार भूमि की पैमाइश का काम जारी है। मोहल्ला पठानपुरा स्थित कमोरा तालाब के निकट पिछले दिनों चकबंदी विभाग ने भूमि की पैमाइश की थी। जिसके बाद एक बार फिर पैमाइश का सिलसिला चला शुक्रवार को भूमि की पैमाइश कर चकबंदी अधिकारियों द्वारा भूमि नगरपालिका को हस्तांतरित कर उस पर कब्जा करा दिया गया। इस अवसर पर चकबंदी विभाग के भूले के निरीक्षक इकबाल अली राजस्व उपनिरीक्षक चकबंदी राजकुमार तथा उनकी टीम शामिल रही। नगर पालिका अध्यक्ष हाजी दिलशाद अली का कहना है कि नगरपालिका की जो भी भूमि नगरपालिका को प्राप्त हो रही है उस पर जनहित के लिए ही कोई कार्य किया जाएगा पठानपुरा में जो भूमि पालिका को मिली है उस पर आधुनिक बारात घर बनाए जाने का प्रस्ताव है इसके लिए आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाया जाएगा यदि प्रस्ताव पारित होता है तो नगर पालिका डीपीआर तैयार कराने के बाद आधुनिक बारात घर का निर्माण कार्य शुरू कराएगी। इस अवसर पर नगर पालिका अवर अभियंता गुरुदयाल सिंह, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ शमशाद व अन्य स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मेयर समेत 6 पर हुआ मुकदमा

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। महापौर के पूर्व कर्मचारी की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मेयर समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उससे महापौर की दुश्वारियां बढ़ गई है। बताते चलें कि जनवरी के दूसरे हफ्ते में एक महिला ने मेयर पर छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। जिसके बाद मेयर गौरव गोयल ने सैकड़ों समर्थकों के साथ गंगनहर कोतवाली का घेराव कर प्रदर्शन किया था और अपने ऊपर लगे आरोपों को झूठा करार देते हुए पुलिस अधिकारियों से निष्पक्ष जांच करने की मांग की थी। मेयर द्वारा महिला द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद कोतवाली का घेराव करना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया था। अब जबकि शुक्रवार को मेयर व उनके साथियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हो चुका है तो ऐसे में महापौर की मुश्किल है बढ़ गई है। हालांकि शहर के लोगों का कहना है कि सियासत के कारण मेयर की छवि खराब कनने को उन पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। मेयर एक साफ छवि और विकास पुरूष व्यौंक्ति हैं।

### गेहूं की फसल को लगा पीला रहुआ का ग्रहण

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। पीला रतुआ (यैलो रस्ट) नामक खतरनाक फंगस ने जिले में सैकड़ो बीघा गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया है। इसे गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग ने प्रत्येक न्याय पंचायत पर इस फंगस को खत्म करने वाली कीटनाशक दवा भेज दी है। साथ ही कर्मचारियों के गांव जाकर सैंपलिंग करने का रोस्टर भी तय किया है। हरिद्वार जिले के किसान गन्ने के अलावा मुख्य रूप से गेहूं व धान की खेती करते हैं। उनके खेतों में फिलहाल गेहूं की फसल खड़ी है। लेकिन एक प्रकार के फंगस से होने वाले पीला रतुआ नामक रोग गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। किसान खलील ,इरफान जागेश ने बताया कि इस रोग में गेहूं के पौधे पीले पड़कर खराब हो रहे हैं।बताया कि सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल इस रोग की चपेट में है। इसके रोग के लगातार बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कृषि विभाग भी सतर्क हो गया है। विभाग ने हर न्याय पंचायत स्तर पर बने कृषि केंद्र पर इस रोग को खत्म करने वाली दवा भेज दी है। साथ ही विभागीय कर्मचारियों को गांवों मे भ्रमण कर किसानों को समझाने व इस रोग से ग्रस्त पौधों की सैंपलिंग के लिए रोस्टर भी तय कर दिया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रोपिकोनाजोल (टिल्थ) 25 ईसी दवा के छिड़काव से पीला रतुआ को नियंत्रित किया जा सकता है। सभी केंद्रों पर डीबीटी के माध्यम से 50 प्रतिशत की छूट पर यह दवा किसानों को दी जा रही है।मुख्य कृषि अधिकारी डॉ विकेश कुमार ने बताया कि सभी कर्मचारी गांवों में भ्रमण कर रहे हैं। यदि किसी खेत में पीला रतुआ रोग का प्रकोप है, तो किसान को प्रोपिकोनाजोल दवा का सही तरीके से प्रयोग करके रोग पर नियंत्रण को प्रेरित किया जा रहा है। डॉ. विकेश कुमार सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी, हरिद्वार

### पहले मारपीट, फिर दे दिया तीन तलाक

मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। परिवार की मौजूदगी में पति ने उसे तीन तलाक भी दे दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने दो महिलाओं समेत 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मोहल्ला बंदर टोल निवासी सुमैया खातून का विवाह सहारनपुर निवासी युवक दानिश रजा के साथ हुआ था। पिता मरगूब हसन ने अपनी हैसियत से बढ़कर दान दहेज दिया था, लेकिन इससे ससुराल पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं हुए और लगातार दहेज की मांग करते हुए विवाहिता को प्रताड़ित करते रहे। विवाहिता ने पूरी घटना परिजनों को बताई। परिजनों के बेटी की खुशी के लिए जो भी बन सकता था वह किया लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग नहीं माने तथा लगतार विवाहिता को प्रताड़ित करना जारी रखा। पिछले दिनों पति व अन्य ससुरालियों ने मारपीट की। पति ने परिवार की मौजूदगी में तीन तलाक दे दिया। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता अपने पिता मरगूब हसन के घर पहुंची और पूरी घटना से परिजनों को अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस को तहरीर दी गई। मामले में जांच भी की गई लेकिन मामला सुलझ नहीं पाया। जिसके बाद पुलिस ने विवाहिता की तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न व तीन तलाक की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल यशपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपितों में महिला का पति दानिश रजा, उसका ससुर अब्दुल कादिर, सास गुलरेज, देवर काशिफ, वासिफ तथा आसिफ तथा मोनिस ननंद अनम, देवरानी समनदा निवासी मोहल्ला खान आलमपुरा मंदिर वाली गली थाना जनकपुरी सहारनपुर शामिल हैं।

# अतिक्रमण हटाने व्यापारियों से मांगा सहयोग

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। अतिक्रमण के खिलाफ नगरपालिका ने विशेष कार्य योजना तैयार की है। उससे पूर्व नगर के व्यापारियों के साथ बैठक कर उनसे सुझाव लिए गए। साथ ही व्यापारियों की समस्याएं भी सुनी गई जिनके निस्तारण का आश्वासन दिया गया है। शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी नंदन कुमार ने नगर व्यापार मंडल प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि नगर के किसी भी भाग में अतिक्रमण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटा लेना चाहिए साथ ही व्यापारियों के लिए अतिक्रमण न होना लाभ का काम साबित होगा उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि उनकी दुकान के सामने जगह खाली होगी तो कोई भी ग्राहक आकर अपना वाहन



खड़ा कर उनसे खरीदारी कर सकता है लेकिन जब दुकान के सामने ही अतिक्रमण होगा तो ग्राहक वहां पर रुकना पसंद नहीं करेगा इससे सीधा व्यापारियों के व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने व्यापारियों को कहा कि एक व्यापारी यदि 1 फीट बाहर सामान निकालता है तो दूसरा व्यापारी उससे दोगुना सामान बाहर निकाल लेता है इसी तरह से व्यवस्था बिगड़ती चली जाती है तथा बाजार में पैदल चलना भी दुश्वार साबित हो रहा है। अधिशासी अधिकारी प्रशिक्षु आईएएस नंदन कुमार ने कहा की नाली से बाहर यदि किसी भी व्यापारी का सामान दिखाई देगा तो नगर पालिका कार्रवाई करेगी जुमार्ना भी वसूल करेगी। अन्य कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। कहा कि वह व्यापारियों से अपील कर रहे हैं कि पालिका को सहयोग करें तथा अपने प्रतिष्ठानों के सामने अतिक्रमण न करें न ही अतिक्रमण होने दें। व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने पालिका प्रशासन को बाजार में फल सब्जी व अन्य प्रकार के ठेलें लगाए लगने से अतिक्रमण बढ़ने और आवागमन में परेशानी की बात बताई। इस पर पालिका प्रशासन ने जल्द ही समस्या के समाधान और पालिका के वेंडिंग जोन बनाए जाने की बात कही। व्यापारियों ने पालिका को संपूर्ण रूप से समर्थन व सहयोग दिए जाने की बात कही। कहा कि बाजार में शौचालय तथा पेयजल की व्यवस्था नहीं है। आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल के लिए लोगों को भटकना पड़ता है। हैंडपंप का पानी बेहतर नहीं है इसलिए बाजार में विभिन्न स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित किए जाए। ताकि लोगों को शुद्ध व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके। प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी नंदन कुमार ने व्यापारियों को उनकी समस्याएं दूर करने का आश्वासन दिया। गर्मी से पहले बाजार में पेयजल की व्यवस्था कर दी जाएगी। उन्होंने अधीनस्थों को भी सुलभ शौचालय के लिए भूमि तलाशे जाने के निर्देश दिए। व्यापार मंडल प्रतिनिधियों में लाला दिनेश सिंघल अनुज कुमार अग्रवाल नवीन जैन आदि शामिल रहे इनके अलावा पालिका प्रशासन की ओर से अवर अभियंता गुरुदयाल सिंह, सफाई निरीक्षक आदेश कुमार, खुर्शीद आलम, हसीन खान, दीपक शर्मा, तारिक खान, कमलदीप आदि मौजूद रहे।

# भाजपाई बोले, सरकार ने दिया तोहफा, क्षेत्र का होगा विकास





» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। कैबिनेट में ढंडेरा को नगर पंचायत बनाए जाने का प्रस्ताव पास होने से दूसरे दिन भी क्षेत्र में जश्न चलता रहा। भाजपाईयो ने इसे सरकार का सराहनीय फैंसला बताया। कहा कि सरकार ने क्षेत्र को बड़ा तोहफा दिया है। इससे जलभराव की समस्या के निदान के साथ ही क्षेत्र का विकास होगा। रोजगार के अवसर बढ़ेगें। भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत सबका साथ, सबका विकास की नीति के साथ आगे बढ़ रहे हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा हर क्षेत्र में विकास को गति दी जा रही है। ढंडेरा समेत प्रदेश में 5 निकायो का प्रस्ताव कैबिनेट में पास कर त्रिवेंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि वह गांव को डवलप कर रोजगार और विकास के अवसर बढ़ाने में लगी है। 2011 से सतीश नेगी ढंडेरा को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने के प्रयासों में लगे थे। लगातार उनके द्वारा इसे लेकर वर्तमान और निवर्तमान मुख्यमंत्रियो और प्रधानमंत्रियो को पत्र भेजे जाते रहे। सतीश नेगी ने कहा कि अब जाकर उनकी मेहनत सफल हो पाई है। इसके लिए मुख्यमंत्री, शहरी विकास मंत्री दोनों ही बधाई के पात्र हैं। लक्सर-ढंडेरा रोड़ का निर्माण शुरू होने पर उन्होने केंद्रीय मंत्री निशंक का भी आभार जताया और बधाई दी। कहा कि इससे वर्षो से बनी सड़क की समस्या दूर होगी और लोगों की डगर आसान होगी। पूर्व सैनिक ठाकुर चंदन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने ढंडेरा समेत पूरे प्रदेश को नगर पंचायत के रूप में बड़ी सौगात दी है। पूरे क्षेत्र और प्रदेश के लोगों में इसे लेकर खुशी का माहौल है। हर कोई सरकार की प्रशंसा में लगा है। पूर्व सैनिक एवं प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धर्मवीर शर्मा ने कहा कि ढंडेरा को नगर पंचायत बनाकर त्रिवेंद्र सरकार ने विकास की नीति को साफ कर दिया है। कांग्रेस केवल लोगों को गुमराह करने में लगी है। वहीं पूर्व सैनिक बलवंत सिंह रावत ने कहा कि ढंडेरा को नगर पंचायत का दर्जा दिये जाने का त्रिवेंद्र सरकार का फैंसला सराहनीय है, लेकिन सरकार ने इसमें देर कर दी। उन्होने एक गाने, बहुत दे कर दी, हुजूर आते-आते का भी उदाहरण दिया। कहा कि अब सरकार इसका शासनादेश भी जारी कर दे। तभी त्रिवेंद्र सरकार की कैबिनेट के फैंसले पर विश्वास हो पाएगा। कहा कि अगर नगर पंचायत बनती है तो यह सरकार का सराहनीय कदम होगा और इससे गांव में विकास को बढ़ावा मिलेगा। जलभराव, सड़कों की समस्या दूर होगी।

# कांग्रेसी बोले, हरीश रावत सरकार ने बनाई थी नगर पंचायत

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। ढंडेरा नगर पंचायत के कैबिनेट के फैसले को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठा दिए हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सरकार इसे 4 साल तक दबाए बैठे रही और अब चुनावी मौसम में सरकार ने फायदा लेने की नीयत से ढंडेरा को नगर पंचायत बनाए जाने का लॉलीपॉप दिया है। क्योंकि अभी इसका शासनादेश जारी नहीं हुआ है। ढंडेरा में अपने आवास पर कांग्रेस पीसीसी सदस्य उदय सिंह पुंडीर ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि तत्कालीन हरीश रावत सरकार ने 2016 में ढंडेरा को नगर पंचायत बनाए जाने की घोषणा कर दी थी। 3 जनवरी 2017 को कैबिनेट हरीश रावत कैबिनेट ने इसका प्रस्ताव पारित कर दिया था। जिसके बाद इसका शासनादेश भी जारी कर



दिया गया था लेकिन सत्ता परिवर्तन होते ही भाजपा की त्रिवेंद्र सरकार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। तब से ही ढंडेरा नगर पंचायत का मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ था। हालांकि कई बार इसे लेकर सरकार ने घोषणा की और वह महज घोषणा तक ही सीमित रहा अब शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक और मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ढंडेरा नगर पंचायत को कैबिनेट में पास करा दिया है, लेकिन सरकार ने अभी भी इसका शासनादेश जारी नहीं किया है। जिसे लेकर खानपुर विधानसभा और ढंडेरा के लोग सकते में है। कांग्रेस भी इसे लेकर इसलिए सवाल उठा रही है। पिछले 4 साल से त्रिवेंद्र सरकार ढंडेरा नगर पंचायत के मामले को टालती रही। अब इस पर सरकार कब तक शासनादेश जारी करेगी यह देखने वाली बात होगी। उदय सिंह पुंडीर ने कहा कि मिलाप नगर में जलभराव की समस्या है। ढंडेरा की तमाम गलियां गंदे पानी से लबालब हैं और सरकार अगर वास्तव में ढंडेरा या खानपुर विधानसभा के लोगों की हितैषी है तो सरकार ड्रेनेज प्रोजेक्ट भी तैयार करें जो हरीश रावत सरकार ने पास कर दिया था। यह करीब 2000 करोड़ की लागत का है। त्रिवेंद्र सरकार अगर इस ड्रेनेज सिस्टम को पास करती है तो ढंडेरा में जलभराव की समस्या का निदान होगा और यहां के लोगों को इससे फायदा मिलेगा। विकास प्राधिकरण के सवाल पर उदय पुंडीर ने कहा कि एक राज्य में दो कानून नहीं चल सकते। पहाड़ और प्लान के मुद्दे को सरकार लोगों को बांटना चाह रही है। सरकार को इससे बचना चाहिए। उदय पुंडीर ने नगर निगम में टैक्स बढ़ाए जाने के सवाल पर कहा कि इसे लेकर वह आंदोलन करेंगे। सर्किल रेट पर टैक्स वसूलना आम लोगों का शोषण है। प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रवक्ता श्रीगोपाल नारसन, किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव अनिल पुंडीर, उदय सिंह पुंडीर, जितेंद्र पुंडीर मौजूद रहे।

# विवादों में घिरा पनियाला सामुदायिक केंद्र, बैरंग लौटी जिप सदस्य

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। पनियाला गांव में सामुदायिक केंद्र बनने से पहले ही विवादों में घिर गया है। सामुदायिक केंद्र के निर्माण को लेकर ग्रामीण और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी आमने-सामने आ गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने फिलहाल निर्माण कार्य रुकवा दिया है। जिसके चलते सामुदायिक केंद्र भवन का शिलान्यास करने पहुंची जिप सदस्य को समर्थकों संग बैरंग लौटना पड़ा। जिला पंचायत सदस्य सपना बाल्मीकि ने पनियाला गांव में सामुदायिक केंद्र बनाने के लिए दस लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत कराई थी। बताया गया है कि शुक्रवार को जिप सदस्य ग्रामीणों के साथ समुदायिक केंद्र का शिलान्यास करने के लिए पहुंची। इसी दौरान किसी ने मामले की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दे दी। जिस पर स्वास्थ्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और उक्त भूमि को स्वास्थ्य विभाग की बताते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। जिस पर ग्रामीण भड़क गए इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक भी हुई। राजपाल सिंह, रणवीर, विजयपाल, बिन्नी, सीताराम, दलबीर सिंह, प्रीतम सिंह, यशपाल सैनी, सुषमा देवी, विश्वास आदि ग्रामीणों का कहना है कि जिस जमीन पर सामुदायिक केंद्र बनाया जा रहा है वह एक खंडहर भवन है। जो पिछले 30 वर्षों से बंद पड़ा है। उनका कहना है कि यदि उक्त स्थान पर सामुदायिक केंद्र का निर्माण हो जाए तो इससे ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। वही जिला पंचायत सदस्य सपना बाल्मीकि का कहना है कि करीब एक करोड़ की लागत से पहले ही अस्पताल बन चुका है। ऐसे में अस्पताल के पुराने भवन को ग्राम पंचायत को दे देना चाहिए था। ताकि इसका लाभ ग्रामीणों को मिल सके। उन्होंने पूरे मामले को राजनीतिक साजिश बताया है। वही इमली खेड़ा सीएचसी और पनियाला पीएचसी के इंचार्ज दिल्ली रमन का कहना है कि जिस स्थान पर सामुदायिक केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है व स्वास्थ्य विभाग की है। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन के कागजात मंगवाए जा रहे हैं। यदि जमीन स्वास्थ्य विभाग की निकलती है तो किसी भी सूरत में निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

# फायरिंग में 5 मुकदमा, मारपीट में 3 पर मुकदमा

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट किए जाने के आरोप में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के अनुसार ग्राम ठसका निवासी सोनी पुत्री मुकेश तहरीर देकर बताया कि गांव के कुछ लोग रंजिश के चलते उनके घर में घुस आए। उस समय परिवार के लोग खेत पर काम करने के लिए गए हुए थे। आरोपितों ने उसे और उसकी भाभी को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मुआयना किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित लोकेश व अभिषेक निवासी ग्राम ठसका के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। उधर घर में घुसकर मारपीट करने और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग किए जाने के आरोप में पुलिस ने 5 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के अनुसार गौतम त्यागी पुत्र सतीश त्यागी निवासी बसंत विहार कॉलोनी थाना कोतवाली मंगलौर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 फरवरी की रात करीब साढे 8 बजे पांच आरोपी लाठी-डंडों व हथियारों से लैस होकर उसके घर में आ घुसे और उसे व उसके परिवार के लोगों से मारपीट करने लगे जिसमें वह तथा परिवार के अन्य लोग घायल हो गए आरोपों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की हालांकि फायरिंग में कोई जख्मी नहीं हुआ लेकिन लाठी-डंडों तथा अन्य प्रकार के हत्यारों से परिवार के कई लोगों को चोटें आई हैं। बाद में आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित साजिद उर्फ बिल्ली, उस्मान जाकिर अयाज तथा नूर आलम निवासी ग्राम बिझौली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल यशपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। रुड़की रू स्वयं को अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निरोधक समिति का चेयरमैन बताकर एक व्यक्ति ने नगर निगम रुड़की के कर अनुभाग एवं लेखा अनुभाग के लिपिकों को फर्जी दस्तावेज दिखाकर ठगी का प्रयास किया गया। आरोपित ने भारत की लाट के चिह्न का इस्तेमाल कर फर्जी लेटरपैड छापकर कर्मचारियों पर दबाव बनाया था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है। सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश साह ने बताया की पांच फरवरी 2021 को कृष्णानगर रुड़की निवासी ईश्वर चंद शर्मा रुड़की नगर निगम कार्यालय पहुंचा था। उसने नगर निगम के कर अनुभाग के लिपिक मामचंद कश्यप और लेखा अनुभाग के सहायक लेखाकार गिरधर गोपाल शर्मा को बताया था कि वह अखिल भारतीय भ्रष्टाचार निरोधक समिति का चेयरमैन है। उसने एक लेटर पैड भी दिखाया था। जिस पर अशोक की लाट का चिह्न छपा हुआ था। उसने नगर निगम के कर्मचारियों को बताया था, उसे राष्ट्रपति की तरफ से शक्ति दी गई है। वह किसी भी विभाग में किसी भी अधिकारी को बर्खास्त कर सकता है। साथ ही, किसी पर भी जुमार्ना लगा सकता है। उसने फर्जी तरीके से दस्तावेज दिखाकर दोनों कर्मचारियों से जुमार्ना लगाने के नाम पर रकम की मांग की। जुमार्ने की रकम अपनी संस्था के नाम पर जमा कराने का दबाव भी बनाया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि आरोपित ने फर्जी तरीके से सरकारी संस्थान के समकक्ष संस्था खड़ी की है। मामले में मामचंद कश्यप की तरफ से पुलिस को तहरीर दी गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश साह ने बताया कि आरोपित ईश्वर चंद पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपित पर पहले भी मुजफ्फरनगर, गंगनहर कोतवाली में इस तरह के दो मुकदमे दर्ज हैं। रुड़कीरू विवाह के बाद पति ने पत्नी के हाथ पर किसी और युवक का नाम लिखा देखा तो रिश्ते में दरार पड़ गई। सब रजिस्ट्रार कार्यालय से मिले दस्तावेज से पता चला कि युवती की पहले भी शादी हो चुकी है और पहले पति से तलाक नहीं हुआ है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पत्नी समेत उसके पांच रिश्तेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र निवासी अनुपम की शादी गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती से 16 अप्रैल 2019 को हुई थी। पति का आरोप है कि शादी के पहले ही दिन से पत्नी ने उससे सही तरह से बात नहीं की। पत्नी के हाथ में पहले दिन एक युवक का नाम गुदा देखा तो उसे शक हुआ। युवक का आरोप है कि पत्नी का व्यवहार ठीक नहीं रहा। 12 अक्टूबर 2019 को करवाचैथ के दिन उसकी पत्नी जेवरात लेकर अपने मायके आ गई। युवक का आरोप है कि ससुराल पक्ष के कहने पर जब युवक और उसके स्वजन पत्नी को लेने गए तो उन्हें बंधक बनाकर पीटा गया। साथ ही उन पर तलाक देने का दबाव डाला गया। किसी तरह से वह बचकर घर आ गये। इसी बीच उसे पता चला कि उसकी पत्नी का शहर के एक युवक के साथ संबंध है। जब छानबीन की तो पता चला कि उसकी पत्नी की दो अप्रैल 2016 को उस युवक से शादी हुई थी। उसने सब रजिस्टार कार्यालय से दस्तावेज भी निकलवा लिए। युवक का आरोप है कि 17 जनवरी को दूसरे पक्ष के लोग उसके घर आए और तलाक लेने का दबाव बनाने लगे। जब उसने विरोध किया तो धमकी देकर फरार हो गए। युवक के मुताबिक उसने पत्नी और उसके रिश्तेदारों पर पहली शादी के बावजूद दूसरी शादी कराने के आरोप में तहरीर दी। लेकिन, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। गंगनहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज मैनवाल ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पत्नी प्रिया के अलावा अंजली, मुकेश देवी, उदय, चंद्रपाल सैनी, सुनील आदि पर मुकदमा दर्ज किया है।

# छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। महिला से छेड़छाड़ के मामले में फरार चल रहे एक के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसे लिखा पढ़ी के बाद न्यायालय में पेश कर दिया गया। पुलिस के अनुसार महिला से छेड़छाड़ के आरोप में न्यायालय से जमानत पर छूट कर लगातार न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे एक आरोपित के खिलाफ न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किए थे पुलिस ने आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी के बाद उसे न्यायालय में पेश कर दिया का नाम राजकुमार निवासी ग्राम ठसका बताया गया है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### छोटे वेंचर कैपिटल से मिला स्टार्टअप को आगे बढ़ने का रास्ता: रिपोर्ट

मुंबई। छोटे वेंचर कैपिटल फंड स्टार्टअप तंत्र के लिए प्रमुख मददगार बनकर उभरे हैं और इनके जरिए पिछले तीन वर्षों में 566 स्टार्टअप के लिए 730 सौदे ऐसे हुए, जिनकी राशि तीन करोड़ डॉलर से कम थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक इन 730 सौदों की कुल राशि 34.1 करोड़ डॉलर थी और इनमें पिछले तीन वर्षों के दौरान कई गुना बढ़ोतरी हुई। इंडियन प्राइवेट इक्विटी एंड वेंचर कैपिटल एसोसिएशन (आईवीसीए) और अमेजन सर्विसेज की एक संयुक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि छोटे वेंचर कैपिटल की संख्या 2020 में बढ़कर 88 हो गई, जो 2014 में सिर्फ 29 थी। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दशक में छोटे वेंचर कैपिटल घरेलू स्टार्टअप के लिए बड़े मददगार बने हैं, जिन्होंने न सिर्फ जोखिम पूंजी उपलब्ध कराई, बल्कि संरक्षक की भूमिका भी निभाई। इस रिपोर्ट के तहत 50 छोटे वेंचर कैपिटल से उनकी निवेश रणनीति के बारे में पूछा गया।

### कोरोना महामारी के चलते एयरबस को हुआ 1.3 अरब डॉलर का घाटा

पेरिस। कोरोना महामारी ने यूरोपीय विमान विनिमार्ता एयरबस को भी भारी नुकसान पहुंचाया है कंपनी ने कहा है कि महामारी के कारण विमानन क्षेत्र में अभूतपूर्व वैश्विक मंदी के चलते उसे 1.1 अरब यूरो (1.3 अरब डॉलर) का नुकसान हुआ, जबकि उसे 2021 में सैकड़ों विमानों की आपूर्ति करने और मुनाफे में आने की उम्मीद है। कंपनी के सीईओ गिलौम फाउरी ने गुरुवार को कहा कि पिछले साल कंपनी का प्रदर्शन उम्मीद से बहुत दूर था और लगातार यात्रा प्रतिबंधों के कारण विमानन उद्योग को विपरीत हालात का सामना करना पड़ा। एयरबस ने जून में अपने कर्मचारियों की संख्या में 15,000 की कटौती करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा, ्संकट अभी खत्म नहीं हुआ है। इसके साल भर बने रहने की आशंका है। एयरबस का अनुमान है कि उद्योग 2023-25 से पहले महामारी से पहले के स्तर पर शायद न पहुंच सके।

### सोना और चांदी नरम

मुंबई। सोने और चांदी में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिल रही है। सोना 140 रुपए की गिरावट के साथ 45986 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला है। पिछले सत्र में सोना 46126 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। एमसीएक्स पर इस समय सोने का भाव 45937 रुपए प्रति 10 ग्राम चल रहा है। वहीं चांदी शुक्रवार को 68000 रुपए प्रति किलो पर खुली है, जो इसके बंद भाव से 8494 रुपए कम है। पिछले सत्र में चांदी 68494 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी। एमसीएक्स पर इस समय चांदी का भाव 67637 रुपए प्रति किलो चल रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट प्रस्तावों में सोने और चांदी पर आयात शुल्क में भारी कटौती की घोषणा की थी। उन्होंने सोने और चांदी पर आयात शुल्क में 5 फीसदी की कटौती की है। फिलहाल सोने और चांदी पर 12.5 फीसदी आयात शुल्क चुकाना पड़ता है। कटौती के बाद अब सोने और चांदी पर सिर्फ 7.5 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी चुकानी होगी।

### शिवाजी जयंती पर मुद्रा बाजार बंद

मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के कारण शुक्रवार 19 फरवरी को घरेलू मुद्रा डेरिवेटिव बाजार बंद हैं। पिछले सत्र में विदेशी बाजारों में डॉलर की नरमी तथा घरेलू बाजार में विदेशी पूंजी का प्रवाह बने रहने के बीच गुरुवार को रुपया आरंभिक हानि से उबर कर डॉलर के मुकाबले नौ पैसे की तेजी के साथ 72.65 पर बंद हुआ।

### बिटकॉइन ने पार किया 52600 डॉलर का स्तर

मुंबई। दुनिया की प्रचलित क्रिप्टोकरेंसी बिटक्वाइन की कीमत नए रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गई है। इसका भाव 52640 डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पहले बिटक्वाइन की एक यूनिट की कीमत 50 हजार डॉलर के पार चली गई थी। करीब साल भर पहले इसकी एक यूनिट की कीमत 10 हजार डॉलर थी। इस महीने बिटक्वाइन की कीमत में 58 फीसदी उछाल आया है। हालांकि बिटक्वाइन में बड़ी उछाल के बीच कुछ विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि यह उछाल अनिश्चित हो सकती है। इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली अमेरिकी कंपनी टेस्ला समेत कई कंपनियों ने बिटक्वाइन को डिजिटल करेंसी के तौर पर मंजूरी दे दी है। टेस्ला के अलावा दिग्गज इंश्योरेंस कंपनी मास-म्यूचुअल, ऐसेट मैनेजर गैलेक्सी डिजिटल होल्डिंग, ट्विटर के सीईओ जैक डोरसी की पेमेंट कंपनी स्क्वॉयर ने भी बिटक्वाइन में बड़ा निवेश किया है, जिसके कारण इसकी कीमतें आसमान छू रही हैं।

# मंत्री ने बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के आचारण को लेकर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी कंपनियों समेत बड़ी प्रौद्योगिकी इकाइयों के आचरण को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी नीतियों को संरक्षित करना चाहेगा। मंत्री ने इस बात पर चिंता जताई कि ये कंपनियां के देश के कानून का पालन नहीं करना चाहती हैं।



भारत अमेरिका के साथ डिजिटल कारोबार के क्षेत्र में रिश्तों को आगे बढ़ाने को लेकर गंभीर है लेकिन हम आंकड़ों की निजता के मामले में भारत के लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को लेकर सजग हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस बात को लेकर चिंतित है कि बड़ी कंपनियों के पास भारतीय नागरिकों के बहुत सारे आंकड़े हैं और वे उन आंकड़ों का उपयोग प्रायः अपने विभिन्न क्षेत्रों में करते हैं। मंत्री ने अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह अहम है कि बड़ी अमेरिकी कंपनियों को भारत और उसके कानून के पालन को लेकर जवाबदेह बनाने के लिए यूएसआईबीसी जैसे संगठन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं, अगर ऐसा नहीं होता है तो डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने में यह बाधा बन सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने अपने आदेश पर ट्विटर द्वारा कार्रवाई करने में देरी को लेकर सवाल उठाए हैं। इस लिहाज से मंत्री का बयान महत्वपूर्ण है।

## इंडसइंड बैंक को प्रवर्तकों से 2,021 करोड़ रुपये का पूंजीगत लाभ





**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह के इंडसइंड बैंक को तरजीही वारंट को इक्विटी शेयरों में बदलने के बाद प्रवर्तकों से 2,021 करोड़ रुपये की पूंजी मिली है। इंडसइंड बैंक ने बताया कि वारंट जुलाई 2019 में भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड के साथ विलय के तहत जारी किए थे।

प्रवर्तक संस्थाओं ने वारंट जारी किए जाने के वक्त 673 करोड़ रुपये का भुगतान किया था और आज 2,021 करोड़ रुपये की शेष राशि का भुगतान किया गया। ये प्रवर्तक संस्थाएं - इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) और इंडसइंड लिमिटेड हैं। बैंक की वित्त समिति ने गुरुवार को प्रवर्तक संस्थाओं को 1,57,70,985 शेयरों के आवंटन को मंजूरी दी।

## भारत और श्रीलंका के बीच नहीं हुआ है तेल टैंक सौदा समाप्त, भारतीय उच्चायोग ने दिया बयान

**कोलंबो।** भारतीय उच्चायोग ने श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री के उस बयान को खारिज किया है कि त्रिंकोमाली (श्रीलंका) मेंतेल टैंकों को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन को पट्टे पर देने का द्विपक्षीय करार समाप्त कर दिया गया है। ये तेल टैंक दूसरे विश्व युद्ध के जमाने के हैं। एक बयान में उच्चायोग ने कहा, ह्यह्यकुछ मीडिया में आयी खबरों में कोई सचाई नहीं है कि भारत और श्रीलंका के बीच संयुक्त रूप से त्रिंकोमाली में ह्यअपर टैंक फार्मह्न को विकसित करने और चलाने के समझौते को खत्म कर दिया गया है।



श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री उदय गम्मनपिला ने बुधवार को घोषणा की थी कि श्रीलंका पूर्वी बंदरगाह जिला त्रिंकोमाली में आईओसी (इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन) को पट्टे पर दिए गए दूसरेविश्व युद्ध के दौर के तेल भंडारण के 99टैंकों को वापस लेगा। उन्होंने कहा था कि भारती उच्चायोग के साथ इस संदर्भ में बातचीत रविवार को हुई। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि मीडिया रिपार्ट में 17 फरवरी, 2021 के कार्यक्रम में दिये गये मंत्री के बयान को सही तरीके से नहीं दिया गया। मंत्री ने बृहस्पतिवार को स्वयं इस मामल में चीजों को साफ कर दिया है। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि टैंकों का परिचालन श्रीलंका सरकार की इकाई द्वारा भारतीय भागीदार के साथ संयुक्त रूप से किया जाएगा।

## एमेजान पर बैन लगाने की उठी मांग, गंभीर गड़बड़ी के लगे हैं आरोप

**नई दिल्ली।** कई तरह की गंभीर गड़बड़ियों वाले कथित खुलासे वाली एक रिपोर्ट के बाद अब ई-कॉमर्स कंपनी एमेजॉन पर भारत में बैन लगाने की मांग की जा रही है। खुदरा व्यापारियों के संगठन कन्फडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने एमेजॉन के भारतीय कारोबार पर रोक लगाने की मांग की है।





गौरतलब है कि एक खास रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ था कि एमेजॉन कई साल से अपने भारतीय प्लेटफॉर्म पर कुछ खास विक्रेताओं को तरजीह देती है और उनका इस्तेमाल भारत के सख्त विदेशी निवेश मानकों से बचने के लिए कर रही है।

रिपोर्ट में एमेजॉन पर कई गंभीर आरोप है। ऐजंसी ने साल 2012 से 2019 के बीच जारी एमेजॉन के आंतरिक दस्तावेजों को हासिल कर यह बताया है कि सरकार ने जब भी छोटे कारोबारियों के हितों की रक्षा के लिए नए अंकुश लगाए, एमेजॉन ने अपने कॉरपोरेट ढांचे में बदलाव कर लिया। इसके अनुसार साल 2019 में एमेजॉन की भारत में होने वाली बिक्री में 35 फीसदी हिस्सा सिर्फ दो विक्रेताओं का था। इन कंपनियों में एमेजॉन की सीधी हिस्सेदारी है।' इसके मुताबिक एमेजॉन के 4 लाख विक्रेताओं में से सिर्फ 35 सेलर्स की इसकी कुल ऑनलाइन बिक्री में करीब दो-तिहाई हिस्सेदारी है। नियमों के मुताबिक एमेजॉन बिक्री करने वाली कंपनी में खुद हिस्सेदारी नहीं ले सकती और इस तरह से कुछ कंपनियों या विक्रेताओं की मोनोपॉली भी नहीं रखी जा सकती। करीब 8 करोड़ खुदरा दुकानदारों से जुड़े होने का दावा करने वाली कैट ने एक बयान में कहा, ऐजेंसी के खुलासे काफी स्तब्ध करने वाले हैं और यह इस बात के लिए काफी हैं कि भारत में एमेजॉन के कारोबार पर तत्काल रोक लगाई जाए।' कैट ने वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण मसले पर तत्काल कार्रवाई हो और एमेजॉन के भारतीय कारोबार को रोका जाए। एमेजॉन ने रिपोर्ट को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है।

एमेजॉन ने कहा कि यह रिपोर्ट 'निराधार, अपूर्ण तथा तथ्यात्मक रूप से अशुद्ध है। एमेजॉन भारतीय कानूनों का अनुपालन करती है।' गौरतलब है कि फॉरेस्टर रिसर्च के अनुसार, एमेजॉन की साल 2019 में भारत में बिक्री करीब 73,000 करोड़ रुपये की थी।

## एशियाई बाजार में कमजोर कारोबार

**मुंबई।** एशियाई बाजारों में कमजोरी देखने को मिल रही है। एसजीएक्स निफटी 50 अंक नीचे दिख रहा है।



वहीं निक्केई एक फीसदी से ज्यादा की तेजी के साथ 29,930 के आसपास दिख रहा है। स्ट्रेट टाइम्स में भी 0.83 फीसदी की तेजी नजर आ रही है।

वहीं ताइवान का बाजार 0.63 फीसदी की गिरावट के साथ 16,321.50 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

जबकि हैंगसेंग 0.42 फीसदी की कमजोरी के साथ 30,465.35 के स्तर पर नजर आ रहा है। वहीं कोस्पी में 1.36 फीसदी की गिरावट दिख रही है। शंघाई कम्पोजिट 0.46 फीसदी टूट कर 3,658.37 के स्तर पर नजर आ रहा है।


## पेट्रोल 32 पैसे और डीजल 35 पैसे तक बढ़ा

**मुंबई।** घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने शुक्रवार को लगातार 11वें दिन पेट्रोल और डीजल की कीमत में बढ़ोतरी कर दी है। दिल्ली में पेट्रोल 31 पैसे और डीजल 33 पैसे महंगा हो गया है। देश भर में पेट्रोल के दाम 27 पैसे से 32 पैसे तक बढ़ गए हैं और डीजल 32 पैसे से लेकर 35 पैसे तक बढ़ गए हैं। दिल्ली में 19 फरवरी को पेट्रोल और डीजल के दाम में बदलाव हुआ है। पेट्रोल के दाम 31 पैसे बढ़कर 90.19 रुपए में पहुंच गया है। इसी तरह डीजल के दाम 33 पैसे बढ़कर 80.60 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं। मुंबई में भी पेट्रोल के दाम 30 पैसे बढ़कर 96.62 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 35 पैसे बढ़कर 87.67 रुपए प्रति लीटर हो गए हैं।

कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 30 पैसे बढ़कर 90.41 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 33 पैसे बढ़कर 84.19 रुपए प्रति लीटर हो गए। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम 27 पैसे बढ़कर 92.25 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 32 पैसे बढ़कर 85.63 रुपए प्रति लीटर पहुंच गए।

इसी तरह बेंगलुरु में भी पेट्रोल के दाम 32 पैसे बढ़कर 93.21 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 35 पैसे बढ़कर 85.44 रुपए प्रति लीटर हो गए।

## आरबीआई ने ई-पेमेंट के नियम किए और कड़े





**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेमेंट सिक्योरिटी के नियमों को और कड़ा कर दिया है। इसकी वजह बढ़ रहे ऑनलाइन फ्रॉड हैं। आरबीआई ने डिजिटल पेमेंट के सिक्योरिटी कंट्रोल के मामले में बैंकों व अन्य रेगुलेटेड एंटिटीज को थर्ड पार्टी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले पेमेंट ऐप्स के लिए और जिम्मेदार बनाते हुए एक नया निर्देश जारी किया है। इसमें कॉमन मिनिमम स्टैंडर्ड्स रखे गए हैं। अब डिजिटल ट्रांजेक्शन के लिए थर्ड पार्टी ऐप्स का इस्तेमाल लेने वाले बैंकों को एस्क्रो में ऐप्स का सोर्स कोड भी रखना होगा।

हालांकि यह स्पष्ट नहीं है अभी कि ये केवल बैंक के उन प्रोपराइटरी ऐप्स पर लागू होगा, जिन्हें थर्ड पार्टी ने बनाया है या फिर सभी थर्ड पार्टी ऐप्स पर। आरबीआई के नए 21 पेज के मास्टर सर्कुलर के निर्देशों के मुताबिक अब बैंकों को अपने डिजिटल पेमेंट ऐप्स के सोर्स कोड के रिव्यू, वलनरेबिलिटी असेसमेंट और पेनीट्रेशन टेस्टिंग समेत सिक्योरिटी टेस्टिंग करनी होगी। ऐसा इसलिए ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि ऐप ट्रांजेक्शंस के लिए सुरक्षित हैं और डाटा की गोपनीयता व इंटीग्रिटी को बरकरार रखते हैं। सभी रेगुलेटेड एंटिटीज को अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय बैंक ने 6 माह का वक्त दिया है।

## हल्दीराम्स भारत में लेकर आया हेल्थ फूड्स कंपनी फ्यूचरलाइफ : लॉन्च की पौष्टिक खाद्य उत्पादों की श्रृंखला

**शिमला:** ग्लोबल फूड एंड ब्रेवरेज कंपनी, हल्दीराम्स भारत के शहरों में खान-पान की अच्छी आदतों को बढ़ावा देने के तेजी से बढ़ते ट्रेंड में अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज के दौर में सेहतमंद खान-पान के प्रति लोगों का रुझान बढ़ता जा रहा है। इस ट्रेंड से पता चलता है कि अब युवा पीढ़ी स्वास्थ्य और पोषण के लिए ज्यादा जागरूक हो गई है। अब युवा ज्यादा से ज्यादा गैर पारंपरिक खाद्य पदार्थों को रोजाना के भोजन में शामिल करने के लिए तैयार हैं। इसके व्यापक पोर्टफोलियो में उच्च गुणवत्ता वाले, पौष्टिक और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों का संयोजन किया गया है और इसे दुनिया भर में काफी सराहा गया है। अब भारत में फ्यूचरलाइफझ हल्दीराम्स के लिए मनपसंद पार्टनर बनकर उभरा है। फ्यूचरलाइफझ एक न्यूट्रिशनल फूड ब्रैंड है, जिसका लक्ष्य उपभोक्ता की सेहत को वास्तविक रूप से सुधारना और उन्हें फिट रखना है। दोनों कंपनियों ने 4 प्रॉडक्ट्स की नई रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है, जिसमें स्मार्टफूड, स्मार्टओट्स और एंशियंट ग्रेन्स, क्रंची ग्रेनोला तथा हाई प्रोटीन शामिल हैं।



लॉन्च के पहले चरण में यह प्रॉडक्ट्स प्रमुख राज्यों दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश और हिमाचल प्रदेश में उपलब्ध होंगे। उपभोक्ता हल्दीराम्स के रिटेल आउटलेट से यह प्रॉडक्ट्स खरीद सकते हैं या अमेजन, बिग बाजार, फ्लिपकार्ट, मिल्क बास्केट और ग्रोफर्स पर ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं।

हल्दीराम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. ए. के. त्यागी ने बताया, ह्लहल्दीराम्स में हम न सिर्फ यह देखते हैं कि भारत के लोगों को हेल्थ फूड्स में क्या पसंद है, पर इस समय लोगों का नए गैरपारंपरिक खाद्य पदार्थों की ओर बढ़ता हुआ रुझान भी देख सकते हैं। हम फ्यूचरलाइफ के साथ अपनी साझेदारी को लेकर समान रूप से उत्साहित हैं। हम उत्तर भारत के रिटेल स्टोर पर अपने प्रॉडक्ट की मार्केटिंग की ओर बड़ी बेताबी से देख रहे हैं ह्न

फ्यूचरलाइफझ के प्रबंध निदेशक मार्क बन ने इस अवसर पर कहा, ह्लहम भारत में प्रवेश करने के प्रति बेहद उत्साहित हैं। यह हमारे लिए नया मार्केट है और हमारी ग्लोबल इकॉनमी के लिए बेहद जरूरी है। पूरी दुनिया में हम हेल्थ फूड्स की ओर लोगों का झुकाव देख रहे हैं। अब उपभोक्ता अपने स्वास्थ्य और पोषण पर ज्यादा ध्यान देने लगे हैं। दुनिया भर में महामारी के दौरान वर्क फ्रॉम होम के बढ़ते ट्रेंड ने इन प्रॉडक्ट्स की डिमांड काफी बढ़ा दी है। हम इसी तरह का ट्रेंड भारत में देखते हुए भारत को अपने लिए महत्वपूर्ण बाजार के रूप में देख रहे हैं। क्योंकि हमारा विश्वास है कि यहां हमारे प्रॉडक्ट्स को लोग बड़ी मात्रा में अपनाएंगे। हमने इस प्रयास में मशहूर और प्रतिष्ठित इंडियन ब्रैंड हल्दीराम्स से साझेदारी की है। हम उत्तर भारत के बाजारों में अपना रिटेल नेटवर्क बढ़ाना चाहते हैं और उपभोक्ताओं की बढ़ती समझ का लाभ उठाना चाहते है। हम यह मानते हैं कि इस ट्रेंड से बाजार में बेहतर ढंग से पहुंच बनाने की हमारी क्षमता बढ़ेगी।

## नोकिया 3.4 की बिक्री का भारत में प्रारंभ सभी रिटेल और इ-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध

» मदरलैंड संवाददाता

शिमला। नोकिया फोन्स बनाने वाली कंपनी एचएमडी ग्लोबल ने नोकिया 3.4 की बिक्री भारत में आज से शुरू होने की घोषणा की है। इसमें फोर्ड, डस्क और चारकोल यह रंगों के विकल्प और 4 जीबी रैम + 64 जीबी रॉम उपलब्ध हैं। नोकिया 3.4 की सिफारिश की गयी सबसे अच्छी कीमत 11,999 रूपए है। देश भर के सभी बड़े रिटेल आउटलेट्स में और ऑनलाइन चैनल्स पर इसे खरीदा जा सकता है, जिनमें Nokia.com/com, अमेजन और फ्लिपकार्ट शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, जिओ पर नोकिया 3.4 ग्राहक 4,000 रुपयों के लाभ पा सकेंगे। इनमें 349 रुपयों के प्लान में प्रीपेड रिचार्ज पर 2,000 रुपयों का तत्काल कैशबैक और भागीदारों से 2,000 रुपयों के मूल्य के वाउचर शामिल हैं। नए और मौजूदा जिओ ग्राहक इस ऑफर का लाभ ले सकते हैं। यह ऑफर Nokia.com/phones पर की गई सभी खरीदारी के लिए उपलब्ध है।





नए क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 460 प्रोसेसर के साथ नोकिया 3.4 किफायती कीमत में प्रभावशाली परफॉर्मेंस प्रदान करता है। 6.39 '' (16.23 सेमी) एचडी + स्क्रीन के साथ यह नोकिया 3-सीरीज में पहला ऐसा फोन है जिसमें पंच-होल डिस्प्ले है जिससे आपको अतिरिक्त स्क्रीन स्पेस मिल, साथ ही इसमें ट्रिपल रियर कैमरा, अल्ट्रा-वाइड लेंस और एआई इमेजिंग भी है। इसकी बैटरी में दो दिनों तक काम करते रहने की क्षमता है। फोन के साथ तीन साल तक हर महीने सिक्योरिटी अपडेट्स और दो सालों तक सॉफ्टवेयर अपडेट्स की गारंटी दी जाती है।

नोकिया 3.4 में इंटीग्रेटेड गूगल पॉडकास्ट्स है, जिसमें आप अपने पसंदीदा शो सुन सकते हैं, सिर्फ आपके लिए की गयी सिफारिशों का आनंद ले सकते हैं, कॉमेडी, समाचार, व्यवसाय और अन्य विषयों के लोकप्रिय पॉडकास्ट्स ब्राउज कर सकते हैं।

## व्हाईटहैट जूनियर ने-क्रिएट विद मैथ पाठ्यक्रम के साथ विस्तार किया

WhiteHat Jr

**मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ।** अग्रणी एडटेक कंपनी, व्हाईटहैट जूनियर ने अपनी श्रृंखला का विस्तार करते हुए ह्यक्रिएट विद मैथह्न पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया है। यह पाठ्यक्रम उन अनेक विषयों में पहला है, जो कंपनी अगले कुछ महीनों में लॉन्च करने का लक्ष्य बना रही है। मौजूदा समय में भारत में व्हाईटहैट जूनियर के पास 11000 महिला अध्यापिकाओं का मजबूत समुदाय है, जो इसके प्रोपरायटरी प्लेटफॉर्म पर प्रतिदिन 40,000 से ज्यादा 1:1 लाईव ऑनलाईन कक्षाएं संचालित करती हैं।

व्हाईटहैट जूनियर के संस्थापक एवं सीईओ, करन बजाज ने बताया, क्रिएट विद मैथ के लॉन्च के साथ हमने एक अद्वितीय टेक-इनेबल्ड पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया है। यह एक तर्कसंगत कदम है क्योंकि हम हर बच्चे में पढ़ाई की रुचि विकसित करने के लिए अपने प्लेटफॉर्म को मजबूत कर रहे हैं।

## सैमसंग गैलेक्सी ए72 4जी के स्पेसिफिकेशन्स लीक

### ऑफिशल लॉन्च से पहले सामने आई कीमत

**नई दिल्ली।** साउथ कोरियाई कंपनी सैमसंग के नए स्मार्टफोन गैलेक्सी ए72 4जी के स्पेसिफिकेशन्स और कुछ तस्वीरें लीक हो गई हैं। सैमसंग गैलेक्सी ए72 को 4जी और 5जी वेरियंट में लॉन्च किए जाने की खबरें हैं। ऑफिशल लॉन्च से पहले सैमसंग के इस आने वाले फोन की कीमत भी सामने आ गई है। इतना ही नहीं, 5जी वेरियंट्स की जानकारी भी पहले लीक हो चुकी है।

हाल ही में सैमसंग गैलेक्सी ए72 5जी की तस्वीरें भी ऑनलाइन लीक हुई थीं जिससे हैंडसेट की डिजाइन का पता चला था। अब गैलेक्सी ए72 4जी के बारे में लीक में जानकारी सामने आई है। जर्मन ब्लॉग वीनफयूचर.डे ने कथित सैमसंग गैलेक्सी ए72 5जी के बारे में जानकारी सार्वजनिक की है। फोन को चार कलर में पेश किया जा सकता है। लीक तस्वीरों से इसका पता चला है। गैलेक्सी ए72 4जी में होल-पंच डिस्प्ले और क्वाड रियर कैमरा सेटअप होने का भी खुलासा हुआ है। कीमत की बात करें तो वीनफयूचर.डे के मुताबिक, सैमसंग गैलेक्सी ए72 4जी की कीमत 449 यूरो (करीब 39,600 रुपये) से शुरू होगी। हैंडसेट को 6 जीबी रैम व 128 जीबी स्टोरेज और 8 जीबी रैम व 256 जीबी स्टोरेज वेरियंट के साथ लॉन्च किया जा सकता है। बात करें कैमरे की तो सैमसंग गैलेक्सी ए72 4जी में क्वाड रियर कैमरा सेटअप होगा। फोन में 62 मेगापिक्सल प्राइमरी, 8 मेगापिक्सल सेकंडरी, 12 मेगापिक्सल अल्ट्रा-वाइड-ऐंगल और 2 मेगापिक्सल के चार सेंसर दिए जा सकते हैं। फोन में 32 मेगापिक्सल सेल्फी कैमरा दिए जाने की उम्मीद है।

सैमसंग गैलेक्सी ए72 4जी में इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर हो सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस फोन में यूएसबी टाइप-सी और 3.5 एमएम हेडफोन जैक जैसे कनेक्टिविटी ऑप्शन दिए जाएंगे। नई रिपोर्ट में आई जानकारी भी पहले आई लीक से मिलती है। सैमसंग गैलेक्सी ए72 4जी ऐंड्रॉयड 11 पर चलेगा। इसमें 6.7 इंच फुल एचडी+ सुपर एमोलेड डिस्प्ले हो सकती है। स्क्रीन का आस्पेक्ट रेशियो 20:9 होगा जिसका रिफ्रेश रेट 90 हट्र्ज.हो सकता है। फोन में ऑक्टा-कोर क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 720 जी प्रोसेसर के साथ 8 जीबी रैम व 256 जीबी इनबिल्ट स्टोरेज दी जा सकती है। स्टोरेज को माइक्रोएसडी कार्ड के जरिए बढ़ाया जा सकता है।

## केएफसी इंडिया ने लॉन्च की वैल्यू बर्गर्स की नई रेंज





**मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ।** अंतरिक्ष यात्रा से लेकर, लोकप्रिय मैडम टुसॉड्स म्यूजियम तक : केएफसी के बर्गर्स हमेशा से मशहूर रहे हैं। अब केएफसी इंडिया अपने नए वैल्यू बर्गर्स की रेंज से प्रशंसकों को खुश करने के लिए तैयार है। सिर्फ 69 रुपये से शुरू होने वाले ये बर्गर्स शाकाहारी तथा चिकन वेरिएंट्स में उपलब्ध है। इन बर्गर्स में क्लासिक चिकन, क्लासिक वेज, स्पाइसी चिकन और स्पाइसी वेज जैसे विकल्प हैं। क्लासिक वेरिएंट में केएफसी का क्रिस्पी चिकन या वेज पैटी का स्वाद समाया है, साथ में, लैटस के ताजा पत्तों और तीखे डायनामाइट या क्रीमी मेयो के मेल से, इसे और भी स्वादिष्ट बनाया गया है। केएफसी ने बर्गर्स की एक स्पासी वैरायटी भी पेश की है। स्पाइसी बर्गर्स में चिकन और शाकाहारी दोनों ही वेरिएंट है, और साथ ही मनोरम श्रीररचा सॉस है। 69 रुपये से शुरू होने वाले ये बर्गर सही मायने में वैल्यू बर्गर्स है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# अंतिम दो टेस्ट मैचों के लिए बदले नहीं जाएंगे मैच अधिकारी: आईसीसी

**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले अंतिम दो टेस्ट मैचों के लिए मैच अधिकारी बदले नहीं जायेंगे। आईसीसी के अनुसार जवागल श्रीनाथ पूरी सीरीज में मैच रेफरी रहेंगे। वहीं अनिल चौधरी आईसीसी एलीट पैनल के अंपायर नितिन मेनन के साथ तीसरे डे-नाईट टेस्ट में शामिल होंगे जबकि वीरेंद्र शर्मा चौथे टेस्ट में मेनन के साथ मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे। आईसीसी ने इससे पहले कहा था कि वह पहले दो टेस्ट मैचों में चौधरी और शर्मा के




प्रदर्शन का आंकलन करना चाहता था जिसके कारण ही मैच अधिकारियों की घोषणा में विलंब हुआ। चौधरी ने पहले टेस्ट में मैदान पर अच्छा प्रदर्शन किया पर उन्होंने दूसरे टेस्ट में तीसरे अंपायर की भूमिका के दौरान एक गलती कर दी थी जिसके कारण उन्हें हटाये जाने की बातें कही जा रहीं थीं। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 24 फरवरी से गुलाबी गेंद से खेला जाएगा जबकि दोनों टीमों के बीच चौथा और अंतिम टेस्ट चार मार्च से होगा। यह दोनो ही मैच अहमदाबाद के सरदार पटेल स्टेडियम में खेले जाएंगे। अगले दो टेस्ट के लिए मैच अधिकारी इस प्रकार हैं : तीसरा टेस्ट : नितिन मेनन, अनिल चौधरी (मैदानी अंपायर), सी शमशुद्दीन (तीसरे अंपायर), के एन आनंथापदमानभान (चौथे अंपायर) और जवागल श्रीनाथ (मैच रेफरी) चौथा टेस्ट : नितिन मेनन, वीरेंद्र शर्मा (मैदानी अंपायर), अनिल चौधरी (तीसरे अंपायर), सी शमशुद्दीन (चौथे अंपायर) और मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ।

# कोरोना वैक्सीन लेने वाली पहली टीम बनी बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के सभी खिलाड़ियों के साथ ही सहयोगी स्टाफ को भी कोरोना का टीका लग गया है। इस प्रकार कोरोना वैक्सीनेशन वाली वह पहली टीम बन गयी है। बांग्लादेश की टीम को अगले सप्ताह होने वाले न्यूजीलैंड दौरे से पहले यह टीका लगाया गया है। तमीम इकबाल सहित कई खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को कोरोना वैक्सीन दी गई। सबसे पहले सलामी बल्लेबाज सौम्य सरकार को टीका लगाया गया। इसके बाद तमीम इकबाल , मेहदी हसन , मोहम्मद नईम और तस्कीन अहमद ने टीका लगवाया। इसके बाद कोच सहित सपोर्ट स्टाफ को टीका लगाया गया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के डायरेक्टर जलाल यूनुस ने भी इस दौरान टीका लगवाया। टीका लगाने के बाद तमीम ने कहा कि टीका सभी के लिए जरूरी है। इससे डर को दूर किया जा सकेगा। इस महीने बांग्लादेश सरकार ने टीकाकरण का कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत अब तक 10 लाख से अधिक लोगों को टीका लगाया गया है। बांग्लादेश टीम को अपने न्यूजीलैंड दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मुकाबले खेलने हैं। वनडे के मुकाबले 20, 23 और 26 मार्च को खेले जाएंगे। वहीं टी20 के मैच 28 मार्च, 30 मार्च और 1 अप्रैल को खेले जाएंगे। टीम 24 फरवरी को न्यूजीलैंड दौरे के लिए रवाना होगी। पितृत्व अवकार पर रहने के कारण अनुनभवी खिलाड़ी शाकिब अल हसन इस दौरे पर नहीं जाएंगे। आंकड़ों पर नजर डालें तो बांग्लादेश टीम का न्यूजीलैंड में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और उसे अबतक एक भी मुकाबले में जीत नहीं मिली है। ऐसे में टीम का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर जीत दर्ज करना रहेगा।

# शाहरुख को टीम में शामिल कर उत्साहित है पंजाब किंग्स

**चेन्नै ।** तमिलनाडु के उभरते क्रिकेटर शाहरुख खान को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 14 वें सत्र के लिए खरीदकर पंजाब किंग्स टीम उत्साहित है। शाहरुख को नीलामी में 5.25 करोड़ रुपये में खरीदा गया है।

उन्हें पंजाब किंग्स फ्रैंचाइजी ने अपनी टीम में शामिल किया। शाहरुख का आधारमूल्य केवल 20 लाख रुपये था पर उन्हें टीम में शामिल करने के लिए होड़ मची थी। उन्हें उनके आधारमूल्य से कई गुना अधिक कीमत पर खरीदा गया। इस दौरान रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स ने जमकर बोली लगायी पर अंत में पंजाब किंग्स ने






बाजी मार ली। पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीतिं जिंटा भी शाहरुख को अपनी टीम में शामिल करने से बेहद खुश हैं।

इससे पहले साल 2020 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शाहरुख ने शानदार खेल दिखाया था। इसके बाद भी उन्हें गत वर्ष कोई खरीदार नहीं मिला था हालांकि इस साल इस ऑलराउंडर ने काफी अच्छा खेल खेला। इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने चार मैचों में 220 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। शाहरुख का लिस्ट ए करियर 2014 में शुरू हुआ। साल 2013-2014 इस खिलाड़ी ने विजय हजारे ट्रॉफी में तमिलनाडु की ओर से खेला था।

## राउ क्रिकेट क्लब ने लकी स्पोर्ट्स को 8 विकेट से हराया

**इन्दौर ।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की स्मृति में आयोजीत टी-20 बी-ग्रेड मोयरा ट्रॉफी क्रिकेट स्पर्धा में राउ क्रिकेट क्लब ने लकी स्पोर्ट्स को आसानी से 8 विकेट से पराजित किया। नेहरू स्टेडियम में खेली जा रही इस स्पर्धा में आज खेले गए मुकाबले में लकी स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 129 रन बनाये। हेमंत यादव ने 47 गेंदों पर 54 रनों की पारी खेली। श्याम ने 2 विकेट लिए। जबाव में राउ के कप्तान पवन पटेल ने 30 गेंदों पर 62 रनों की उम्दा पारी खेल कर लक्ष्य को 11 ओवर में 2 विकेट खोकर हांसिल करवा दिया। पवन पटेल को मैन आफ द मैच से नौशाद अली ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भूषण वर्मा, आशीष शर्मा, अमित मेलान व सचिन सावनेर मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका जाना चाहते हैं श्रीलंकाई क्रिकेटर

कोलंबो । श्रीलंकाई क्रिकेट को झटका लग सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश के कई क्रिकेटर खेल को लेकर बने हालातों से खुश नहीं हैं और देश छोड़ने का विचार कर रहे हैं। इनमें से कुछ क्रिकेटर तो राष्ट्रीय टीम तक का हिस्सा रहे हैं। जबकि कुछ फर्स्ट क्लास क्रिकेटर भी हैं। अपनी ही धरती पर इंग्लैंड के हाथों मिली हार के बाद अब श्रीलंका के कई क्रिकेटरों के देश छोड़ने की आशंका बढ़ गई है। इससे श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) भी परेशान है। ये खिलाड़ी टीम में अवसर नहीं मिलने के साथ ही पर्याप्त वेतन नहीं मिलने के कारण भी देश छोड़ना चाहते हैं। इस प्रकार से नाराज क्रिकेटर अमेरिका में बसने पर विचार कर रहे हैं, जहां वे अमेरिकी क्रिकेट के लिए खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में उपुल थरंगा जैसे कम से कम 15 खिलाड़ियों के नाम हैं, जो अगले महीने तक अमेरिका का रुख करने की तैयारी में हैं। पिछले महीने ही ऑलराउंडर शेहान जयसूर्या के अमेरिका जाने के फैसले के बाद अब अन्य क्रिकेटर भी इसी रास्ते को अपनी भविष्य के लिए बेहतर मान रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक ऐसे ही क्रिकेटर ने कहा है कि देश में उनके लिए कोई भविष्य नहीं है और इसलिए अमेरिका जा रहे हैं, जो दुनिया के अलग-अलग देशों के क्रिकेटरों को मिलाकर एक नई टीम तैयार करना चाह रहा है। इस खिलाड़ी के मुताबिक, क्रिकेट बोर्ड के पैसा घटाने और अनुबंध न बढ़ाने से हालात खराब हुए हैं।

### हाशिमोतो बनी टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति की नई अध्यक्ष

टोक्यो । सीको हाशिमोतो आगामी टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति की नई अध्यक्ष बनी हैं। हाशिमोतो ने चार बार शीतकालीन और तीन बार ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भाग लिया है। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति के प्रधान कार्यकारी बोर्ड की बैठक के बाद 56 वर्षीय हाशिमोतो को आयोजन समिति का अध्यक्ष चुना गया। वह पूर्व अध्यक्ष मोरी के इस्तीफे के बाद यह पद संभाल रही हैं। इससे पहले मोरी ने महिलाओं को लेकर टिप्पणी के कारण हुए विरोध के बाद पद छोड़ दिया था। हाशिमोतो प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा की कैबिनेट में ओलंपिक मंत्री पद पर है। उनके पास लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण से जुड़ा विभाग भी है। उन्होंने तीन ग्रीष्मकालीन ओलंपिक (1988, 1992 और 1996) तथा चार शीतकालीन ओलंपिक (1984, 1988, 1992 और 1994) में हिस्सा लिया था। उन्होंने 1992 में स्पीडस्केटिंग में 1500 मीटर में कांस्य पदक जीता था। यह ओलंपिक में उनका एकमात्र पदक है। हाशिमोतो का ओलंपिक के साथ विशेष रिश्ता है। उनका जन्म तोक्यो ओलंपिक 1964 के उद्घाटन समारोह से पांच दिन पहले उत्तरी जापान के होकाइदो में हुआ था। उनका नाम 'सीको' सीका से लिया गया है जिसका अर्थ ओलंपिक मशाल होता है।

### बिल्लाबोंग ओपन फुटबाल लीग : एलीट ग्लाईडर्स, फिनिक्स, पुलिस ब्वायज, एवरेस्ट एफसी की जीत

भोपाल/इन्दौर । यंग नवाब्स एफसी, कडीपीएस एफसी, अरेरा एफसी और ब्ल्यू ब्लास्टर्स ने बिल्लाबोंग ओपन फुटबाल प्रतियोगिता में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। स्पर्धा बिल्लाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल, नीलबड़ (भोपाल) में खेली जा रही है। प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज के पहले मुकाबले में यंग नवाब्स एफसी ने बीयू एफसी को थोडा संघर्ष के पश्चात 3-1 से हराया। विजेता टीम से वालिद ने 2 शानदार गोल दागे जबकि अरहम ने 1 गोल किया। बीयू एफसी से आशीष ने टीम का एकमात्र गोल स्कोर किया। दूसरे मुकाबले में केडीपीएस एफसी ने कश्मकश्पूर्ण मुकाबले में टीटी नगर स्टेडियम एफसी को 2-1 से हरा दिया। मध्यांतर इसी स्कोर पर हुआ। दोनों टीमों ने दूसरे हाफ में गोल करने के कई प्रयास किये, लेकिन गोल नहीं कर सके। केडीपीएस से प्रभाष ने 1 गोल किया। सेल्फ गोल के माध्यम से दूसरा गोल केडीपीएस को मिला। स्टेडियम की ओर से निखिल पटेल से गोल किया। शाश्वत, दर्शित, आदित्य व देवेन्द्र के एक-एक गोल की मदद से अरेरा एफसी ने अजटेक्स एफसी को 4-0 से धो डाला। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर रही। दूसरे हाफ में अरेरा एफसी के खिलाडियों से तेजतर्रार खेल का प्रदर्शन करते हुए निरंतर विपक्षी टीम के गोलपोस्ट पर आक्रमण किये। दिन के अंतिम मुकाबले में ब्ल्यू ब्लास्टर्स के उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शाहपुरा एफसी को 6-1 से शिकस्त दी। राजीव ने 3, विक्रम ने 2 व सलमान ने टीम के लिए 1 गोल किया। पराजित शाहपुरा एफसी से दिव्यांश ने टीम के लिए सांत्वना गोल दागा। मध्यांतर तक विजेता टीम 2-0 से आगे थी।

# आईपीएल आयोजन स्थलों पर अभी तक नहीं हुआ है फैसला : लक्ष्मण

**चेन्नई ।** सनराइजर्स हैदराबाद के मेंटॉर वीवीएस लक्ष्मण ने कहा है कि आईपीएल के 14 वें सत्र का आयोजन कहां होगा यह अभी तक तय नहीं हुआ है। पूर्व बल्लेबाज लक्ष्मण के अनुसार अब तक इस मामले में बीसीसीआई ने किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी है हालांकि यह तय है कि आयोनज देश में ही होगा। कोरोना महामारी के हालातों को देखते हुए बीसीसीआई विभिन्न विकल्पों पर विचार करने के बाद ही कोई अंतिम फैसला लेगा। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि आईपीएल एक हाई-प्रोफाइल टूनामेंट है और इससे विभिन्न हितधारक जुड़े हैं इसलिए सभी का ध्यान रखते हुए ही कोई फैसला लेना होगा। इससे पहले चेन्नई में गुरुवार को हुई नीलामी में सभी टीमों ने हिस्सा लिया था। इस दौरान कुल 292



खिलाड़ियों की बोली लगाई गई थी। वहीं करोना के कारण गत वर्ष आईपीएल का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के तीन शहरों-अबू धाबी, दुबई और शारजाह मे किया गया था। इस दौरान दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गयी थी हालांकि बीसीसीआई ने इसके बाद भी आईपीएल से 4000 करोड़ रुपये से भी अधिक की कमाई की थी।

# अर्जुन तेंडुलकर ने मुंबई इंडियंस का आभार जताया

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 14 वें सत्र में खेलने का अवसर पाने से उभरते तेज गेंदबाज अर्जुन तेंदुलकर बेहद उत्साहित हैं। अर्जुन महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे हैं। अर्जुन पहली बार आईपीएल नीलामी में शामिल हुए थे और उन्हें 20 लाख रुपये के आधारमूल्य पर ही मुम्बई इंडियंस ने खरीदा है।



नीलामी से पहले ही अर्जुन को जगह मिलना तय माना जा रहा था। अर्जुन का सफर आसान नहीं रहा है।वह भारतीय टीम के लिए नेट्स में गेंदबाजी करते रहे हैं। वह गत वर्ष मुंबई इंडियंस के साथ यूएई भी गए थे। अर्जुन ने एक वीडियो के जरिए मुंबई इंडियंस की टीम का आभार व्यक्त किया है। मुंबई इंडियंस के ट्विटर हैंडल पर शेयर किए गए एक वीडियो में अर्जुन ने कहा, 'बचपन से ही मैं मुंबई इंडियंस का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। मैं इसके बाद कोच, टीम मालिकों और सपॉर्ट स्टाफ का मुझमें भरोसा करने के लिए शुक्रिया अदा करना चाहूंगा।' बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर ने साथ ही कहा, 'मैं मुंबई पल्टन की टीम का हिस्सा बनने से बेहद खुश हूं हूं और ब्लू गोल्ड जर्सी पहनने का इंतजार कर रहा हूं।'

# एक बार फिर आईपीएल खेलते नजर आयेंगे पुजारा

**नई दिल्ली ।** बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को आंखिरकार आईपीएल में फिर खेलने का अवसर मिल ही गया। पुजारा को चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने उनके आधारमूल्य 50 लाख में ही खरीदा है। इसी के साथ ही सात साल के बाद पुजारा आईपीएल में खेलते हुए नजर आयेंगे। पुजारा ने अंतिम बार साल 2014 में आईपीएल खेला था। उन्होंने साल 2008 और 2014 में तीन टीमों किंग्स इलेवन पंजाब, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी( और कोलकाता नाइटराइडर्स



(केकेआर) की ओर से खेला है। उन्होंने अंतिम टी20 मुकाबला मार्च 2019 में सौराष्ट्र की ओर से गोवा के खिलाफ खेला था। पुजारा ने पहली बार आईपीएल में 2010 में केकेआर की ओर से खेला है। फिर 2011-13 में बेंगलुरू में शामिल रहे थे। साल 2014 में पंजाब ने उन्हें अवसर दिया पर अगले साल ही छोड़ दिया। इसके बाद किसी भी आईपीएल टीम ने पुजारा में रुचि नहीं दिखाई। पुजारा ने कुल 30 टी20 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान एक अर्धशतक भी लगाया है। इसमें 21 की औसत से 390 रन बनाए हैं। इस दौरान स्ट्राइक रेट लगभग 100 का था। कम स्ट्राइक रेट कम होने के कारण ही उन्हें टी20 में इतने कम अवसर मिले हैं। पुजारा के ओवरऑल टी20 करियर की बात की जाए तो उन्होंने 64 मुकाबले खेले हैं। जिसमें 29 की औसत से 1356 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट लगभग 109 का है। एक शतक और 7 अर्धशतक लगाए हैं।

# ओलंपिक मशाल रिले हो सकती है रद्द

**टोक्यो ।** आगामी टोक्यो ओलंपिक की मशाल रिले रद्द हो सकती है। पश्चिमी जापान के एक प्रांत के गवर्नर ने टोक्यो ओलंपिक से पहले अपने क्षेत्र में होने वाली ओलंपिक मशाल रिले को रद्द करने के संकेत दिये हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार शिमेन प्रांत के गवर्नर तात्सुया मारुयामा मशाल रिले के दौरान कोविड-19 को रोकने के उपायों से नाराज बनाये जा रहे हैं। यह मशाल रिले मई में इस प्रांत से होकर गुजरेगी। गवर्नर ने कहा, ''हम केंद्रीय और टोक्यो मेट्रोपोलिटन सरकारों के कोरोना वायरस को रोकने के उपायों से खुश नहीं हैं।''

मशाल रिले 25 मार्च को उत्तरपूर्वी जापान में शुरू होगी और उसके बाद देश के विभिन्न हिस्सों से गुजरकर 23 जुलाई को उद्घाटन समारोह में पहुंचेगी। इस रिले में 10,000 धावकों के भाग लेने की संभावनाएं हैं।

# मुख्यमंत्री ने अमरकंटक में गायत्री और सावित्री तालाबों का किया निरीक्षण



भोपाल । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पवित्र अमरकंटक नगरी के गायत्री और सावित्री तालाबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने गायत्री एवं सावित्री तालाबों सहित अमरकंटक क्षेत्र के अन्य तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अधिकारियों से कहा कि अमरकंटक क्षेत्र के सभी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कर स्वच्छ तथा सुंदर बनाया जाए। उन्होंने तालाबों का गहरीकरण करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नर्मदा नदी के उदगम स्थल में गाद निकालने का कार्य मानसून से पहले करवान को कहा। उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी का उदगम स्थल स्वच्छ और सुंदर हो और यहाँ जल-स्रोतों का प्रस्फुटन होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अमरकंटक नगर में अवैध रूप से बनाए गए होटलों की जानकारी भी कलेक्टर से तलब की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि अमरकंटक क्षेत्र में वृहद पौध-रोपण किया जाए। पौध-रोपण में साल के वृक्षों को प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर अनूपपुर चंद्र मोहन ठाकुर ने मुख्यमंत्री को नर्मदा नदी के सौंदर्य और जीर्णोद्धार के लिए की जा रही कार्यवाही की जानकारी दी।



इटली में अल्पाइन स्की में विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साहित स्विटजरलैंड की लारा बेहरामी।

# खजुराहो नृत्य समारोह 44 वर्ष बाद मंदिर प्रांगण में



**भोपाल ।** प्रमुख सचिव, संस्कृति एवं पर्यटन शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि विश्व-प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो में 20 से 26 फरवरी 2021 तक 'खजुराहो नृत्य समारोह-2021' का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों पर केन्द्रित यह देश का शीर्षस्थ समारोह है, जो राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त है। समारोह लगभग 44 वर्ष बाद एक बार फिर मंदिर प्रांगण की आभा बनेगा। यह भगवान की भक्ति और नृत्य का बेजोड़ संगम होगा। खजुराहो के 47वें नृत्य समारोह में देश एवं विश्व के विख्यात कलाकार अपनी नृत्य प्रस्तुतियाँ देंगे। यहाँ भारतीय नृत्य-शैलियों के सांस्कृतिक परिदृश्य एवं कला-यात्रा की प्रदर्शनी, भरतनाट्यम पर एकाग्र-नेपथ्य, ललित कलाओं का मेला-आर्ट मार्ट, संस्कृति के विभिन्न आयामों पर विमर्श-कलावार्ता, देशज कला परम्परा का मेला-'हुनर' के साथ-साथ कला, कलाकार एवं कला परम्परा पर केन्द्रित फिल्मों का उपक्रम-चलचित्र और टेराकोटा एवं सिरेमिक पर केन्द्रित कार्यशाला एवं प्रदर्शनी-समष्टि जैसे प्रमुख आयोजन भी होंगे। श्री शुक्ला ने बताया कि खजुराहो नृत्य समारोह की शुरूआत 1975 में मंदिर प्रांगण से ही हुई थी। आरंभ के दो-तीन वर्षों बाद ही इसे मंदिर प्रांगण में करने की अनुमति नहीं मिली। इसके परिणाम स्वरूप यह समारोह बाहर मैदान में किया जाने लगा। समारोह के आयोजक संस्कृति विभाग ने समारोह को मंदिर प्रांगण में कराने की कोशिशें लगातार जारी रखी और अंततः इस वर्ष सफलता मिली। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ आनंद ले पर्यटन का प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने बताया कि प्रदेश की संस्कृति पर्यटन का प्रमुख आधार है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ कला प्रेमी, पर्यटन का लुफ्त भी उठाएंगे। पर्यटन विभाग ने पर्यटकों के लिए क्षेत्र विशेष की संस्कृति, धरोहर, परंपराओं, रीति-रिवाजों और खान-पान से रू-ब-रू कराने के सारे आवश्यक इंतजाम किए हैं। समारोह के दौरान हेरिटेज वॉक्स, धुबेला संग्रहालय की बस यात्रा, ई-बाइक यात्रा, कैंपिंग, गाँव की सैर और जल क्रीड़ा जैसी रोचक गतिविधियों में हिस्सा लेने के साथ स्थानीय संस्कृति, कला और स्थानीय व्यंजनों के स्वाद से पर्यटक परिचित होंगे। - सभी कला प्रेमियों और पर्यटकों को सादर आमंत्रण प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने सभी कला प्रेमियों, पर्यटकों और आमजनों को वैश्विक स्तर के खजुराहो नृत्य समारोह का हिस्सा बनने के लिए सादर आमंत्रित किया है।

# एनटीआर ने एक बादशाह की तरह राजनीतिक मंच को बढ़ावा दिया: नायडू



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति, एम.वेंकैया नायडू ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय एन. टी. रामाराव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे अभिनेता-राजनेता एक ऐसी अभुतपूर्व घटना रहे हैं, जिन्होंने राजनीतिक मंच को बादशाह के जैसे आगे बढ़ाने का काम किया है। वरिष्ठ पत्रकार रमेश कंडुला द्वारा लिखित एक राजनीतिक जीवनी, 'विद्रोही मसीहा' नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि राजनीतिक पटल पर एनटीआर के आने के बाद राजनीतिक परिदृश्य में बहुत गहरा बदलाव देखा गया। उन्होंने कहा कि एनटीआर के मामले में वास्तविक रूप से 'शक्ति' लोगों के माध्यम से प्राप्त की जाती थी। उन्होंने कहा कि लेखक ने यह बिल्कुल सही बताया गया है कि एनटीआर द्वारा तत्कालीन संयुक्त आंध्र प्रदेश में राजनीतिक संस्कृति को नए सिरे से परिभाषित किया गया और एक नए राजनीतिक शैली की पटकथा लिखी गई। नायडू ने कहा कि एनटीआर वैकल्पिक राजनीति के शीर्ष अग्रदूतों में एक हैं। राजनीति में उनका प्रवेश और एक क्षेत्रीय पार्टी के रूप में लगभग नौ महीने के अंदर उनकी 'नाटकीय' रूप कीसफलता ने राष्ट्रीय राजनीति को एक नई दिशा प्रदान की है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनटीआर का उप-राष्ट्रवाद रचनात्मक था और उनके ब्रांड के क्षेत्रवाद ने भारत के बहुलवादी विचारधारा को मजबूती प्रदान की। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि संविधान के संघीय स्वरूप को मजबूती प्रदान करने के लिए उनकी लड़ाई और सरकार की कल्याणकारी भूमिकाओं सशक्त करने के लिए उन्होंने जो बल दियावह आज भारत में प्रासंगिक बना हुआ है जब देश में क्षेत्रीय आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि एनटीआर संघवाद और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के एक प्रभावी रक्षक के रूप में उभरकर सामने आए, जिन्हें इस देश में एकल पार्टी के रूप में लंबे समय तक पीड़ा का सामना करना पड़ा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वे राज्यों और केंद्र की शक्तियों के बीच उचित संतुलन बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। नायडू ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता के लिए एनटीआर का योगदान एक अग्रणी प्रयास रहा है। इस संदर्भ में उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र के लिए एक स्वस्थ, ठोस और रचनात्मक विपक्ष हमेशा ही प्रासंगिक रहेगा।

# आलिया भट्ट की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की मुश्किलें खत्म



मुंबई सिटी सिविल कोर्ट ने भंसाली प्रोडक्शंस, अभिनेता आलिया भट्ट और मुंबई के लेखक हुसैन जैदी के माफिया क्वींस के खिलाफ निरोधक आदेश की मांग करने वाले एक मुकदमे को खारिज कर दिया है, जिसकी पुस्तक पर फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी आधारित है। संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित फिल्म की मुख्य भूमिका में आलिया भट्ट हैं। मुकदमा बाबूजी शाह ने दायर किया था, जिन्होंने गंगूबाई काठियावाड़ी के दत्तक पुत्र होने का दावा किया था। गंगूबाई काठियावाड़ी को एक ऐसी महिला थी जो अपने साथी के साथ गुजरात से मुंबई आई थी, लेकिन उनके साथी ने ही उन्हें वेश्यावृत्ति के बाजार में बेच दिया था। पिछली शताब्दी के मध्य में, काठियावाड़ी ने कई अंडरवर्ल्ड अपराधियों के साथ संबंध बनाए और दक्षिण मुंबई के कुछ हिस्सों पर पकड़ बनाई। वह एक बड़े वेश्यालय की मालकिन बनीं और कहा जाता है कि उन्होंने मुंबई के रेड लाइट एरिया, कामठीपुरा में महिलाओं और अनाथों के उत्थान के लिए काम किया। 2011 में प्रकाशित, मुंबई के माफिया क्वींस नामक पुस्तक में काठियावाड़ी पर एक अध्याय था, जो बाबूजी शाह के अनुसार, उन्हें बदनाम करने वाला था, उनका आरोप था कि इससे उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल किया और उसकी मृतक मां की निजता और आत्मसम्मान के अधिकार का उल्लंघन किया। फिर उन्होंने पुस्तक के प्रकाशन और संचलन के खिलाफ निरोधक आदेश मांगा।

शाह ने उपरोक्त उपन्यास पर आधारित किसी भी फिल्म के प्रोमो के निर्माण, निर्देशन या प्रसारण करने वाले लेखकों और फिल्म निमार्ताओं के खिलाफ एक स्थायी निषेधाज्ञा मांगी थी।


अधिवक्ता नरेंद्र दुबे के माध्यम से दायर वाद में कहा गया है कि लेखक ने उपन्यास लिखने से पहले अनुमति या सहमति नहीं ली है और इसके अलावा उपन्यास पर आधारित एक फिल्म बना रहे है। बाबूजी शाह ने दावा किया कि काठियावाड़ी के बारे में उनसे या परिवार के किसी अन्य सदस्य से कोई जानकारी नहीं मिली है, जो स्वर्गीय काठियावाड़ी के एकमात्र कानूनी उत्तराधिकारी हैं।

# बिकिनी में दिशा पाटनी



अभिनेत्री दिशा पटानी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर साझा की हैं, जिनमें वह डार्क पिंक कलर की एक बिकिनी में पूल के किनारे खड़ी नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की गई इस तस्वीर में दिशा आंखें मूंदकर सूरज की ओर चेहरा किए दिखाई दे रही हैं। इस दौरान उन्होंने अपने बालों में जुड़ा बनाकर रखा है। अभिनेत्री ने इसे एक पिंक फ्लावर इमोजी का कैप्शन दिया है। खबर है कि आने वाले समय में दिशा 'राधे' में सलमान खान संग नजर आने वाली हैं। प्रभुदेवा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रणदीप हुड्डा भी नजर आएंगें। इसके अलावा, दिशा फिल्म 'एक विलेन 2' के साथ फिल्मकार मोहित सूरी संग फिर से काम करने जा रही हैं। ये दोनों साल 2020 में आई फिल्म 'मलंग' में साथ काम कर चुके हैं।

# नायरा बनर्जी को रोमांटिक सीन पसंद, वल्गर नहीं



टेलीविजन अभिनेत्री नायरा हाल ही में बनर्जी वेब सीरीज 'हैलो जी' में नजर आई हैं। इस सीरीज में वह एक फोन सेक्स ऑपरेटर की भूमिका में हैं। अपनी वेब सीरीज के बारे में नायरा ने कहा, 'मैंने बहुत सारी वेब सीरीज देखी हैं, जिनमें अनावश्यक अंतरंग दृश्य हैं। मैं बहुत स्पष्ट थी कि यह सीरीज (हैलो जी) ऐसी नहीं होनी चाहिए, जो सिर्फ सेक्स के बारे में और ऐसे दृश्य केवल तभी होने चाहिए, जब इसकी स्क्रिप्ट में मांग हो। 'हैलो जी' में, मैं एक फोन सेक्स ऑपरेटर हूं, लेकिन मैं कोई भी अनावश्यक अंतरंग दृश्य नहीं कर रहा हूं। मेरा मानना है कि अगर कोई दृश्य ऐसा है जिसे कथाकार न्यायोचित नहीं ठहरा सकता, तो एक कलाकार भी इससे अच्छे से प्रदर्शित नहीं कर सकता। इस तरह के दृश्यों को बेमतलब नहीं दिखाना चाहिए।' नायरा ने कहा कि 'आप किसी भी फिल्म में विस्तार से सेक्स दृश्य नहीं दिखा सकते, जब तक कि इसके लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कारक न हो और कहानी उस पर आधारित नहीं हो।

# फिल्ममेकर अनुराग कश्यप की बेटी को मिलती थीं दुष्कर्म की धमकी

## आलिया कश्यप ने वीडियो में सुनाया ट्रोलिंग का दर्द




**मुंबई।** सोशल माडिया पर ट्रोलिंग ऐसा टूल बन गया गया हो जिसका सामना करने वाला ही उसका दर्द बता सकता है। बॉलीवुड में भी कई हस्तियों को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। ट्रोलर्स के निशाने पर सेलेब्स ही नहीं कई बार उनके परिवार वाले भी आ जाते हैं। बॉलीवुड फिल्ममेकर अनुराग कश्यप अक्सर अपनी ट्वीट्स के चलते ट्रोल हो जाते हैं। अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। हाल ही में उन्होंने अंडर गारमेंट्स में अपनी तस्वीरें शेयर की थीं, जिसके बाद वह ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई। हाल ही में आलिया ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर कर बताया कि सोशल मीडिया पर इन ट्रोलर्स का सामना वह कैसे करती हैं। बॉलीवुड फिल्ममेकर अनुराग कश्यप और उनकी एक्स वाइफ आरती बजाज की बेटी आलिया कश्यप सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। एक बार फिर से ट्रोल होने के बाद हाल ही में उन्होंने यूट्यूब पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने ट्रोलिंग के दर्द के बया किया।

आलिया कश्यप ने कहा कि सोशल मीडिया नकारात्मकता एक ऐसी चीज है, जिसके बारे में मैं जानती हूं। उन्होंने कहा कि मैं बहुत ही संवेदनशील इंसान हूं। मैं नहीं जानती क्यों लेकिन छोटी से छोटी नफरत मुझको परेशान करती हैं। मैं संवेदनशील हूं, मैं लगभग हर दिन रोती हूं। लोग मुझसे कह रहे थे कि मुझे भारतीय होने पर शर्म आनी चाहिए और इस तरह से सामग्री पोस्ट नहीं करना चाहिए। लोग मुझे बलात्कार की धमकी दे रहे थे, मुझे वैश्या कह रहे थे, मुझसे पूछ रहे थे कि मेरी रेट क्या है, मुझे मेरे परिवार पर मौत का खतरा है।' आलिया ने आगे कहा, 'इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि ये लोग अपने फोन के पीछे छिपे हैं और ऐसा करने के लिए कुछ भी बेहतर नहीं है। मैं ईमानदारी से सबको ब्लॉक करती हूं। अगर मेरे किसी भी सोशल मीडिया पर दूर से नकारात्मक कुछ भी है तो मैं उन्हें ब्लॉक कर देती हूं क्योंकि मैं चाहती हूं कि मेरा सोशल मीडिया एक सकारात्मक प्लेटफार्म हो।

वीडियो में उन्होंने साफ किया कि बॉलीवुड में आने का उनका कोई प्लान नहीं है। उन्होंने कहा, मैं बॉलीवुड ग्लैमर के साथ नहीं बढ़ीं। मेरे पापा जो फिल्में बनाते हैं, वे बहुत कमर्शियल नहीं होतीं। मैं स्पष्ट रूप से अपने मम्मी-पापा को देखते हुए बड़ी हुई हूं। लेकिन मेरे लिए, ये सामान्य है। मैं इससे मोहित नहीं हुई हूं। मेरे लिए ऐसा नहीं है, ओह माय गॉड, यह बॉलीवुड है। मैं ये नहीं करना चाहती हूं, मैं इससे दूर रहने की कोशिश कर रही हूं।

# सोनिया राठी को खाना सर्व करते नजर आए सिद्धार्थ शुक्ला



**मुंबई।** बिग बॉस 13 के विनर सिद्धार्थ शुक्ला की वेब सीरीज 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3' से जुड़ी कुछ फोटोज सामने आई हैं। ऑल्ट बालाजी ने इस पॉपुलर वेब सीरीज के तीसरे सीजन की कुछ फोटोज को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इसमें सिद्धार्थ के साथ उनकी को-स्टार सोनिया राठी नजर आ रही हैं। एक फोटो में सिद्धार्थ, सोनिया को खाना सर्व करते दिखाई दे रहे हैं तो दूसरी तस्वीर में दोनों प्यार में डूबे हुए हैं। एक और फोटो है, जिसमें वो बाइक राइड करते दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि 'ब्रोकन बट ब्यूटीफुल' के पिछले दो सीजन में दो व्यक्तियों के बीच प्रेम कहानी को दिखाया गया है। इनकी मुलाकात बहुत अचानक होती है, लेकिन जल्द ही दोनों एक-दूसरे के सपोर्ट सिस्टम बन जाते हैं। अब इस शो के तीसरे पार्ट में सिद्धार्थ शुक्ला और सोनिया राठी फ्रेश जोड़ी को दिखाया गया है। इस शो का नया सीजन जल्द ही ऑल्ट बालाजी पर स्ट्रीम होगा। सिद्धार्थ शुक्ला ने भी इंस्टाग्राम पर इस वेब शो की कई फोटोज शेयर कर चुके हैं। दरअसल सिद्धार्थ के फैंस उनकी लव लाइफ पर बहुत ध्यान देते हैं। हाल में एक्टर ने शहनाज के साथ एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें वह शहनाज की चम्पी करते नजर आ रहे थे।

इसका वीडियो सामने आते ही ट्विटर पर हैशटेग सिदनाजचंपी ट्रेंड होने लगा था। बता दें कि सिद्धार्थ ने कुछ दिनों पहले ही पंजाबी गायिका-अभिनेत्री और बिग बॉस 13 की पूर्व कंटेस्टेंट का बर्थडे सेलिब्रेट किया था। शहनाज ने अपने जन्मदिन की पार्टी के पलों को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया था। इस पोस्ट में सिद्धार्थ को शहनाज स्विमिंग पूल में फेंकते नजर आए थे। इनके दो गाने भुला दूंगा और शोना शोना रिलीज हो चुके हैं, जबकि तीसरा जल्द ही आने वाला है।

# हवा में स्टंट करते नजर आई जैकलीन



बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने हवा में एक खतरनाक स्टंट किया है। हाल ही में अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह एक आइवरी करल की लियोटार्ड (स्किन टाइट सिंगल ड्रेस जो पूरे शरीर को कवर करती है) पहने हुए हैं। वह केवल एक कपड़े की मदद से हवा में लटकी हुई दिखाई दे रही हैं, वह भी यह कपड़ा उन्हें उनकी कमर के पास से सपोर्ट दे रहा है। इस फोटो के कैप्शन में उन्होंने लिखा कि 'ऊपर से नीचे।' अभिनय की बात करें तो अभिनेत्री ने 2009 में फिल्म अलादीन के साथ बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद उन्होंने हाउसफुल (2010), मर्डर 2 (2011), ढिशुम, जुड़वा 2 (2017), ब्रदर्स (2015), किक (2014) और रेस 3 जैसी फिल्मों में काम किया। वर्तमान में भी जैकलीन के बाद कई फिल्में हैं। वह आने वाले महीनों में अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म बच्चन पांडे, किक 2, भूत पुलिस और सर्कस में दिखाई देंगी।











